लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 16 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 330 www.janexpresslive.com/epaper





महाराष्ट्र के सरकारी विभागों और मंत्रालयों... 12


# सुप्रीम कोर्ट का वक्फ संशोधन पर रोक से इनकार

## पूरे वक्फ कानून पर रोक नहीं, 3 बदलावों पर स्टे, सेंट्रल वक्फ बोर्ड में 4 और राज्य में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम मेंबर बनाने पर रोक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने सोमवार को कानून में किए गए 3 बड़े बदलावों पर अंतिम फैसला आने तक स्टे लगा दिया। इनमें वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का नियम शामिल है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम मेंबर्स की संख्या 4 और राज्यों के वक्फ बोर्ड में 3 से ज्यादा न हो। सरकारें कोशिश करें कि बोर्ड में नियुक्त किए जाने वाले सरकारी मेंबर्स भी मुस्लिम कम्युनिटी से ही हों। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दाखिल 5 याचिकाओं पर 20 से 22 मई तक लगातार 3 दिन सुनवाई की थी। 22 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### ओवैसी समेत 5 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई

वक्फ (संशोधन) कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई की। इसमें सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल थी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी और राजीव धवन और केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए थे।



### वक्फ बनाने की शर्त

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के सेक्शन 3(र) के उस प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि कोई व्यक्ति वक्फ बनाने के लिए कम से कम 5 साल से मुसलमान होना चाहिए। अदालत ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें यह तय करने के लिए नियम नहीं बनातीं कि कोई व्यक्ति वास्तव में मुसलमान है या नहीं, तब तक यह प्रावधान लागू नहीं हो सकता, क्योंकि बिना नियम के यह मनमाने ढंग से इस्तेमाल किया जा सकता है।

### वक्फ की प्रॉपर्टी का वेरिफिकेशन

सुप्रीम कोर्ट ने सेक्शन 3सी से जुड़े प्रावधान यानी बदलाव पर रोक लगाई। यह धारा सरकारी अधिकारियों को वक्फ संपत्तियों की स्थिति तय करने का अधिकार देती थी। कोर्ट ने उस प्रावधान पर भी रोक लगाई, जिसमें कहा गया था कि किसी संपत्ति को वक्फ तभी माना जाएगा, जब सरकारी अधिकारी की रिपोर्ट में अतिक्रमण न होने की पुष्टि हो। धारा 3सी 3, जिसमें अधिकारी को संपत्ति को सरकारी जमीन घोषित करने और राजस्व अभिलेख बदलने का अधिकार था, उसे भी रोक दिया। धारा 3सी 4, जिसके तहत राज्य सरकार वक्फ बोर्ड को अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर रिकॉर्ड सुधारने का आदेश देती, उस पर भी रोक लग गई। कोर्ट ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के अधिकार तय करने का अधिकार देना सत्ता के विभाजन सेपरेशन ऑफ पावर्स के सिद्धांत के खिलाफ है, क्योंकि कार्यपालिका को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता। बेंच ने साफ किया कि जब तक किसी संपत्ति का मालिकाना हक वक्फ ट्रिब्यूनल सेक्शन 83 से तय नहीं हो जाता और उस पर हाई कोर्ट में अपील की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक वक्फ का मालिकाना और उसके रिकॉर्ड से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

### वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम

वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की भागीदारी पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रावधानों पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन कुछ सीमाएं तय कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में (20 में से) अधिकतम 4 और राज्य वक्फ बोर्ड में (11 में से) अधिकतम 3 गैर-मुस्लिम सदस्य ही रख सकते हैं। पहले इसमें अधिकतम सीमा तय नहीं थी।

### सीईओ की नियुक्ति

राज्य बोर्ड में सेक्शन 23 (सीईओ की नियुक्ति) को बरकरार रखते हुए कोर्ट ने कहा कि जहां तक संभव हो, सीईओ (जो बोर्ड का पदेन सचिव भी होता है) मुस्लिम समुदाय से ही नियुक्त किया जाए।

### वक्फ के रजिस्ट्रेशन

इस अनिवार्य प्रावधान में दखल देने से इनकार कर दिया, क्योंकि यह कोई नया नियम नहीं है और पहले भी 1995 व 2013 के कानूनों में मौजूद था।

### कब बना वक्फ कानून

वक्फ (संशोधन) अधिनियम इसी साल अप्रैल 2025 में पारित हुआ था. इसे भेदभाव, मनमानी शक्तियों और धार्मिक प्रबंधन में हस्तक्षेप के आधार पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा. मुस्लिम संगठनों और कई सांसदों ने इन चिंताओं को उठाया, जबकि सरकार का तर्क था कि ये बदलाव पारदर्शिता बढ़ाते हैं और संपत्ति के दुरुपयोग को रोकते हैं. अदालत की मौजूदा टिप्पणियां या व्यवस्थाएं फिलहाल अंतरिम हैं, बाध्यकारी नहीं हैं; प्रभावित पक्ष अधिनियम की वैधता को चुनौती देना जारी रख सकते हैं. आगे की सुनवाई अंतिम निर्णय के लिए निर्धारित है.

### 22 मई को सुरक्षित रख लिया था फैसला

सभी मुद्दे वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान उठे थे। चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने 22 मई को इन तीनों पर दोनों पक्षों की दलीलों को सुना था, जिसके बाद अंतरिम अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया गया था।

### पांच अप्रैल को राष्ट्रपति ने दी थी मंजूरी

केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया था। इससे पहले पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अधिनियम को मंजूरी दी थी। लोकसभा और राज्यसभा ने तीन और चार अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित किया था।



### जब कानून संसद में बनता है, तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता: रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संसोधन अधिनियम 2025 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने एक तरह से भारत की संसद के फैसले को बरकरार रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब काई कानून संसद में बनाया जाता है तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता। इसी बात पर आज सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है। कोर्ट के आदेश पर रिजिजू ने कहा, वक्फ संशोधन अधिनियम पर पूरी सुनवाई के बाद आज सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश का मैं स्वागत करता हूं। सुप्रीम कोर्ट पूरे विषय से वाकिफ है। मामले को बहुत विस्तार से प्रस्तुत किया गया। सरकार की ओर से हमारे सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में अधिनियम के प्रावधानों और उसकी मंशा और सरकार की सोच को विस्तार से प्रस्तुत किया है। मेरा मानना है कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने जो भी फैसला दिया है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत अच्छा संकेत है, क्योंकि जब कोई भी कानून संसद में बनता है, तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता और इसी बात पर आज सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है। मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संतुष्ट हूं और क्योंकि यह देश की सर्वोच्च अदालत है, इसलिए जब भी सुप्रीम कोर्ट से कोई फैसला आता है, उसका प्रभाव पड़ता है, और एक तरह से भारत की संसद के फैसले को बरकरार रखा गया है। हम एक प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के मामले को देखेंगे और नियमों में क्या शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वक्फ अधिनियम के प्रावधान पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए लाभकारी हैं। नये कानून से अब वक्फ बोर्ड के माध्यम से संपत्ति के अतिक्रमण सहित दुरुपयोग को रोका जा सकेगा। इससे गरीब मुस्लिम भाइयों और महिलाओं सहित पूरे मुस्लिम समुदाय को लाभ होगा। सरकार ने विधेयक के पीछे के सभी तथ्य और तर्क सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिए हैं। इससे पहले विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में बोलते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि विश्वविद्यालय का नया पाठ्यक्रम भारत के सांस्कृतिक विरासत में निहित उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखेगा। देश 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए सही रास्ते पर है। उन्होंने विश्वविद्यालय से इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। भारत हमेशा से सभी को गले लगाने वाला एक समावेशी समाज रहा है।

### वक्फ संशोधन अधिनियम पर एससी के आदेश पर मौलाना फरंगी महली का बयान, बोले, आशा है अंतिम निर्णय राहत वाला होगा



वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राजधानी लखनऊ में ईदगाह इमाम और AIMPLB सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग थी कि पूरे अधिनियम पर रोक लगाई जाए, लेकिन कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। हालांकि, कोर्ट ने कई प्रावधानों पर रोक लगाई है। हम कुछ प्रावधानों पर रोक का स्वागत करते हैं। जैसे कि जो व्यक्ति वक्फ करना चाहता है, उसे कम से कम पांच साल तक प्रैक्टिसिंग मुस्लिम होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि सीईओ मुस्लिम समुदाय से होना चाहिए। धारा तीन और चार पर रोक स्वागत योग्य कदम है। हमें उम्मीद है कि जब भी अंतिम निर्णय आएगा, हमें सौ फीसदी राहत दी जाएगी।

# सीएम का जनता दर्शन

## रायबरेली से पहुंचे मरीजों को तुरंत भर्ती कराने के दिए निर्देश, बच्चों को दुलारा



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भर से आये हर पीड़ित के पास पहुंचे, शिकायतें सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। %जनता दर्शन% में 50 से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। रायबरेली से आये किडनी व हर्ट के मरीज को सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया के एक युवक भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी-हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए अस्पताल से एस्टीमेट भी मंगवाने को कहा। जनता दर्शन में कई फरियादियों के साथ बच्चे भी आए, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुलार भी किया। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर अपनत्व का अहसास कराया। सीएम योगी ने सभी बच्चों को चॉकलेट-टॉफी भी प्रदान की।

### हर जरूरतमंद को इलाज में निरंतर आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है सरकार

जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज के खर्च की चिंता सरकार करेगी। सरकार विगत 8 वर्ष से हर जरूरतमंद को निरंतर आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

## भारत से मुंह की खाने के बाद बौखलाया पाकिस्तान, अपने ही अधिकारी पर गिरा दी गाज!

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टीम के बहिष्कार से बौखलाए पाकिस्तान ने अपने ही अधिकारी पर गाज गिरा दी है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ न मिलाने के विवाद के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया है। बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का महामुकाबला खेला गया था। इस मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान की टीम से हाथ नहीं मिलाए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव छक्के से टीम को जीत दिलाकर पवेलियन की तरफ लौट आए थे, जबकि पाकिस्तानी खिलाड़ी मैदान पर ही मौजूद थे। दुबई में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में हार के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाना चाहते थे, लेकिन भारतीय टीम ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और ड्रेसिंग रूम का दरवाजा बंद कर लिया। बौखलाए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने ही अधिकारी के खिलाफ एक्शन ले लिया है।

## मॉरीशस के प्रधानमंत्री चार दिवसीय दौरे के बाद लौटे, धामी ने की मुलाकात, स्मृति स्वरूप दी भेंट



**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

देहरादून मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम चार दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर थे। आज सोमवार को वह लौट गए। सीएम धामी उत्तराखंड से प्रस्थान से पूर्व जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उनसे भेंट की। इस अवसर पर उन्हें चारधाम का पावन प्रसाद एवं प्रदेश के अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पाद स्मृति स्वरूप भेंट किए गए। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की आतिथ्य परंपरा की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत की पताका पूरे विश्व में लहरा रही है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री की यह यात्रा निश्चित ही भारत और मॉरीशस के मध्य सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ एवं सुदृढ़ करेगी। उनके दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। ढालवाला से नरेंद्रनगर बाइपास तक के पूरे क्षेत्र को जीरो जोन घोषित किया गया था। साथ ही चंबा की तरफ से आने वाले वाहनों को बाइपास पर रोक दिया गया था। प्रधानमंत्री का काफिला निकलने के बाद ही यातायात फिर से सामान्य हुआ।

### प्राकृतिक सुंदरता देख मंत्रमुग्ध हुए

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम का उत्तराखंड पहुंचने पर महिलाओं ने पारंपरिक स्वागत गीत गाकर और माथे पर टीका लगाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता की जमकर सराहना की। उन्हें तुलसी की माला भी भेंट की गई। प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी वीणा रामगोपाल ऋषिकेश के सुंदर नजारे देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरे से उत्तराखंड में पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अपने चार दिवसीय प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ऋषिकेश और हरिद्वार का भी दौरा करेंगे।

## कटड़ा में मां वैष्णो देवी मार्ग पर फिर भूस्खलन, बारिश से बनी-बसोहली मार्ग 16 घंटे रहा बंद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में कई जगह मौसम में फिर बदलाव आया। देर रात कटड़ा में भारी बारिश हुई। माता वैष्णो देवी के पारंपरिक यात्रा मार्ग पर कई जगह भूस्खलन से मलबा जमा हो गया। कठुआ के बनी-बसोहली मार्ग पर टिकरी के पास भूस्खलन से 16 घंटे आवाजाही बंद रही। रातभर बड़ी संख्या में वाहन फंसे रहे। बीआरओ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग बहाल किया। जम्मू में रविवार को दिनभर हल्के बादल छाए रहे। शाम को हल्की बारिश हुई। इससे पहले दिनभर उमस ने परेशान किया।राजधानी श्रीनगर समेत कश्मीर के अन्य जिलों में तपिश का अहसास हुआ। यहां अधिकांश जिलों में दिन का पारा सामान्य से 4 से 6 डिग्री ऊपर चल रहा है।

### भारत की विकास यात्रा में स्थिरता पर कोई समझौता नहीं: पीयूष गोयल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत की विकास यात्रा में स्थिरता अनिवार्य है और इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्ता, व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक मानकों में सामंजस्य स्थापित करना महत्वपूर्ण होगा। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) आम बैठक प्रदर्शनी के उद्घाटन को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत ने हमेशा प्रकृति का सम्मान करने और पर्यावरण के साथ सद्भाव में रहने में विश्वास किया है। यही इसके विकास पथ का आधार है। मंत्री ने कहा, भारत विकास के आधार स्तंभ के रूप में स्थिरता पर बहुत ध्यान केंद्रित कर रहा है, क्योंकि प्रत्येक भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रकृति का सम्मान करने में विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि भारत अपने जलवायु लक्ष्यों के प्रति मजबूरी में नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार वैश्विक नागरिक के रूप में प्रतिबद्ध है।

## देहरादून से बेंगलुरु के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की सीधी उड़ान शुरू

- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट से दिखाई हरी झंडी, पर्यटन और निवेश को मिलेगा बढ़ावा



**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड के लिए एक और बड़ी उपलब्धि के तहत सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून-बेंगलुरु के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की सीधी उड़ान सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस नई सेवा को राज्य के समग्र विकास और मजबूत हवाई संपर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

सीएम ने इस मौके पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि यह सेवा उत्तराखंड के निवासियों के लिए सुविधाजनक यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड को सुलभ, समृद्ध और सशक्त बनाना है।

### पर्यटन, व्यापार और शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह सेवा न सिर्फ नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि इससे पर्यटन, व्यापार और निवेश के नए द्वार भी खुलेंगे। बेंगलुरु से बेहतर हवाई कनेक्टिविटी उत्तराखंड को भारत के सबसे गतिशील शहरों से जोड़ेगी। इससे छात्रों, पेशेवरों और उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा।

-पुष्कर सिंह धामी

# लखनऊ में अवैध निर्माणों की भरमार प्रशासन की आंखें क्यों बन्द?

- अधिवक्ताओं के नाम से बोर्ड और एलडीए के जोनल अधिकारियों की मिलीभगत पर उठ रहे सवाल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**




राजधानी लखनऊ में अवैध निर्माणों का बोलबाला लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इन पर किसी की निगाह नहीं जाती। क्षेत्रीय स्तर पर जमीन पर जाकर सच्चाई जानने पर एक चौंकाने वाली हकीकत सामने आई है। कई स्थानों पर भवनों के बोर्ड पर पाँच से अधिक अधिवक्ताओं के नाम लिखे जाते हैं, जिससे एक वैधता का भ्रम तैयार किया जाता है, लेकिन जांच में खुलासा हुआ है कि यह केवल एक ढकोसला भर है। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि इन अवैध निर्माणों की अंधाधुंध रफ्तार के पीछे लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के जोनल अधिकारी, जूनियर इंजीनियर, लोकल थाने और अन्य विभागीय कर्मचारी खुलेआम मिलीभगत कर रहे हैं। प्रत्येक अवैध निर्माण के पीछे एक तयशुदा रिश्वत व्यवस्था का खुलासा हुआ है, जहां अधिकारी अपने खर्चे की भरपाई इन अवैध बिल्डरों से करा लेते हैं। खास बात यह है कि एलडीए द्वारा बनाए गए निर्माण परमिट का मिलान करने पर पता चलता है कि उक्त परमिट दूसरे जोन का होता है या पूरी तरह फर्जी होता है। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के नेतृत्व में यह अपेक्षित था कि ऐसे गैर-जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन व्यवहारिक तौर पर देखा जाए तो उपाध्यक्ष का आदेश कहीं खो सा जाता है। जिम्मेदारी से भागते अधिकारी और कर्मचारी बिना किसी भय के अवैध निर्माण करवाते हैं। वहीं, जब कोई आम नागरिक इन अवैध निर्माणों में फ्लैट खरीदता है या दुकान लेता है, तो बिल्डर व भवन स्वामी विक्रय के बाद निकल लेते हैं उनका कोई अता-पता नहीं रहता। ऐसे में जब विकास प्राधिकरण का ध्यान इन पर पड़ता है, तो भवन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है। लेकिन नुकसान का बोझ आम नागरिक को उठाना पड़ता है। इसका कारण यह है कि निर्माण की प्रक्रिया में अधिकारी ही मुख्य भूमिका निभाते हैं। आश्चर्य की बात यह भी है कि कई बार जब एलडीए का कोई अधिकारी रिटायर हो जाता है या स्थानांतरित कर दिया जाता है, तो उसके बाद जो नया अधिकारी आता है, उसे अवैध निर्माण पर नजर डालने की बजाय दलाली का हिस्सा न मिलने पर उक्त निर्माण के ध्वस्तीकरण की बात चलती है। इस पूरी व्यवस्था में एक सुनियोजित भ्रष्टाचार की परत छिपी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासनिक अधिकारी सचमुच जनता की सेवा करना चाहते हैं तो इन अवैध निर्माणों पर रोक लगाने के लिए तत्काल सख्त कदम उठाना ही होगा। वहीं, भ्रष्टाचार में लिप्त अफसरों के खिलाफ जांच कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। लखनऊ विकास प्राधिकरण के इस घोटाले की सच्चाई को उजागर कर प्रशासन को सवालों के घेरे में खड़ा करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में आम नागरिकों के साथ धोखा न हो।

### जन एक्सप्रेस का संकल्प

हर अवैध गतिविधि पर सख्त निगाह, भ्रष्टाचार की बेनकाबी और निष्पक्ष रिपोर्टिंग के माध्यम से जनता तक सच्चाई पहुंचाना।

# जनपद के तीन शिक्षक 'बेस्ट टीचर' अवार्ड से हुए सम्मानित

## जनपद की दीप्ति राजपूत, प्रदीप कुमार बाथम, बलराम दत्त गुप्ता हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बाँदा**

15 सितंबर को जनपद के 3 शिक्षकों को बेस्ट टीचर का अवार्ड देकर के सम्मानित किया गया। नोएडा के महर्षि विश्वविद्यालय मे जनपद के नवाचारी शिक्षको को **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025** मिला।

पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर एसोसिएशन इंडिया (PAAI) एवं यूनि0ग्लोबल इंटेलेक्चल्स फाउंडेशन द्वारा **डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन अवार्ड-2025** शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन महर्षि विश्वविद्यालय नोएडा में किया गया। जिसके मुख्य आयोजक डॉ. हर्षवर्धन सिंह चेयरमैन (PAAI), डॉ. रचना भीमराजका फाउंडर (NIGIF) डॉ.सतीश गुप्ता डायरेक्टर महर्षि



विश्वविद्यालय रहें।

समारोह मे मुख्य अथिति सुब्रमण्यम शर्मा (ग्रैंडसन डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन),आर. पी. सिंह सयुंक्त सचिव सीबीएसई बोर्ड,डॉ0योगेंद्र सिंह प्रेसिडेंट नोएडा मैनेजमेंट एसोसिएशन आदि रहें। इस सम्मान समारोह मे भारत के प्रत्येक राज्य से बेस्ट प्रोफेसर, लेक्चरर, स्कॉलर, नवाचारी शिक्षकों नें सेमिनार और सम्मान समारोह में भाग लिया। इस सेमीनार मे अपने जनपद से नवाचारी शिक्षक बलराम दत्त गुप्त इ0प्र0अ0राजकीय कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय बदौसा क्षेत्र के प्रदीप कुमार बाथम नें भी भाग लिया और वहीं इसी श्रृंखला में जनपद के नरैनी विकास खंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की पूर्व वार्डन दीप्ति राजपूत निवासी मोहल्ला बाकरगंज उनके शैक्षिक नवाचारों और शैक्षिक क्षेत्र मे किये गए कार्यों के लिए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत व आयोजक और मुख्य अथितियों द्वारा **डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक्सीलेन्स अवार्ड 2025** से सम्मानित किया गया। शिक्षक के सम्मान पाने पर BSA अव्यक्तराम तिवारी और खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा एवं राजेश कुमार, स्कूल स्टॉफ और समस्त ARP, SRG व अध्यापक गण हर्ष व्यक्त करते हुए सम्मानित शिक्षको द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग मे किए गए कार्यो की सराहना की।

# कैदी को पीटकर मौत के घाट उतारने का जेल अधिकारियों पर लगा इल्जाम

## जेल अधिकारियों का दावा: कैदी की बीमारी से हुई मौत






**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

जिला जेल में सज़ा काट रहे कैदी अनिल तिवारी की मौत के बाद, मृतक के परिवार वालों ने लगाया जेल अधिकारियों पर उसकी पीटाई का इल्जाम।

कैदी की तबियत खराब होने के बाद उसे जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया था। जहाँ उसकी मौत हो गई थी, कैदी अनिल तिवारी की मौत की खबर मिलने के बाद नाराज परिवार वालों ने अपने समर्थकों के साथ जेल के सामने रोड पर जाम लगाकर जेल अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी, जिसके बाद कोतवाली पुलिस के साथ ही सदर विधायक मनोज कुमार प्रजापति पति ने मौके पर पहुँचकर जाम लगाये लोगों को समझा बुझाकर बड़ी जद्दोजहद के बाद जाम खुलवाने में कामयाबी हासिल की। मृतक के परिवार वालों का साफ कहना था कि जेल के अन्दर की गई पिटाई से ही उसकी मौत हुई है। क्योंकि मृतक के जिस्म पर मौजूद चोटों के निशान इस बात की खुली गवाही दे रहे हैं।

# खुरहंड में मंदिर व घर में चोरी करने वाले शातिर चोर को माल सहित किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।




गौरतलब हो कि थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम खुरहंड के रहने वाले जितेन्द्र त्रिपाठी ने थाना गिरवां पर सूचना दी कि दिनांक 28अगस्त को उनके घर में व गांव में स्थित मंदिर तथा एक अन्य घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी।जिसके सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा थे।इसी क्रम में दिनांक 15सितम्बर को थाना गिरवां पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त को ग्राम महुआ हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा,कारतूस व चोरी का सामान बरामद किया गया।अभियुक्त से कड़ाई से पूंछताछ में पता चला कि इसका एक और साथी लवकुश उर्फ भूरी पुत्र रामलाल निवासी ग्राम लिलरी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर भी चोरी में संलिप्त था।जिसको दिनांक 30अगस्त को थाना पैलानी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**बरामदगी**-01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस, 01 मुकुट सफेद धातु (चोरी का),एक मोबाइल फोन (चोरी का) **गिरफ्तार अभियुक्त**-राहुल पुत्र सिद्धा खटिक निवासी टेवन बब्बा मराठीपुरी कस्बा मौदहा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम में**-चन्द्र प्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष गिरवां,चौकी प्रभारी खुरहण्ड यज्ञनारायण भार्गव, कां0 महेन्द्र कुमार, कां0 कृष्णकांत सिह, कां0 संजय कुमार आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने टेट अनिवार्यता के निर्णय को वापस लेने के लिए सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने सोमवार को देश के प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें शिक्षकों ने टीईटी (टेट) अनिवार्यता के निर्णय को वापस लिए जाने की मांग की गई।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि बीते एक सितम्बर को उच्चतम न्यायालय के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) संबंधी निर्णय से देशभर के लाखों शिक्षकों प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए है। बताया कि इस निर्णय के अनुसार सभी सेवारत शिक्षकों के लिए उनकी नियुक्ति की तिथि चाहे जो भी रही हो, उनके लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य कर दिया गया है। कहा कि इस निर्णय ने देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल दिया है।

बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के तहत वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी तथा वर्ष 2010 के बाद नियुक्त शिक्षकों को एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था।

कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा लिए गए टीईटी अनिवार्यता के इस निर्णय में इस तथ्य को अनदेखा कर दिया है। इस निर्णय से देशभर में लगभग 20 लाख से अधिक शिक्षक गहन चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं। मांग कि की न्यायालय का यह निर्णय 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नहीं लागू होना चाहिए, वैध नियमों के अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित की जाए तथा लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति अथवा आजीविका संकट से बचाने के लिए आवश्यक नीतिगत अथवा विधायी कदम शीघ्र उठाए जाएँ। इस सम्बन्ध में महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम को सौंपा।

# राजेश कुमार बने विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष व शानू त्रिपाठी बने नगर मंत्री




**जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पहाड़ी नगर इकाई का गठन किया गया। जिसमें राजेश कुमार को नगर अध्यक्ष व शानू त्रिपाठी को नगर मंत्री बनाया गया। इसके साथ ही अन्य सदस्यों को भी चुना गया।

प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय व चुनाव अधिकारी तेजप्रकाश चतुर्वेदी की उपस्थिति में हुए नगर इकाई गठन में संदीप यादव, राहुल राजपूत, रवि गुप्ता, मोहिनी त्रिपाठी को नगर सह मंत्री, महेश साहू को एसएफडी संयोजक, अजय यादव को सह संयोजक, वीरेंद्र यादव को एसएफएस संयोजक, राजू मौर्य को सह संयोजक, छोटा कुमार को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, उमाशंकर को सह संयोजक, अनमोल पांडेय को खेलो भारत संयोजक, शिवम पांडेय को सह संयोजक, नफीस को शो.मी. संयोजक, चंद्रप्रकाश को सह संयोजक, लोशन, अजय यादव, कन्हैया तिवारी, अमित कुमार को नगर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंडी समिति चैकी प्रभारी संत प्रसाद व उनकी टीम उपनिरीक्षक अंशुल सिंह, आरक्षी राहुल पाण्डेय, अजीत सरोज व संजीव सोनी द्वारा आरोपी भालू उर्फ प्रेमकुमार गुप्ता निवासी द्वारिकापुरी कोतवाली कर्वी को एक किलो 600 ग्राम सूखे गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### छात्र ने रोशन किया नाम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** विद्या भारती कानपुर प्रांत द्वारा महोबा के राजकीय स्टेडियम में आयोजित 36वीं खेलकूद प्रतियोगिता में जिला मुख्यालय के बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज बेड़ी पुलिया के छात्र शुभम ने क्रास कंट्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया है। जिसके बाद छात्र शुभम को क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए आगामी दिनों में झांसी जाना है।

### 17 से शुरु होगी रामलीला

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** रामलीला समाज स्टेशन रोड़ की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में रामलीला समाज के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष स्टेशन रोड रामलीला परिसर में 85वीं रामलीला मंचन का शुभारंभ 17 सितंबर को किया जाएगा। बताया कि इस रामलीला में बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा मंचन किया जाएगा। रामलीला समाज के प्रबंधक गुलाब गुप्ता ने बताया कि यह रामलीला काफी पुरानी रामलीला है। इसका शुभारंभ नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी भैरों प्रसाद गोयल के द्वारा शुरू की गई थी, जिन्होंने अपने कुशल नेतृत्व में 53 वर्षों तक रामलीला कराई थी। उसके बाद उनके नाती राजीव अग्रवाल जो वर्तमान में जिला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के पद का निर्वहन कर रहे हैं, उनके द्वारा 32 वर्षों से इस रामलीला का सफल आयोजन कराया जा रहा है।

# डीएम ने ली सड़क चौड़ीकरण से सम्बन्धित बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पटेल तिराहा से देवांगना मार्ग में वृक्षों के कटान एवं पोल शिफ्टिंग के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित चैंबर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि रोड़ का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य बरसात खत्म होते ही शीघ्र प्रारंभ किया जाए। कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत यातायात की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सड़क की चैड़ाई बढ़ाई जाएगी, जिससे आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा। वृक्ष कटान के लिए सर्वे करने वाली टीम को जल्द से जल्द कटान खत्म करने के निर्देश दिए। वन निगम ने बताया कि मार्ग में 36 पेड़ शेष रह गए हैं, जिनका जल्द से जल्द कटान कर दिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि रोड चौड़ीकरण में आ रहे बिजली के पोल को भी शिफ्ट कराएं।

कहा कि परियोजना क्षेत्र में स्थित कुछ वृक्षों को नियमानुसार काटने की अनुमति प्राप्त की गई है। वृक्ष कटान के दौरान पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरते जाएंगे। साथ ही वन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक कटे हुए वृक्ष के बदले न्यूनतम नए पौधे निर्धारित स्थानों पर लगाए जाएंगे।

उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जहां तक रोड चौड़ीकरण में गिट्टी पड़ गई है, उसकी ब्लैक कोट कराए। जिस पर अधिशासी अभियंता ने दीपावली से पहले कार्य पूरा करवाने की बात कही।

जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से निवेदन है कि कार्य के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें। विभाग पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है तथा परियोजना पूर्ण होने के बाद सड़क के किनारे हरित पट्टी विकसित की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चला विशेष सघन बैंक चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए दिनांक 15सितम्बर को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा शहर क्षेत्र में स्थित बैंकों व सुरक्षा व्यवस्था,गार्ड की ड्यूटी व अन्य इंतजामों को बारीकी से चेक किया गया। बैंक प्रबंधकों को सतर्कता बढ़ाने को लिए कहा गया व सुरक्षा उपकरणों को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त थाना क्षेत्रों में भी




पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों,आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों के आसपास टहल रहे संदिग्ध व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

# डिजिटल लाइब्रेरी व अभ्युदय कोचिंग के नए सत्र का किया गया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पुस्तकालय में सोमवार को मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर के सत्र 2025-26 एवं डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने फीता काट कर एवं माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर का शुभारंभ कर विद्यार्थियों के लिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की सुविधाओं को बढ़ावा दिया गया है। जिसमें विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन तैयारी करने के लिए टेबलेट स्थापित किए गए है। इसके साथ ही बुक इशू-रिटर्न मशीन एवं एलइडी डिस्प्ले भी लगाया गया है। इसके अलावा इंटरनेट की सुविधा भी दी जा रही है। विद्यार्थियों से कहा कि नई टेक्नोलॉजी के साथ नेशनल स्तर पर पढ़ाई करें। बताया कि यहां जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा भी शिक्षा दी जाएगी। फीडबैक अच्छा मिलने पर ऑनलाइन सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। लाइब्रेरी संचालक एवं कोचिंग संचालक से कहा कि उपलब्ध कराई गई नई सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी जाए ताकि विद्यार्थी उनका अच्छी तरह से इस्तेमाल कर तैयारी करें। उन्होंने कहा कि परिवार के लोग प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाते रहें।



मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर जनपद के गरीब बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। यहां विद्यार्थी अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अच्छी नौकरी पर जाएंगे। कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। विद्यार्थियों से कहा कि वह अपना समय खराब न करते हुए परिश्रम करें और अपने माता-पिता व जनपद का नाम रोशन करें। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरु की गई यह योजना गरीब बच्चों के लिए लाभ दायक है। जो बाहर रहकर पढ़ाई नहीं कर पाते थे, वह अभ्युदय कोचिंग केन्द्र में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर तैयारी कर सकते है और सरकारी नौकरियां प्राप्त कर सकते है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि विद्यार्थी मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर एवं डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर शिक्षा ग्रहण करें।

# पुलिस ने फरार चल रहे दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत कुरारा पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 174/2025 धारा 70(2)/115(2)/352 बीएनएस सहित धारा 5(रु)/6 पॉक्सो से जुड़े मामले में फरार चल रहे कुरारा के कुसमुरा निवासी 30 वर्षीय मुल्जिम राजू उर्फ राजेन्द्र कुमार, जबकि 24 वर्षीय गोविन्दा उर्फ हरिशंकर पुत्र दुर्गा प्रसाद उर्फ मेहमान को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जबकि मुल्जिम को रफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामकुमार यादव सहित कांस्टेबल अनिल शामिल रहे।



# उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारियों ने किया रक्तदान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सिंचाई विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन में सोमवार को इंजीनियर्स-डे पर इं. विश्वेश्वरैया एवं इं. स्व आरके दत्ता की पुण्य तिथि धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान इंजीनियर्स ने विभाग के प्रांगण में हवन-पूजन करने के बाद पौधरोपण किया। इस बीच जिला चिकित्सालय में छह यूनिट रक्तदान भी किया गया। सुबह नौ बजे संघ भवन में संघ के पदाधिकारियों ने उपस्थिति होकर हवन में आहुतियां दीं। उप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष इं. चंद्रकांत गुप्ता, सचिव इं. निखिल सिंह, जेई लोनिवि रजनीकांत मौर्य, इं. अजीत सिंह, इं. प्रदीप कुमार, इं. मो असलम ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। महासंघ के सचिव निखिल सिंह ने कहा कि देश के प्रथम भारतीय इंजीनियर भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को इंजीनियरिंग संवर्ग इंजीनियर्स-डे के रूप में मनाता है। इसी दिन महासंघ के संस्थापक इंजीनियर आरके दत्ता की पुण्यतिथि होती है। बताया कि इं. स्व आरके दत्ता का स्वर्गवास खून की कमी के कारण हुआ था। इसलिए पूरे प्रदेश में रक्तदान कार्यक्रम होता है। उन्होंने ने रक्तदान के फायदों को गिनाया। इस बीच मरीजों को फल भी बांटे गए। सायंकाल में शंकर बाजार स्थित नेत्रहीनों के विकासार्थ सामाजिक संस्थान दृष्टि संस्थान में दृष्टिहीन बालिकाओं को भोज कराया गया।



# राइफल क्लब खेल मैदान बचाने के लिए एकत्र हुआ जनसमूह, आवाज हुई बुलंद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 15सितम्बर को सुबह 10बजे शहर के बाबूलाल चौराहे के पास स्थित राइफल क्लब (खेल मैदान) में जनपद के राष्ट्रीय एवं अन्तर विश्वविद्यालय स्तर के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, कोच, प्रशिक्षकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों ने एकत्र होकर बाँदा विकास प्राधिकरण द्वारा खेल मैदान के आकार एवं स्वरूप को बदलने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया व नारेबाजी करते सभी ने आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल को ज्ञापन सौंपा। उसके बाद बैठक की गयी, बैठक में वक्ताओं में रितेश त्रिपाठी ने कहा कि राइफल क्लब (खेल मैदान) 1902 ई. से अब तक खेल एवं परेड स्थल के रूप में संरक्षित है। जबकि साजिश के तहत इस मैदान को बेचने तैयारी में लगे है। वहीं खिलाड़ी आशुतोष राणा ने कहा भूमि अंग्रेजी शासनकाल में पुलिस विभाग को अस्थाई उपयोग हेतु दी गई थी,किन्तु समय-समय पर इसे लेकर अवैधानिक प्रयास किए जाते रहे हैं। पूर्व में भी जब मैदान की भूमि पर अतिक्रमण व विक्रय की कार्यवाही हुई थी,तब इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं उत्तर प्रदेश शासन ने इस पर रोक लगाकर मैदान की यथास्थिति बहाल की थी। छात्रनेता लव सिन्हा का कहना है




कि बाँदा विकास प्राधिकरण का वर्तमान प्रस्ताव न केवल गैरकानूनी व भ्रामक है बल्कि इससे खेलों और खिलाड़ियों का भविष्य भी प्रभावित होगा। जनपदवासियों का भी कहना की यह मैदान जिला प्रशासन द्वारा बचाया जाना चाहिए और इसका सौंदर्यकरण कर खिलाड़ियों के उपयोग में लाना चाहिए।उपस्थित जनसमूह ने माँग की है कि राइफल क्लब (खेल मैदान) की किसी भी प्रकार की विक्रय/निर्माण प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए।

खिलाड़ियों को राइफल क्लब परिसर की चाबी सौंपी जाए।भारतरत्न मेजर ध्यानचन्द्र की स्मृति में यहाँ मिनी स्टेडियम एवं खेल विकास कार्य कराए जाएँ। जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों व समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से यह चेतावनी दी कि यदि जनहित की इस माँग पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई, तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।



**अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से...**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज पंजाब दौरे पर हैं। वे प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से अजनाला, रमदास के गांव में जाकर लोगों से मिले। राहुल गांधी रमदास... पढ़ें पेज 12 पर...

# लखनऊ में स्पा सेंटर

## लाइसेंस का दिखावा, अंदर का काला खेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शहर के पॉश इलाकों से लेकर छोटे गलियों तक फैले स्पा सेंटर्स का बहुप्रचारित व्यवसाय आज समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। व्यवसायिक रूप से स्वास्थ्य व आराम का केंद्र बताकर संचालित होने वाले ये स्पा सेंटर, असल में एक बड़ा गैरकानूनी व्यापार कर रहे हैं। जन एक्सप्रेस ने इस काले खेल की तह तक जाकर उजागर किया है कि कैसे अधिकांश स्पा सेंटर सिर्फ एमएसएमई पंजीकरण दिखाकर लाइसेंस की आड़ में अवैध कामकाज को अंजाम दे रहे हैं।



### स्पा सेंटर खोलने के लिए आवश्यक लाइसेंस व एनओसी

स्पा सेंटर संचालित करने के लिए निम्नलिखित लाइसेंस व एनओसी अनिवार्य हैं...

- व्यवसाय लाइसेंस – नगर निगम से।
- स्वास्थ्य विभाग से लाइसेंस और एनओसी।
- बिल्डिंग उपयोग एनओसी– एलडीए से।
- फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट।
- पानी व सीवरेज कनेक्शन एनओसी।

### परंतु लखनऊ की सच्चाई

लखनऊ के आलमबाग, इंदिरा नगर, हजरतगंज, आशियाना, अलीगंज, चौराहा चौक, पारा, गोमती नगर, सुल्तानपुर रोड सहित अन्य कई छोटे-छोटे इलाके ऐसे हैं, जहां ये नियम धता बताते हुए स्पा सेंटर संचालित हो रहे हैं।

- अवैध रूप से चलने वाले सेंटरों में बिल्डिंग मूलतः आवासीय उपयोग के लिए बनी होती है।
- फायर सेफ्टी मानकों की अनुपालना नहीं।
- एमएसएमई पंजीकरण केवल दिखावा, यह स्वास्थ्य, सुरक्षा या व्यवसाय संचालन के उचित मानकों की गारंटी नहीं देता।
- स्वास्थ्य विभाग की एनओसी और लाइसेंस का अभाव।

### सुशांत गोल्फ सिटी में चल रहा गहरा काला खेल

जन एक्सप्रेस की पूर्व में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, सुशांत गोल्फ सिटी के कई स्पा सेंटर सभी मानक पूरा करते दिखते हैं। लेकिन पुलिस की छापेमारी में विदेशी युवतियां मसाज के बहाने देह व्यापार में सक्रिय पाई गईं। इनके पास ना तो वैध वीजा था, ना ही अन्य आवश्यक दस्तावेज। यह गैरकानूनी खेल आज भी सुशांत गोल्फ सिटी, आशियाना, कृष्णा नगर, हजरतगंज, अलीगंज, महानगर, गोमती नगर, वृंदावन कॉलोनी जैसे पॉश क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर संचालित हो रहा है।

### प्रशासनिक उदासीनता और कथित भ्रष्टाचार

अविश्वसनीय रूप से, कई थानों में कमीशन सिस्टम के तहत इन अवैध सेंटरों के संचालन को संरक्षण दिया जा रहा है।

- पुलिस जांच के नाम पर रिश्वत की मांग।
- क्षेत्रीय दलाल सक्रिय, ग्राहक भेजने का काम करते हैं।
- कथित पत्रकार चुप्पी बनाए रखने में सहायक भूमिका निभा रहे हैं।

### सवाल उठता है

जब स्वास्थ्य, सुरक्षा, भवन उपयोग, फायर सेफ्टी जैसे स्पष्ट मानक तय हैं, तो जिम्मेदार अधिकारी इस खुले अवैध व्यापार पर कार्रवाई क्यों नहीं करते? क्या यह महज कानूनी उदासीनता है या गहरे भ्रष्टाचार की परतें?

### निष्कर्ष और अपील

लखनऊ में अनेक स्पा सेंटर पूरी तरह अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए खतरा नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता पर भी हमला है। जन एक्सप्रेस इस गंभीर समस्या को उजागर करने में अग्रसर है और समाज को जागरूक बनाने के साथ-साथ प्रशासन पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाना चाहता है।

### आपकी जिम्मेदारी

यदि आपके आसपास ऐसे स्पा सेंटर संचालित हो रहे हैं, जिनमें अनैतिक गतिविधियां जारी हैं, तो साक्ष्य सहित जन एक्सप्रेस के अधिकृत नंबर –

**8933805555**

पर सूचित करें।
(आपकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।)

*समाज के स्वास्थ्य, सुरक्षा व नैतिकता की रक्षा के लिए हर जिम्मेदार नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह ऐसे गैरकानूनी खेल को उजागर करे। जन एक्सप्रेस आपके साथ खड़ा है।*

# गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का खुलासा

## जवान गैस सर्विस का हॉकर राजेश निकला कालाबाजारी का मास्टरमाइंड, प्रतिदिन 12-13 हज़ार रुपये की गैस चोरी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में घरेलू उपभोक्ताओं के हिस्से की रसोई गैस खुलेआम कालाबाजारी की भेंट चढ़ रही है। चौंकाने वाला खुलासा जवान गैस सर्विस से जुड़ा हुआ है, जहां का हॉकर राजेश प्रतिदिन उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचाने के नाम पर गोरखधंधा चला रहा है। सूत्रों और प्रत्यक्ष जांच में सामने आया है कि राजेश रोजाना लगभग 80 से 100 सिलेंडर सप्लाई करता है। लेकिन नाका हिंडौला के आर्य नगर में खड़ी उसकी गाड़ी से प्रतिदिन 50-60 सिलेंडरों से 1-2 किलो गैस चोरी करके उसे कामर्शियल सिलेंडरों में भर दिया जाता है। इस तरह हर दिन करीब 120 किलो गैस की चोरी हो रही है, जिसका बाजार मूल्य 12 से 13 हज़ार रुपये बनता है। यह पूरा खेल पांच सौ रुपये पर लगाए गए लड़कों से कराया जाता है।

### होटल तक गैस की सप्लाई का वीडियो सबूत

हाल ही में एक यादव नामक व्यक्ति को एक कामर्शियल और दो घरेलू सिलेंडर साइकिल पर लादकर एक होटल में सप्लाई करते हुए कैमरे में कैद किया गया। जब पत्रकार ने मौके पर हॉकर से बिल-बाउचर और कनेक्शन नंबर पूछे तो वह बगलें झाँकने लगा और जवाब देने के बजाय साइकिल छोड़कर भाग खड़ा हुआ। लोडमैन राजेश से पूछताछ में भी न तो बिल दिखाया गया और न ही उपभोक्ता का कोड। उल्टे राजेश पत्रकार पर धौंस जमाने लगा और बेशर्मी से कहा, जो छापना हो, छाप दीजिए। हम अधिकारियों और पुलिस को पैसा खिलाते हैं।

### अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

राजेश के इस बयान से साफ है कि बिना अफसरों और पुलिस की मिलीभगत के यह गोरखधंधा संभव नहीं। सवाल यह है कि जब खुलेआम घरेलू गैस से चोरी कर कालाबाजारी की जा रही है, तो संबंधित एजेंसी और प्रशासन आंखें मूंदे क्यों बैठा है? उपभोक्ताओं के हिस्से की गैस होटल और बाजार तक कैसे पहुँच रही है?

### जन एक्सप्रेस की मांग

जन एक्सप्रेस प्रशासन से मांग करता है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी जवान गैस सर्विस, उसके हॉकर राजेश और मिलीभगत करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उपभोक्ताओं को राहत दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है।

# मासूम का हाथ कटा: प्रशासन की संवेदनाएँ भी सुन्न

## सात महीने पहले चेतावनी, फिर भी नहीं हिली फाइलें, अब 11 साल की बच्ची जिंदगी और मौत से जूझ रही

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में बिजली विभाग की घोर लापरवाही ने एक मासूम की जिंदगी तबाह कर दी। 11 साल की बच्ची, जो कभी कापी-कलम से अपने सपने लिखती थी, आज केजीएमयू के बिस्तर पर अपना कटा हुआ हाथ निहार रही है। डॉक्टरों का कहना है–अगर हालात बिगड़े तो पैर भी काटना पड़ सकता है। सवाल है–क्या एक पिता का सात महीने पुराना प्रार्थना पत्र सिर्फ इसलिए रद्दी कागज़ बन गया क्योंकि उसमें पैसे नहीं थे?

### सात महीने की चुप्पी: एक बचपन का कत्ल

बच्ची के पिता ने सात महीने पहले ही लिखित में बताया था कि छत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन मौत का जाल है। लेकिन विभाग ने फाइल दबा दी। कोई निरीक्षण नहीं, कोई कार्रवाई नहीं, कोई जवाब नहीं। अब उसी चुप्पी की कीमत एक मासूम अपने खून और मासूमियत से चुका रही है।

### अस्पताल में चीखें, घर में मातम

केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी वार्ड में बच्ची दर्द से कराह रही है। मां बार-बार बेहोश हो रही है, पिता की आंखों से आंसू सूख चुके हैं। पूरा घर मातम में डूबा है। क्या इनका अपराध सिर्फ इतना था कि इन्होंने समय रहते खतरे की घंटी बजाई थी? अगर विभाग ने तब ध्यान दिया होता तो आज इस परिवार की दुनिया उजड़ी न होती।

### विभाग का बचाव: पीड़ित ने भुगतान नहीं किया

जन एक्सप्रेस ने जब बीकेटी एक्सईएन से फोन पर बातचीत की तो उन्होंने लापरवाही को मानने के बजाय ठीकरा पीड़ित पर ही फोड़ दिया। उनका कहना था सात महीने पहले जब प्रार्थना पत्र मिला था तो हमने एक एस्टीमेट बनाया था। लेकिन पीड़ित पक्ष भुगतान नहीं कर पाया। इस वजह से मामला लंबित रह गया। मैंने हाल ही में भी पीड़ित से यही कहा लेकिन उनकी तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। दूसरे सवाल पर एक्सईएन ने कहा, हमारी लाइन तीस साल पुरानी है। बीच में प्राइवेट प्रॉपर्टी डीलरों ने प्लॉटिंग करके जमीन बेच दी। लेकिन बिजली लाइन का इंतज़ाम किसी ने नहीं किया। विभाग के पास इतना बजट नहीं है कि वह हर बार लाइन हटाता घूमे। तीसरे सवाल पर उन्होंने बताया, हमने एक टीम बनाई है। जो भी मकान हाईटेंशन लाइन के नीचे बने हैं, उन सबको नोटिस जारी किए जाएंगे। उसके बाद ही विभाग कोई निर्णय लेगा।





### अपराधियों से भी बदतर बर्ताव

हत्यारे को भी कानून पकड़ लेता है, अदालत में सुनवाई होती है। लेकिन यहाँ? बिजली विभाग के अफसरों की लापरवाही से मासूम का हाथ कट गया और अब तक किसी जिम्मेदार पर कार्रवाई नहीं हुई! निलंबन तक नहीं। नोटिस तक नहीं। यह खामोशी ही असली अपराध है।

### सरकार की चुप्पी–सबसे खतरनाक

यह हादसा सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की पोल खोलने वाला आईना है। जनता पूछ रही है सरकार पीड़ित परिवार को मुआवज़ा और इलाज का पूरा खर्च कब देगी? विभागीय अफसरों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या यह केस भी फाइलों में दब जाएगा?

### जनता का सब्र टूट रहा है!

यह घटना सिर्फ एक बच्ची का हाथ नहीं काटी, बल्कि जनता के भरोसे का हाथ भी काट दिया। अगर अब भी सरकार और विभाग चुप रहे तो कल किसी और मासूम की जान जाएगी। बिजली विभाग सुन ले–एक बच्ची का हाथ गया है, अब जनता का सब्र भी कटने वाला है।

### सात महीने की लापरवाही

- **7 महीने पहले:** पीड़ित ने विभाग को आवेदन देकर खतरे की जानकारी दी।
- **6 महीने पहले:** विभाग ने एस्टीमेट बनाया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।
- **4 महीने पहले:** पीड़ित ने फिर गुहार लगाई, विभाग ने फाइल दबा दी।
- **2 हफ्ते पहले:** परिवार ने फिर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं।
- **हादसे का दिन:** मासूम हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई, डॉक्टरों ने हाथ काटा।

### जिम्मेदार कौन?

- **बिजली विभाग:** जिसने चेतावनी के बावजूद कुछ नहीं किया।
- **स्थानीय प्रशासन:** जिसने निरीक्षण तक नहीं किया।
- **सरकार:** जो अब तक चुप है।

# प्रदेश में बदला मौसम, कई जिलों में छाए बादल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मौसम में बदलाव हुआ है। सोमवार की सुबह से धूप की बजाय बादल छाए हुए हैं। इधर कई दिनों से उमस से परेशान लोगों को मौसम से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी राजस्थान से शुरू हुई मानसून वापसी के बीच आगामी सप्ताह पूर्वी उत्तर प्रदेश में अच्छी वर्षा की संभावना है। सोमवार शाम तक प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की पश्चिमी राजस्थान से वापसी हो रही है। पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है। इसके मध्य भारत की ओर बढ़ने के साथ ही मानसून द्रोणी निष्प्रभावी हुई है। परिणामस्वरुप बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के उत्तर प्रदेश के पूर्वी व मध्यवर्ती भाग तक पहुंचने से वर्षा की गतिविधियों में फिर से वृद्धि होगी। मौसम विभाग के अनुसार, तराई, पूर्वांचल और मध्यांचल के जिलों में आगामी सप्ताह के दौरान कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान कई जगहों पर बारिश के दौरान मेघगर्जन के भी आसार हैं। 17-18 सितंबर के दौरान राजधानी लखनऊ में भी मध्यम से तेज वर्षा होने की संभावना है। रविवार को कानपुर सबसे गर्म रहा जहां अधिकतम तापमान 37 डिग्री दर्ज किया गया।

# सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा

## अफ़सरों की नाकामी बेनक़ाब



खलिहान की जमीन पर आलीशान कामार्शियल बिल्डिंग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी में भू-माफ़ियाओं का आतंक और अफ़सरों की चुप्पी अब सरकार की साख पर सवाल खड़ा कर रही है। सरोजिनी नगर और पारा क्षेत्र की ग्राम समाज ज़मीनें - कभी खलिहान और तालाब हुआ करती थीं - आज भू-माफ़ियाओं की प्लॉटिंग और पक्के निर्माण की भेंट चढ़ चुकी हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह कब्ज़ा सरकारी अभिलेखों के बिलकुल उलट हो रहा है और राजस्व व नगर निगम अफ़सर हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

### तालाब को भी निगल गए माफ़िया

पारा के सलेमपुर पतौरा में सरकारी तालाब (खसरा संख्या 209, रकबा 0.443 हेक्टेयर) की हालत और भी शर्मनाक है। चार महीने पहले ही नगर निगम ने बुलडोज़र चलाकर इसे कब्ज़ा मुक्त कराया था। लेकिन अब वही डीलर दोबारा लौट आए और तालाब की ज़मीन पर रोड डालकर, खड़ंजा बिछाकर और प्लॉटिंग का धंधा खुलेआम शुरू कर दिया। निगम और पुलिस की कार्रवाई महज़ नाटक थी या फिर सेटिंग? अगर बुलडोज़र चला था तो कब्ज़ा फिर से क्यों हुआ? क्या योगी सरकार के आदेश अफ़सरों के लिए सिर्फ़ कागज़ी खानापूर्ति बनकर रह गए हैं?

### भ्रष्टाचार की सड़ांध

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों पर लेखपाल गोलमोल जवाब देकर टरका देते हैं और नगर निगम अफ़सर चुप्पी साधे रहते हैं। यही कारण है कि भू-माफ़ियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब खलिहान और तालाब जैसी सरकारी ज़मीनें तक बेचने से नहीं डरते। यह हालात साफ़ इशारा करते हैं कि राजस्व और नगर निगम महज़ संरक्षक बन चुके हैं।

### जनता का गुस्सा, सरकार से सवाल

लखनऊ के लोग पूछ रहे हैं– क्या अब खलिहान और तालाब भी भू-माफ़ियाओं की जागीर बन चुके हैं? क्या अधिकारियों की जेबें गर्म कर कानून को भी बेच दिया गया है? सरकार का बुलडोज़र कब सिर्फ़ तस्वीरों और प्रेस रिलीज़ से बाहर निकलकर सच्चे माफ़ियाओं पर चलेगा?

### खलिहान पर कब्ज़ा, अफ़सर बने दर्शक

सरोजिनी नगर के गाँव सरौसा भरोसा की खसरा संख्या 312 (0.632 हेक्टेयर) जमीन भूलेख में साफ़-साफ़ खलिहान के रूप में दर्ज है। यह ज़मीन किसी भी निजी व्यक्ति के नाम पर नहीं है, बल्कि ग्राम समाज की संपति है। क़ानून के मुताबिक इस पर न तो बिक्री हो सकती है और न ही निर्माण। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहाँ अब पक्के मकान खड़े हो चुके हैं।

- सवाल है कि यह निर्माण आखिर किसकी अनुमति से हुआ?
- तहसील और राजस्व अधिकारी शिकायतों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे?
- क्या बिना विभागीय संरक्षण के ग्राम समाज की ज़मीन पर कब्ज़ा संभव है?

### निष्कर्ष

सरोजिनी नगर का खलिहान और पारा का तालाब–दोनों मामले इस बात के ज़िंदा सबूत हैं कि लखनऊ में सरकारी ज़मीनें भू-माफ़ियाओं के शिकंजे में और प्रशासन की मिलीभगत में हैं। अगर सरकार ने इस बार भी महज़ खानापूर्ति की, तो यह केवल ज़मीन ही नहीं, बल्कि जनता का कानून और सरकार पर भरोसा भी डुबो देगा।

# सर्वे में जो फिट, उसे ही सपा 2027 में देगी टिकट

- सपा चीफ अखिलेश यादव के ऐलान से मची खलबली,सिर्फ चाहिए जिताऊ कैंडिडेट
- जनता के साथ जो रहेगा, वही देश और प्रदेश में राज करेगा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुट गई है।चुनाव भले ही अभी बहुत दूर है लेकिन सपा मुखिया इस दफा तनिक भी कोताही और चूक नही होने देना चाहते हैं।मतदाता सूची से लेकर नए वोटर बनवाने तक मे खास रुचि ले रहे हैं। पार्टी वर्करों को अलर्ट कर चुके हैं।पार्टी इसको लेकर लगातार अलग-अलग बैठकर कर रही है। बैठकें अलग-अलग समाज की हो रही हैं। अलग-अलग जिलों के आए लोगों से भी सपा मुखिया और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव रोजाना मुलाकात कर रहे हैं। 2027 चुनाव की तैयारी की बात करें तो उत्तर प्रदेश के 403 सीटों पर समाजवादी पार्टी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देने जा रही है जिसकी जीत की उम्मीद होगी। समाजवादी पार्टी एक गुप्त सर्वे करने जा रही है। सपा ने एक एजेंसी हायर की है, जिसके माध्यम से सपा का 403 विधानसभा सीटों पर लोकल राजनीति के हिसाब से किसका पलड़ा भारी है और किसको लोग पसंद करेंगे उसकी लड़ाने का मन है।सूत्रों के मुताबिक सपा मुखिया ने बैठक में इस बात को साफ किया कि बिना सर्वे के कोई भी प्रत्याशी घोषित नहीं होगा। बैठक में साफ कहा कि सिर्फ जीतने वाले उम्मीदवार को टिकट दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं और नेताओं को अखिलेश ने कहा, जनता के बीच रहे और मतदाताओं से संपर्क बनाकर रखें। वोट काटने और वोट चोरी जैसी बात तो अखिलेश यादव मुखर ही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बेईमानी कर सकती है, वोट काटने की साजिश रच सकती है और वोट चोरी की कोशिश कर सकती है। कार्यकर्ताओं को सजग रहना होगा। महंगाई लगातार बढ़ रही है और थाने और तहसील में उगाही चल रही है। नौजवानों के लिए नौकरियां नहीं है ,न कोई उद्योग लग रहा है और न कोई निवेश आ रहा है। मुद्दे बहुत हैं जो सीधे आमजन के हितों से जुड़े हैं। इन मुद्दों को लेकर बराबर संघर्ष करना है। अब जनता के जो साथ रहेगा, वही देश और प्रदेश में राज करेगा।

## शराब पीने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक ने तोड़ा दम, केस दर्ज, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शराब पीने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक ने रविवार की शाम दम तोड़ दिया। घटना से घर में रोना-बिलखना शुरू हो गया। बेटी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उनकी तलाश की जा रही है। मामला काकोरी क्षेत्र के बीबी चक गांव की है। गांव निवासी ऑटो चालक गुरु प्रसाद (42) की मौत हुई है। बताया गया कि 12 सितंबर की शाम करीब 7 बजे गुरुप्रसाद शराब पीने के लिए सकरा के ठेके पर गया था। इसी समय तेजकिशन खेड़ा गांव निवासी कमलेश गौतम और अंकित रावत अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचे। वहां पर शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर इनकी गुरुप्रसाद से बहस हो गई।

# निर्दोष गाय की मौत से किसानों का फूटा गुस्सा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- निगमकर्मियों की बेरहम पिटाई से मौके पर तोड़ा दम, किसान सड़क पर दोषियों पर मुक़दमे की मांग

नगर निगम की बेरहम कार्रवाई ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। 11 सितंबर को जोन-6, लालजी टंडन वार्ड क्षेत्र के बरावन कला गांव में निगम टीम ने किसानों का पशुधन जब्त किया। आरोप है कि इस दौरान निर्दोष गोवंश को इतनी निर्दयता से पीटा गया कि एक गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गाय की तड़पती मौत देखकर किसानों का सब्र जवाब दे गया और वे धरने पर बैठ गए। भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी नरेश टिकैट, चौधरी राकेश टिकैट और जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा ने साफ चेतावनी दी गोवंश की हत्या करने वाली निगम टीम पर हत्या का मुक़दमा दर्ज हो। जब्त किए गए पशुओं को तुरंत छोड़ा जाए। यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन उग्र होगा। इसी मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का समय भी मांगा गया है।

### धरना स्थल पर तनाव

बरावन कला में धरना स्थल पर माहौल बेहद तनावपूर्ण है। ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है। महिलाएं और बुजुर्ग तक धरने में डटे हैं। किसानों का कहना है यह लड़ाई अब सिर्फ़ अपने पशुओं की नहीं, बल्कि इंसानियत और न्याय की है। हमारी गाय की हत्या का हिसाब लेकर ही उठेंगे।

### फैक्ट फाइल

- **घटना:** 11 सितंबर 2025, जोन-6, लालजी टंडन वार्ड, लखनऊ
- **आरोप:** निगम टीम ने जब्त पशुधन की बेरहम पिटाई की
- **परिणाम:** एक गाय की मौके पर मौत
- **जब्त पशुधन:** 7 (भैंसें, गाय और पड़िया)
- **संगठन:** भारतीय किसान यूनियन ने खोला मोर्चा

### किसानों की मांगें

1. दोषी निगम टीम पर हत्या का मुक़दमा दर्ज हो
2. जब्त किए गए पशुधन को तुरंत छोड़ा जाए
3. पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया जाए
4. भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस नीति बने

### रोज़ी-रोटी पर वार

धरने पर बैठे किसानों में

- अजय पुत्र पूरन की भैंस
- अरुण पुत्र पूरन की भैंस
- राहुल पुत्र राजू की भैंस
- शंकर पुत्र रामनरायण की भैंस और गाय
- सुजीत पुत्र शंकर की गाय व भैंस
- अजीत पुत्र शंकर की पड़िया

कुल सात पशुधन शामिल हैं, जिन्हें निगम ने जब्त किया। किसानों का कहना है निर्दोष जानवरों को पीटना किस क़ानून और किस इंसानियत में सही ठहराया जा सकता है? हमारी रोज़ी-रोटी छीनने वाले ये ज़ालिम आखिर कब तक बचते रहेंगे?

# इन्हौना कस्बे में सफाई व्यवस्था ठप, जाम नालियों से फैल रही बदबू और जलभराव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के इन्हौना कस्बे और इसके आसपास के मोहल्लों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। कस्बे में बनी नालियों की लंबे समय से सफाई न होने के कारण वे जाम हो चुकी हैं। नालियों का गंदा पानी अब सड़कों पर फैल रहा है।इससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है।और लोगों को आवागमन व दैनिक जीवन में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत इन्हौना के अंतर्गत अचलगढ़, मखदूमगंज, बेनीगंज, चौनापुर तिवारीपुर, मियां का पुरवा, शिवाला टोला, मोहल्ला चौधराना बड़नापुर सहित कई गांव और इन्हौना कस्बा शामिल हैं। यहां गांव तो छोड़िए, कस्बे में भी सफाई के इंतजाम नदारद हैं। ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की तैनाती नहीं है, जिसके चलते नालियों में गंदगी और जलजमाव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पुरानी बाजार इन्हौना मोहल्ले में नालियों की सफाई न होने से पानी सड़कों पर बह रहा है। कस्बे के अन्य मोहल्लों में भी यही हाल है। कूड़ा-कचरा जमा होने से नालियां पूरी तरह बंद हो चुकी हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नालियों की सफाई न होने से वे जाम पड़ी हैं और गंदा पानी घरों व गलियों तक फैल रहा है।वहीं लोगों ने कहा कि जब से नालियां बनी हैं, उनकी सफाई नहीं कराई गई। बदबू के कारण दुकान पर बैठना मुश्किल हो गया है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। इस मामले पर जब इन्हौना के ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन लगातार बजता रहा लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि सफाई अभियान चलाने के लिए ब्लॉक स्तर से सफाई कर्मचारियों की टीम भेजी जाती है, तभी नालियों की सफाई कराई जाती है।

स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति न होने के चलते इन्हौना कस्बा और आसपास के गांव बदहाल सफाई व्यवस्था का शिकार हैं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं, कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से स्थायी सफाई कर्मी नियुक्त करे और नियमित सफाई सुनिश्चित कराए।

## माटीकला टूल किट्स का चयन साक्षात्कार 25 सितम्बर को

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमरचन्द्र पाण्डेय ने बताया कि माटीकला के परम्परागत कामगारों हेतु निःशुल्क विद्युत चालित चाक एवं पगमिल वितरण हेतु माटीकला टूल-किट्स जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पच्चीस सितम्बर को पूर्वाह्न ग्यारह बजे विकास भवन सभागार में चयन कार्यवाही साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे समस्त माटीकला कामगार जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन विभगीय पोर्टल पर किया गया है, वे उक्त तिथि को निर्धारितसमय पर साक्षात्कार में उपस्थित होकर प्रतिभाग करें। अनुपस्थित अभ्यर्थियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले पूर्व सांसद

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद में मेडिकल कॉलेज के अधीन संयुक्त जिला चिकित्सालय सहित अन्य चिकित्सालयों की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक कराए जाने तथा मेडिकल कॉलेज के शीघ्र संचालन की मांग की है। जानकारी के अनुसार 15 सितंबर को मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांग-पत्र में पूर्व सांसद ने कहा है कि संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर का प्रमुख अस्पताल है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज आते है, लेकिन अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के कारण मरीजों को परेशान होना पड़ता है। यहां जो संसाधन उपलब्ध हैं उसके जरिये भी जिम्मेदारों के लापरवाही के कारण मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह से अन्य चिकित्सा इकाइयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी है, जिसका दंश आकांक्षी जनपद बलरामपुर भुगत रहा है। पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से बहु प्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज के शीघ्र संचालन की भी मांग की है। इसके अलावा उन्होंने झारखंडी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाए जाने को लेकर सम्बन्धित को निर्देशित करने की मांग भी सीएम से की है। पूर्व सांसद श्री मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया है।

# फूला प्राथमिक विद्यालय में जल भराव, छात्रों को भारी परेशानी, पढ़ाई पर असर

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**




तहसील तिलोई क्षेत्र के फूला पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय में इन दिनों जलभराव की समस्या ने छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर बुरा असर डाल दिया है। विद्यालय परिसर में जगह-जगह पानी जमा होने से बच्चों को आने-जाने और कक्षाओं में बैठने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बरसात के दिनों में विद्यालय परिसर में पानी भरकर लंबे समय तक रुका रहता है, जिससे बदबू, मच्छर और संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्राम पंचायत के लोगों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है, कि विद्यालय परिसर में जल निकासी की व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए, ताकि बच्चे सुरक्षित माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकें।

## करंट की चपेट में आने से गाय की मौत, विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद मुख्यालय गौरीगंज-जामों रोड मोड़ पर सोमवार को विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते एक गाय करंट की चपेट में आ गई और तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विद्युत पोल में करंट उतर आया था। जैसे ही गाय पोल के पास पहुंची, उसे जोरदार करंट लगा और देखते ही देखते वह सड़क पर गिरकर तड़पने लगी। कुछ ही मिनटों में गाय ने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में विद्युत तारों और पोलों की मरम्मत व देखरेख समय पर नहीं की जाती। कईबार शिकायत के बावजूद विभाग ध्यान नहीं देता, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने चेतावनी दी है, कि अगर जल्द ही खराब पोल और तारों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने मृत पशु के परिजनों को मुआवजा देने और विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# थाना शिवरतनगंज में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे, व्यापारियों ने उठाया सवाल, हम पर दबाव क्यों, जब थाने के कैमरे ही ठप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




त्योहारी सीजन को देखते हुए अमेठी प्रशासन जहां जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और व्यापारियों को अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की लगातार अपील कर रहा है, वहीं प्रशासन की ही लापरवाही उजागर हो रही है। मामला थाना शिवरतनगंज का है, जहां करीब एक वर्ष पूर्व लगाए गए कैमरे पिछले तीन महीनों से बंद पड़े हैं। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों का कहना है, कि दुकानों और बाजारों में कैमरे लगने से चोरी, शोषण और अपराधों पर अंकुश लगेगा। इसी सिलसिले में नियमित रूप से व्यापारियों से अपील की जा रही है, कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर कैमरे लगवाएं। लेकिन स्थानीय व्यापारियों ने सवाल उठाना शुरू कर दिया है, कि जब थाने परिसर में लगे कैमरे ही काम नहीं कर रहे, तो उनसे कैसे उम्मीद की जा सकती है, कि वे अपने खर्चे पर कैमरे लगाएं और उनकी देखरेख करें। व्यापार मंडल के सदस्यों का कहना है कि थाना परिसर और सार्वजनिक स्थानों पर लगे कैमरे सबसे पहले दुरुस्त होने चाहिए। तभी आम जनता और व्यापारी वर्ग का विश्वास प्रशासन पर बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीसीटीवी का महत्व सभी समझते हैं, लेकिन जब जिम्मेदार विभाग ही अपने लगाए कैमरों को चालू नहीं रख पा रहे हैं,तो यह दोहरी नीति जनता को अखर रही है।स्थानीय दुकानदार का कहना है,कि प्रशासन हर बैठक में हमसे कैमरे लगाने की बात करता है, जबकि खुद के लगाए कैमरे महीनों से बंद पड़े हैं। सबसे पहले उन्हें दुरुस्त किया जाए, तभी आम जनता आगे बढ़ेगी। गौरतलब है कि हाल ही में एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने त्योहारों को देखते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिलेभर में सीसीटीवी कैमरों से चौकसी का दावा किया था।ऐसे में थाना स्तर पर लगे कैमरों का बंद होना प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है। व्यापारियों ने मांग की है,कि जिलाप्रशासन तत्काल प्रभाव से थाना शिवरतनगंज और अन्य सरकारी कैमरों की मरम्मत कर उन्हें सक्रिय करे। जनता और व्यापारी वर्ग भी प्रशासन के अभियान से जुड़कर सहयोग करेगा।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । राबयेरली**

आबकारी आयुक्त उ0प्र0 प्रयागराज से प्राप्त निर्देशों एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-01 की टीम द्वारा तहसील सदर क्षेत्र में दबिश दी गई। दबिश की कार्यवाही ग्राम भेड़न का पुरवा तथा कल्याणपुर रैली में संचालित की गई, जहाँ अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों एवं संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की तथा लगभग 350 किलोग्राम महुआ लहन को मौके पर नष्ट किया।

# निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का विधायक ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का सोमवार को तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने तथा समय से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला ने 15 सितंबर को बताया कि उन्होंने सदर विकासखंड के ग्राम कोयलरा में निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्व विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यह देखकर सन्तोष हुआ कि विश्वविद्यालय में प्रशासनिक खण्ड व शैक्षिक खण्ड सहित अन्य सभी क्षेत्रों में एक साथ निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजकीय निर्माण निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं तथा अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने के साथ साथ समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूरा करें।

## बकायेदारों की भूमि की नीलामी 24 सितंबर को

**जन एक्सप्रेस । राबयेरली**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय देय के बकायेदार मिथिलेश कुमारी सिंह पत्नी गणेश सिंह निवासी ग्राम शिवलहा मजरे कृष्णपुर ताला, गणेश सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी कल्यानपुर रैली, नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रासेहता, छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी मजरे मरदानपुर, गुड्डा देवी पत्नी चतुरी निवासी ग्राम कल्याणपुर रैली एवं नन्द किशोर पुत्र स्व0 रामबली निवासी उमरपुर गेरूखुवा परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 24 सितम्बर 2025 को समय प्रातः 10:00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है।

# राजमाता के श्राद्ध पर अस्पतालों में किया गया फल वितरण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में सोमवार को बलरामपुर राज की राजमाता स्वर्गीय राजलक्ष्मी कुमारी देवी की श्राद्ध नवमी तिथि के अवसर पर महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया गया।

जानकारी के अनुसार 15 सितंबर को बलरामपुर राज के महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वर्गीय राजमाता को नमन करते हुए उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन की अगुवाई तथा महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुमन दत्त की उपस्थिति में मरीजों को फल वितरण किया गया। स्वर्गीय राजमाता समाज तथा आम लोगों के सुख दुःख में हमेशा सहयोग करके राज परिवार की परंपरा को बराबर आगे बढ़ाया। उनकी सहनशीलता तथा ममता के कारण ही आज भी लोग उन्हें भूल नहीं पा रहे। राजमाता के श्राद्ध पर नगरवासियों ने भी नम आंखों से स्वर्गीय राजमाता को याद करते हुए नमन किया।

# जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कई अधिकारियों के स्पष्टीकरण व वेतन रोकने के दिए गए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन की विभागवार एवं बिन्दुवार गहन समीक्षा की गई।

समीक्षा में यह संज्ञान में आया कि जनपद के कुछ अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बिना शिकायतकर्ता से सम्पर्क एवं स्थलीय निरीक्षण किए संदर्भों का अपूर्ण निस्तारण किया जा रहा है, जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में शिकायतकर्ता से सम्पर्क किए जाने का विवरण आईजीआरएस पोर्टल पर अवश्य फीड किए जाने हेतु शासन स्तर से समय-समय पर निर्देश दिए जाने के उपरान्त भी उक्त का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जो कि शासन की मंशा के विपरीत है। इसी कारण से जनपद में ऑनलाइन व सीएम हेल्पलाइन सन्दर्भों में शिकायतकर्ता से सम्पर्क स्थलीय निरीक्षण संतोषजनक कार्य नहीं किया गया, जिसका नकारात्मक प्रभाव जनपद की रैंकिंग पर पड़ रहा है।इसी कारण से जनपद में आनलाइन व सीएम हेल्पलाइन सन्दर्भों में शिकायतकर्ता से सम्पर्क स्थलीय निरीक्षण संतोषजनक कार्य नहीं किया गया, जिसका नकारात्मक प्रभाव जनपद की रैंकिंग पर पड़ रहा है।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता सिंचाई व जल निगम (ग्रामीण), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी, बी0डी0ओ0 सतांव और बी0डी0ओ0 महराजगंज, सीडीपीओ छतोह, डीह व जगतपुर की कार्य प्रणाली भी संतोषजनक नहीं पाई गई,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊंचाहार व नसीराबाद, सीओ चकबंदी, एडीओ पंचायत हरचंदपुर व बछरावा का वेतन बाधित कर इस सन्दर्भ में 03 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है कि आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने के लिए क्यों न निलंबन हेतु संस्तुति कर दी जाए। स्पष्टीकरण संतोषजनक न मिलने पर निलंबन हेतु संस्तुति की जाएगी। इसके साथ ही चकबंदी अधिकारी सदर और हरचंदपुर को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में यह भी पाया गया कि विद्युत विभाग, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं, संबंधित को प्रत्येक आवेदक से संपर्क कर फील्ड इंस्पेक्शन करने के उपरांत ही निस्तारण के निर्देश दिए गए। लालगंज ब्लाक के पंचायत सचिव फूलचंद्र को दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता करने हेतु निलंबित किए जाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता व उदासीनता अक्षम्य है, शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

## राहुल गांधी के काफिले को रोकने की घटना के बाद एसपी ने 12 पुलिस कर्मियों का किया तबादला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक दर्जन पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया है। यह कार्रवाई राहुल गांधी के दौरे के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संसद का काफिला रोकने की घटना के बाद की गई है। हरचंदपुर थाने की कमान अब बृजेश कुमार सिंह को सौंपी गई है, जो पहले अपराध शाखा में कार्यरत थे। पुलिस लाइन से अपराध शाखा में स्थानांतरित किए गए अधिकारियों में उपनिरीक्षक प्रशांत द्विवेदी, बाबू खान, राजकुमार तिवारी, रवि पवार, समय सिंह, मनीष कुमार जायसवाल, संतोष कुमार यादव और अशोक कुमार पाठक शामिल हैं। इसके अलावा, आरक्षी रुस्तम का स्थानांतरण थाना डलमऊ से थाना डीह किया गया है। आरक्षी मोहित को क्षेत्राधिकार कार्यालय डलमऊ से सीसीटीएनएस थाना डीह भेजा गया है।

# रेस्टोरेंट में खाने के हैं शौकीन तो जानिए रायबरेली के किस रेस्टोरेंट में निकला मरा हुआ कीड़ा...

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



अगर आप भी अपने परिवार के साथ खाना खाने कहीं बाहर जा रहे है तो ये खबर सिर्फ आपके लिए है. नाम बड़े दर्शन छोटे, जी हां कुछ ऐसी ही कहानी ऊंचाहार के बटोही रेस्टोरेंट की है। वहां पर खाने के साथ दिए गए प्याज सलाद में मरा हुआ कीड़ा निकला है। कीड़ा मिलने का मामला आने के बाद लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने खाना छोड़ दिया और इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. बता दें कि ऊंचाहार के सवैया हसन गाँव के निकट लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग मार्ग पर स्थित बटोही रेस्टोरेंट में रविवार को बिपिन सिंह निवासी पूरे पंवार थाना गदागंज अपने दो साथियों के संग खाना खाने गए थे। उन्होंने खाने के दो व्यंजन का ऑर्डर किया। आरोप है कि खाना आने के बाद उनकी थाली में दी गई सलाद के प्याज में मरा हुआ कीड़ा दिखाई दिया। गनीमत रही कि खाने से पहली उनकी नजर कीड़े पर पड़ गई। बिपिन पूरे मामले शिकायत रेस्टोरेंट संचालक से की, किन्तु आरोप है कि संचालक ने पहले तो रौब झाड़ा लेकिन बाद में रुपए देने के एवज में मामला रफा-दफा करने का अवसर दिया। लेकिन बिपिन और उसके साथियों ने मना कर दिया और सूचना खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दे दी।

ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी बटोही रेस्टोरेंट में मरा हुआ चूहा निकलने के आरोप लगे थे, जिसपर विभाग ने लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की थी। जिसके बाद उसी संचालक ने दूसरे नाम से दूसरा लाइसेंस ले लिया। किन्तु कीड़ा मिलने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पूरे मामले में बटोही संचालक ने कहा कि जो अधिकारी करेंगे वही स्वीकार होगा। अन्य कोई बात बोलने से इनकार कर दिया, इस मामले में खाद्य सुरक्षा आयुक्त सीआर प्रजापति ने बताया कि अभी मामला संज्ञान में नही है शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उधर सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसपर कई प्रकार के कमेंट आ रहे हैं।

### भारतीय संविधान सभा के सदस्य डा. रत्नअप्पा, भरअप्पा कुम्हार जी के जयंती पर कांगेस जिला एवं शहर कमेटी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारतीय संविधान सभा के सदस्थ, पूर्व सांसद एवं महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री, प?द्मश्री डा रत्नप्पा भरगप्पा कुम्हार जी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पकज तिवारी ने कहा कि डा रुनप्पा मरगप्पा कुम्हार जी, डाभीमराव अम्बेडकर जी के साथ भारत के संविधान के अंतिम गसौदे पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों में एक थे, 1952 में डा स्लप्पा भरमप्पा कुम्हार जी कोल्हापुर ससदीय सीट से सासद के रूप में चुने गये। शहर अध्यक्ष पीरज श्रीवास्तव ने कहा कि पद्मश्री, पुरुस्कार से सम्मानित सनप्पा जी ने भारत छोड़ो आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसकी वजह से उन्हे छ साल तक भूमिगत रहना पड़ा। काग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि डा स्नप्पा भरमप्पा कुम्हार जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही जनपद की प्रसिद्ध शख्सियत,



### थानाध्यक्ष परशुरामपुर भानु प्रताप सिंह अलर्ट...

जनपद बस्ती में कानून-व्यवस्था का सवाल लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। अपराधों पर लगाम लगाने के लिए डीआईजी संजीव त्यागी और प्रभारी एसपी ओमप्रकाश... शेष पेज 10 पर...

# अब शहर में घुसे चोर, युवा रात भर लाठी-डंडे लेकर करते हैं सचेत, सो रही पुलिस





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

महीने भर पहले आसपास के जिलों में चोरों के समूहों की दस्तक का अलर्ट मिलने के बावजूद कमिश्नरी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। उसी का खामियाजा है कि अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में मचने वाला चोरों का शोर शहरी इलाकों में भी पहुंच गया है। गुजैनी, बर्रा, गोविंदनगर, हनुमंत विहार इलाकों में भी लोग रतजगा कर अपने घरों की सुरक्षा कर रहे हैं। इतना होने के बावजूद पुलिस अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है।

करीब एक माह पूर्व खुफिया, एलआईयू ने इनपुट दिया था कि कानपुर के आसपास के जिलों में चोरों के समूह सक्रिय हैं। इस पर पुलिस कमिश्नर ने हाईवे और सीमा से सटे इलाकों के थानेदारों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए थे पर पुलिस सोती रही। इसी कारण 15 दिनों से चोरों की चहलकदमी और ड्रोन की असली वजह तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। गांवों से लेकर शहर तक इस समय चोरों का खौफ इस कदर है कि क्षेत्र में रहने वाले नवयुवकों की टोलियां रात में हाथों में लाठी-डंडे, टार्च, सरिया लेकर जागते रहो कहते हुए लोगों को सचेत कर रहे हैं।

हालात इस कदर बिगड़े हुए हैं कि लोगों ने अपने रिश्तेदारों को रात में न आने के लिए सचेत कर दिया है। आलम यह है कि अब रात में दूसरे क्षेत्रों में जाना भी खतरे से खाली नहीं है। अजनबियों को देखकर लोग उन्हें चोर समझकर हमला कर रहे हैं। कई घटनाएं सामने आई हैं जिसमें अजनबियों को पीट-पीटकर बेदम तक कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर लगातार चोरों की नकाबपोश में और मारपीट के बाद मरणासन्न पड़े होने पर फोटो व वीडियो वायरल हो रहे हैं।

हिरासत में लिए गए युवकों ने अपनी पहचान ज्यादातर बिहार, झारखंड समेत अन्य जनपदों की बताई है। पिछले कुछ दिनों से सबसे ज्यादा गुजैनी, बर्रा, गोविंदनगर, हनुमंत विहार, सेनपश्चिम पारा, बिधनू, चकेरी, कल्याणपुर, सचेंडी में लोग परेशान हैं।

वहीं ग्रामीण इलाकों में महाराजपुर, नरवल, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर की लाखों की आबादी रात में जागने पर मजबूर है। कई चोरियां भी हुईं लेकिन खुलासे शून्य हैं। चकेरी के दीपू सिंह, पवन सिंह, रोहित, अवधेश, राम जी, ओम, मयंक, रमेश सिंह, मालती, विमला, सुशीला व पंकज आदि ने बताया कि चोरों के कारण लोग डरे हुए हैं। रात में लाठी-डंडे, टॉर्च लेकर रात भर जगराता कर रहे हैं। लोग अब बारी-बारी से सो भी रहे हैं। रात्रि गश्त कहीं पर भी दिखाई नहीं दे रही है।

### पुराने चोरों की खंगाल रहे कुंडली

गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिसकर्मियों की संख्या सीमित है। ऐसे में लोगों से अपील है कि किसी भी इस तरह की सूचना मिलने पर पुलिस को जानकारी दें। कानून व्यवस्था अपने हाथ में न लें। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लोगों के संग बैठक कर उन्हें जागरूक करें। पुलिस चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुराने चोरों की कुंडली खंगाल रही है। *आशुतोष कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था)*

### अफसरों की फौज, फिर भी खामियाजा उठा रहा शहर

कमिश्नरी चलाने के लिए दर्जन भर से ज्यादा आईपीएस अफसरों की फौज है। साथ ही दरोगाओं की भी अच्छी खासी संख्या है। हालांकि सिपाहियों की संख्या कम है। मुखबिर तंत्र पूरी तरह से फेल है। माना जाता है कि गश्त सिपाहियों की जिम्मेदारी है लेकिन इस तरह का माहौल होने पर भी आलाधिकारी आंख बंद किए बैठे हैं।

# विद्युत विभाग ने उपभोक्ता को बना दिया कस्टमर







**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

परियर। सफीपुर विद्युत उप खंड के परियर क्षेत्र में विगत तीन वर्षों से सरकार की मंशा के अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही हैं। मुश्किल से 4 से 8 घंटे सप्लाई मिलती हैं उसमें भी हर घंटे में कम से कम 10 बार ट्रिप करती हैं। वोल्टेज भी 50 से 90 के बीच में आता हैं। इस विकराल समस्या पर महिलाओं का दर्द छलका है। निशा, राधा, आरती, प्रिया, आयुषी आदि ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नारा है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी जी नारी शशक्तिकरण पर जोर दे रहे है। किंतु क्षेत्र के लगभग 50 गांवों में विद्युत आपूर्ति के अभाव में न पढ़ाई हो पा रही हैं न ही महिलाओं द्वारा खोली गई ब्यूटी पार्लर, चाय पानी, किराना आदि दुकानें चल पा रही हैं। अनुराधा ने बैंक से लोन लेकर लाखों रुपए लगा कर सोलर पैनल सिस्टम से सूर्य घर बनवाया दिन में विद्युत सप्लाई न मिलने से वह भी बेकार साबित हो रहा हैं।

इस संबंध में एसडीओ एजाज अहमद ने बताया ऐसे क्या बताए पावर हाउस आ जाओ तो तकनीकी खराबी दिखाए।

# 11 माह के बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मां ने बुखार, पिता ने हत्या, पुलिस ने भेजा शव पोस्टमार्टम





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर में कस्बे में सोमवार सुबह 11 महीने के मासूम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष ने जहां बीमारी से मौत बताई,वहीं बच्चे के पिता ने पत्नी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम की मांग कर दी। कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने प्रार्थना पत्र के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिल्हौर कस्बे के लोहिया नगर निवासी चौधरी की बेटी लक्ष्मी की शादी वर्ष 2021 में मैनपुरी जनपद के मनीरामपुर गांव निवासी सोनू से हुई थी। रक्षाबंधन से पहले लक्ष्मी मायके में रह रही थी। दंपति का एक 11 माह का बेटा था। जिसकी सोमवार भोर में अचानक मौत हो गई। पिता सोनू ने अपने बेटे राजा की नाक-मुंह दबाकर हत्या की और बाद में शव को फ्रिज में छुपा दिया। जानकारी पर परिजनों ने बच्चेको अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टों ने उसे मृत घोषित कर दिया।लक्ष्मी के बाबा रामासरे यादव बताया कि रविवार शाम तक बच्चा बिल्कुल स्वस्थ था। केवल दांत निकलने के कारण हल्की परेशानी थी। सुबह पांच बजे बच्चे की तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन ने 10 जुलाई को फ्रिज की लाइन काटी गई, कब तक बंद रहेगा फ्रिज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




बिल्हौर नगर पालिका में प्रशासन नाम की कोई चीज ही नहीं रही है विकास कर कहां पर रुका है कहां पर क्या दिक्कत हो रही है कोई देखने वाला नहीं है नगर पालिका क्षेत्र में दिक्कतों की सूचनाओं अधिकारियों तक पहुंचती नहीं है सभासदों ने बताया कि कई बार सूचना के बाद भी नहीं हो रहा है काम इसलिए सोचकर सभी सभासद बैठे इंतजार कर रहे हैं कब कोई चमत्कार हो जो बिल्हौर में विकास हो बाकी मजबूत सड़के तोड़कर बनाई जा रही है पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। वार्ड नंबर 10 के सभासद अमित अवस्थी ने बताया कि 28 जुलाई दिन सोमवार को श्रद्धालु फीजर से अपनी पूजा के लिए ले रहे थे अचानक करंट उत्तरायण जिससे दो महिलाएं चिपक गई है शोर-गुल सुन कर पड़ोस में रहने वाले छोटे साहब व चांद बाबू ने उनकी जान बचाई अनुभव हीन कर्मचारियो से कराया जाता है काम आउट सोर्सिंग मे किए गए तमाम अनुभव हीन कर्मचारी भर्ती बड़ी दुर्घटना के इन्तजार मे नगर पालिका इससे पहले भी कई लोग आ चुके है चपेट मे सभासद कई बार कर चुके है शिकायत लगाए गए है घटिया किस्म के फीजर जनता भगवान भरोसे सुरक्षा आज तेरी कितनी 15 सितंबर को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर आशाषी अधिकारी से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि हम जल्द पहुंच कर देखते हैं

और ठीक करवाते हैं लेकिन वह शाम तक नहीं पहुंची समाजसेवी हरीश द्विवेदी उर्फ टोनी ने बताया क्या-क्या बताएं कोई सुनने वाला नहीं है भगवान शंकर की कस्बे की सबसे प्रतिष्ठित मंदिर पर पानी की व्यवस्था नहीं है।

# हिंदी दिवस पर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

यू.सी.मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गणेश नगर ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था मैया की गोद जैसी, हमारी हिंदी की बोली। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदी साहित्यकार डॉ.कामायनी शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.बिंदु सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

डॉ. कामायनी शर्मा ने कहा कि हिंदी की विलुप्त होती जा रही स्थिति चिंताजनक है और इसके लिए शिक्षकों को प्रयास करना होगा। डॉ. बिंदु सिंह ने सुझाव दिया कि हमें इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिसमें निबंध प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान, और डिबेट जैसे कार्यक्रम शामिल हो सकते हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सुंदर कविताएं और गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका श्रीवास्तव ने कहा कि हिंदी हमारी पहचान और मातृभाषा है, और हमें इसे गर्व से बोलना और लिखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन खुशबू सिंह जी द्वारा किया गया। वेबिनार में शुभांगी सिंह, कंचन श्रीवास्तव, प्रियंका गौर, वैष्णवी, सुचिता, और अन्य उपस्थित रहे।

हिंदी दिवस पर आयोजित इस वेबिनार ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा करने का एक अच्छा अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम ने लोगों को हिंदी के प्रति जागरूक करने और इसके महत्व को समझाने में मदद की।

# बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी की हद- काले सांडो की टक्कर से दो महिलाओं गंभीर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी की हद ही हो गई है सारी सीमाएं टूट गई हैं कस्बे में 200 से अधिक गोवंश गालियों कस्बे और सड़कों पर हुड़दंग मचाते रहते हैं आए दिन राहगीर छुटहिल होते हैं लेकिन इनकी दर्द की चीख-पुकार नगर पालिका प्रशासन के कानों तक नहीं पहुंचती है। रविवार को दो अलग-अलग मोहल्ले में काले सांड का आतंक देखने को मिला जिसमें दोनों बुजुर्ग महिलाएं कमर पीठ और हाथ में अधिक चोट होना बताया गया है वहीं पर डॉ मुस्ताक हड्डी रोग विशेषज्ञ के यहां परिवरीजन कर्मचारियों से हाथ जोड़ते रहे लेकिन उन्होंने दिखाने नहीं दिया डॉक्टर को ना दिखा पाने से बुजुर्ग महिला आशा देवी 65 वर्षीय पत्नी स्व बृजपाल सिंह निवासी वार्ड नंबर 6 की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने हाथ टूटा होना बताया । दूसरी बुजुर्ग महिला कुसुम देवी 60 वर्षीय पत्नी विजय तिवारी सुबह 11ः00 बजे पूजा करने जा रही थी तो पीछे से आ रहे काले सांड ने टक्कर मार दी जिसमें कमर और पीठ पर चोट बताई जा रही है वह भी घर पर लेटे कराह रही हैं। दोनों बुजुर्ग महिलाओं के परिवरीजन नगर पालिका प्रशासन को दोषी ठहरा रहे हैं कह रहे हैं कोई बुजुर्गों और जनता की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ककवन कस्बे में स्वास्थ्य शिविर में 170 मरीजों मुफ्त जांच दवा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में ककवन कस्बे में एक निजी हॉस्पिटल के द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के लगभग 170 मरीजों को मुफ्त में जांच और दवा दी गई ।ककवन के श्री ठाकुर जी महाराज मेडिकल स्टोर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पहुंचे कानपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जी के द्विवेदी ,डॉ सोनम द्विवेदी, डॉ हर्षित तिवारी की अगुवाई में मरीज को का चेकअप किया गया तथा उनको उनकी बीमारी के लिए परामर्श भी निशुल्क में दिया गया शिविर के दौरान पंजीकरण के रूप में लगभग 170 मरीजों का पंजीकरण हुआ जिसमें सभी को दवा और परामर्श दी गई आगामी माह में एक बार फिर से शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें अन्य चिकित्सक भी शामिल होंगे कैंप के दौरान अभय प्रताप सिंह, सुरेंद्र राजपूत के साथ तमाम अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। ककवन प्रधान राजू स्वर्णकार ने बताया कि जटिल बीमारियों के लिए गरीब आदमी कानपुर तक पहुंचना मुश्किल होता है इस तरह से कस्बे में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त में जांच और दवाइयां दी गई जिससे जनता को राहत मिली है इस तरह से प्रतिमाह अगर कैंप लगता रहे तो गरीबों को बहुत ही सुविधा मिलेगी।

### 5 लाख का सामान उड़ाए, दीवार तोड़कर घुसे चोर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील व थाना अंतर्गत रविवार रात एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान से चोरी की वारदात हुई। चोर दुकान की दीवार तोड़कर अंदर घुसे। मकनपुर रोड स्थित चौखंडी गांव के सामने प्राशू कटियार की दुकान को निशाना बनाया गया ।चोरों ने दुकान के मेन गेट को तोड़कर चारपहिया वाहन को अंदर घुसाया। इसके बाद पीछे की दीवार तोड़कर दुकान में प्रवेश किया। दुकान से 35 बैटरियां और 19 इन्वर्टर चोरी किए गए। चोर कई सोलर पैनल, प्रेंस, पंखे, इंडक्शन, जूसर और ट्यूबलाइट भी ले गए। इसके अलावा बल्ब, स्विच, सॉकेट, वाटर हीटर और 5 सिलेंडर किट भी चोरी हुए। दुकान में रखे 6,000 रुपये नकद भी गायब हैं। व्यापारी के अनुसार चोरी का कुल नुकसान लगभग 5 लाख रुपये है। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दे दी है। वारदात की जांच जारी है। चोरों की कार्यप्रणाली से स्पष्ट है कि वे योजनाबद्ध तरीके से आए थे। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया की प्रार्थना पत्र के आधार पर दो टीमें लगा दी गई है जल्द खुलासा होगा।

### स्कार्पियो सवार ने कार में मारी जोरदार टक्कर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत मिडुंवा गांव के समीप गलत दिशा से जा रही स्कार्पियो कार सवार ने सामने से आ रही कार में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें कार सवार गंभीर रूप से घायल होने पर पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया है। स्कार्पियो सवार हिलालपुर उत्कर्ष कटियार विपरीत दिशा में जा रहे थे कानपुर से कन्नौज की ओर तभी कन्नौज से कानपुर की ओर जा रही वेगनार कार में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें थाना मोहम्मदाबाद निवासी अतुल कुमार वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए ।अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया अस्पताल में भर्ती कराने के बाद डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया है। परिजनों को सूचना दे दी गई।

# चलती एंबुलेंस में प्रसूता ने दी स्वस्थ बच्ची को जन्म



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पनकी क्षेत्र के गोपालपुर निवासी आशुतोष की पत्नी विनीता 30 वर्ष ने कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर जा रही एंबुलेंस में ही एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। विनीता तीन वर्ष के बेटे के साथ मजदूरी का काम करती है। गर्भवती विनीता को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर पति ने 102 नंबर पर कॉल करके एंबुलेंस मंगाई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और विनीता को लेकर स्वास्थ्य केंद्र की ओर रवाना हुई।

रास्ते में विनीता की प्रसव पीड़ा इतनी तेज हो गई कि आईएमटी सतेंद्र के निर्देश पर कला का पुरवा के पास मौजूद महिला नर्स अनीता ने एंबुलेंस में ही प्रसूता का सामान्य प्रसव कराया। नर्स अनीता की समझदारी और तत्परता से प्रसव सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ और विनीता ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। जन्म के बाद मां व बच्ची को कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉ राजेश सिंह की टीम ने दोनों की पूरी जांच की। जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि जच्चा व नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ राजेश सिंह ने बताया जच्चा बच्चा दोनों पूर्णतया स्वस्थ है।नर्स ने समझदारी का परिचय देते हुए अच्छा काम

# विधायक के हॉस्टल में रेडियोलॉजी की छात्रा ने दी जान

## बेटी की मौत से डॉक्टर पिता के सपने हो गए चकनाचूर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर के काकादेव थाना इलाके के रानीगंज इलाके में रविवार शाम एक विधायक के गर्ल्स हॉस्टल में रेडियोलॉजी की छात्रा ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। वार्डन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव निकाला।

फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के गांव रजीपुर निवासी डॉ. अर्धेंदु कुमार धर की बेटी पलक धर (18) एक वर्ष पहले काकादेव के रानीगंज स्थित एवी गर्ल्स हॉस्टल में रहने के लिए आई थी।

वह सीएसजेएमयू में रेडियोलॉजी की प्रथम वर्ष की छात्रा थी। पांडुनगर चौकी इंचार्ज दीपक तिवारी के अनुसार रूम पार्टनर आराध्या मिश्रा ने बताया कि रविवार शाम कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने पलक धर को कई बार कॉल की और दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद मेस संचालक को जानकारी दी। वार्डन की सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने दरवाजा तोड़ा तो पंखे से दुपट्टे के सहारे पलक का शव लटक रहा था। पूछताछ में पता चला है कि छात्रा को अवसाद व एंजाइटी की समस्या थी।

उसकी छोटी बहन दीप्ति बिठूर में रहकर पढ़ाई कर रही है। काकादेव इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने पर ही पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

कानपुर के काकादेव के हॉस्टल में रेडियोलॉजी छात्रा पलक धर की आत्महत्या की सूचना जैसे ही छोटी बेटी दीप्ति ने हार्ट के डॉक्टर पिता अर्धेंदु कुमार धर और मां रेखा को दी वह लोग सिर पकड़कर बैठ गए। पिता को जानकारी देते हुए दीप्ति भी बेहोश हो गई। उधर, बेटी की मौत से डॉक्टर पिता के सपने भी चकनाचूर हो गए। देर रात परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गए। मां बिल्कुल बेचैन दिखीं। वहीं, पिता को लोग संभालते नजर आए। पिता अर्धेंदु खुद हृदय के मरीज हैं। उन्हें लोग ढांढस बंधाते रहे। वहीं, हॉस्टल में पलक धर के साथ रहने वाली रूम पार्टनर आराध्या मिश्रा और अन्य छात्राओं ने बताया कि पलक काफी होनहार थी। वह बीएमआरआईटी (बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी) की प्रथम वर्ष की छात्रा था। हालांकि, वह अवसाद और एंजाइटी से परेशान थी लेकिन बीमारी को पढ़ाई के आगे कभी भी हावी नहीं होने दिया।

रविवार सुबह वह लोग उठे और चर्चा करने लगे लेकिन उसे क्या पता था कि वह बात आखिरी बार हो रही है। उसका सपना था कि वह चिकित्सा इमेजिंग के क्षेत्र में एक स्नातक डिग्री कार्यक्रम की पढ़ाई करने के बाद अपने पैरों पर खड़ी होगी लेकिन इस घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है। काकादेव इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

फिलहाल सुसाइड का कारण डिप्रेशन और एंजाइटी ही वजह बताई जा रही है।

# अखिलेश ने रिवॉल्वर तान फैक्टरी और संपत्ति पर कराया था कब्जा




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

किदवईनगर निवासी महिला उद्यमी नीति कपूर ने जेल में बंद अधिवक्ता अखिलेश दुबे के खिलाफ पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। आरोप लगाया कि अखिलेश ने फैक्टरी, मकान व अन्य संपत्तियों पर उसके भाई विपिन बजाज का कब्जा करा दिया था। विरोध करने पर रिवॉल्वर तानकर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस आयुक्त ने शिकायत एसआईटी को सौंप दी है। नीति ने बताया कि उनके लकवाग्रस्त पिता रमेश चंद्र ने सितंबर 2017 में तीन फैक्टरी व एक मकान उसके नाम वसीयत कर दिए थे। इसका पता चलने पर भाई विपिन माता-पिता को परेशान करने लगा। इस पर 2018 में पिता ने भाई विपिन और बहू के खिलाफ नौबस्ता थाने में शिकायत दर्ज कराकर उसके घर आकर रहने लगे। इस पर विपिन ने अपने साथी टोनू यादव के जरिये अखिलेश दुबे से मदद मांगी। नीति का आरोप है कि अखिलेश ने अपने रसूख के दम पर उनके पिता पर मारपीट व धोखाधड़ी के चार फर्जी मुकदमे करवा दिए और अपने गुर्गों की मदद से फैक्टरी और मकान पर कब्जा करवा दिया। मदद पाने की आस में पिता अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काटते रहे। इसी तनाव में पहले मां स्नेहा और अप्रैल 2021 में पिता रमेश चंद्र का निधन हो गया। बताया कि 18 दिसंबर 2022 को टोनू यादव और उसके साथी अखिलेश के कार्यालय बुला ले गए। वहां अखिलेश ने कहा कि विपिन कारोबार में उनका साथी है। रिवाल्वर लगाकर कहा कि विपिन को परेशान करने या संपत्ति वापस पाने की कोशिश की तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। अखिलेश ने भाई को आगे कर गोविंदनगर थाने में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें जांच के बाद आरोप झूठे पाए गए थे। एसआईटी इस प्रार्थना पत्र के आरोपों की जांच कर रही है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# कुछ बात है कि हिंदी बढ़ती रही हमारी, सदियों रहा है दुश्मन

**हिंदी केवल रोज़गार का साधन ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति भी है। विश्वभर में जब भारतीय समुदाय अपनी भाषा में संवाद करता है, तो हिंदी भारतीय पहचान का दूत बन जाती है। संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों पर हिंदी की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि यह केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी प्रतिष्ठित हो रही है। भारतीय फ़िल्में और संगीत, जो दुनिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हैं, उनकी मुख्य भाषा हिंदी ही है। यह न केवल भारत की सांस्कृतिक पहुँच को बढ़ाता है, बल्कि हमारी सॉफ्ट पावर को भी मज़बूत करता है।**

*यह केवल एक तारीख़ नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़ा एक अवसर है। इस दिन 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में भारत की राजभाषा का दर्जा दिया था। तब से हर वर्ष यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और आत्मसम्मान की धुरी है। देखा जाये तो हर वर्ष 14 सितम्बर हमें यह याद दिलाने आता है कि भाषा केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। मगर यह भी सच्चाई है कि हिंदी को लेकर राजनीति का दौर कभी थमा नहीं। दक्षिण भारत से लेकर पूर्वोत्तर तक कुछ क्षेत्रीय दल समय-समय पर यह तर्क देते रहे हैं कि हिंदी को थोपने की कोशिश हो रही है। उनके लिए हिंदी का सवाल केवल भाषा का नहीं, बल्कि पहचान और अधिकार का भी है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या हिंदी का विरोध वास्तव में राष्ट्र के हित में है? हिंदी किसी पर थोपी नहीं जा रही, बल्कि यह स्वाभाविक रूप से करोड़ों भारतीयों की संपर्क भाषा बन चुकी है। रेलवे स्टेशन पर घोषणाएँ हों, फ़िल्मों के संवाद हों, या डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर सामग्री, हिंदी हर जगह मौजूद है और जनता की सहज पसंद बन चुकी है। विरोध करने वाले नेताओं को यह समझना चाहिए कि हिंदी को स्वीकार करना किसी क्षेत्रीय भाषा को कमज़ोर करना नहीं, बल्कि पूरे भारत को एक साझा सूत्र में पिरोना है। हिंदी की ताक़त इसी में है कि यह संपर्क भाषा है। अंग्रेज़ी के सहारे संवाद करने की तुलना में हिंदी ज़्यादा आत्मीय और भारतीय परिवेश से जुड़ी हुई है। विश्व की 5वीं सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषा होने के नाते यह केवल भारत की नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है। यह भारतीय सिनेमा, साहित्य, पत्रकारिता और इंटरनेट की प्रमुख धुरी है। राजनीतिक विरोध करने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता संग्राम के दौर में हिंदी ने जन-जागरण और राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई थी। महात्मा गांधी से लेकर सुभाषचंद्र बोस तक ने हिंदी को जनभाषा मानकर जनता से संवाद किया। यही कारण था कि संविधान सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिंदी को राजभाषा घोषित कर राष्ट्रीय पहचान से जोड़ा। आज जब हिंदी दिवस मनाया जा रहा है, तो उसका असली अर्थ यह है कि हम इस भाषा को केवल औपचारिकता से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता के साधन के रूप में देखें। हिंदी किसी क्षेत्रीय भाषा की प्रतिस्पर्धी नहीं है, बल्कि वह सभी भारतीय भाषाओं को जोड़ने वाली सेतु है। इसलिए, हिंदी दिवस के मायने राजनीति से ऊपर उठकर समझने होंगे। विरोध करने वालों को यह समझना चाहिए कि हिंदी भारत की आत्मा है और आत्मा से विरोध राष्ट्र को कमज़ोर करता है। हिंदी का सम्मान करना किसी और भाषा का अपमान नहीं, बल्कि भारत की एकता और सांस्कृतिक शक्ति को मज़बूत करना है। यही नहीं, आज जब दुनिया बहुभाषी संवाद की ओर बढ़ रही है, तब हिंदी का भविष्य पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल दिखाई देता है। क्योंकि हिंदी न केवल भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, बल्कि विश्व में भी पाँचवें स्थान पर है। आज शिक्षा और रोज़गार का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। डिजिटल मीडिया, विज्ञापन, पत्रकारिता, फ़िल्म, रेडियो, अनुवाद, कंटेंट राइटिंग और सोशल मीडिया प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में हिंदी की माँग लगातार बढ़ रही है। करोड़ों हिंदी भाषी उपभोक्ताओं तक पहुँचने के लिए देश-विदेश की बड़ी कंपनियाँ अपने उत्पाद और सेवाएँ हिंदी में प्रस्तुत कर रही हैं।*

---

## एक्सप्रेस आलेख

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए। हिन्दी को सम्मान एवं सुदृढ़ता दिलाने के लिये केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्रांतों की सरकारों को संकल्पित होना ही होगा। हाल में महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं तमिलनाडू में हिन्दी विरोध की स्थितियां उग्र बनी। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी इन राज्यों में इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? क्षेत्रीय भाषा के नाम पर हिन्दी की अवमानना एवं उपेक्षा के दृश्य उभरते रहे हैं, लेकिन प्रश्न है कि हिन्दी को इन जटिल स्थितियों में कैसे राष्ट्रीय गौरव प्राप्त होगा।**

# हिंदी की वैश्विक स्वीकार्यता के बावजूद देश में उपेक्षा क्यों?



ललित गर्ग

**दरअसल बाजार और रोजगार की बड़ी संभावनाओं के बीच हिंदी विरोध की राजनीति को अब उतना महत्व नहीं मिलता, क्योंकि लोग हिंदी की ताकत को समझते हैं। पहले की तरह उन्हें हिंदी विरोध के नाम पर बरगलाया नहीं जा सकता। हिन्दी भाषा का मामला भावुकता का नहीं, ठोस यथार्थ का है, राष्ट्रीयता का है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है।**

हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजनात्मक अवसर नहीं, बल्कि हमारी भाषाई अस्मिता राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक आत्मगौरव का प्रयोजनात्मक प्रतीक है। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा के रूप में हिंदी विश्व की उन चुनिंदा भाषाओं में से एक है जिसे करोड़ों लोग अपनी मातृभाषा, संपर्क भाषा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम मानते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अनेक वैश्विक मंचों पर हिंदी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। दुनिया के लगभग 180 देशों में हिंदी बोलने वाले हैं और अंग्रेज़ी, मंदारिन, स्पेनिश, अरबी जैसी भाषाओं की सूची में हिंदी भी अब शीर्ष स्थानों पर दर्ज है। फिर भी विडंबना यह है कि अपने ही देश में हिंदी को कई बार विरोध का सामना करना पड़ता है। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में क्षेत्रीय अस्मिता और भाषाई विविधता के नाम पर हिंदी के प्रति असहजता दिखाई जाती है। जबकि वस्तुतः हिंदी किसी भी क्षेत्रीय भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि उन्हें जोड़ने वाली संपर्क-भाषा है। भारत की भाषाई संरचना में हिंदी एक केंद्रीय सूत्र की तरह है। यदि अंग्रेज़ी को शिक्षा, प्रशासन और तकनीकी का आधार बनाया जा सकता है, तो हिंदी का विरोध केवल मानसिक दासता का परिणाम माना जा सकता है। आज वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो जापान ने जापानी, फ्रांस ने फ्रेंच, चीन ने मंदारिन और जर्मनी ने जर्मन को आधुनिक विज्ञान, तकनीक और व्यापार की भाषा बनाया है। ये देश अपनी भाषाओं को वैश्विक बनाते हुए भी अन्य भाषाओं से संवाद स्थापित करते हैं। जबकि भारत में अभी भी अंग्रेज़ी के प्रति अनावश्यक मोह और हिंदी के प्रति हीनभावना देखने को मिलती है। यह स्थिति हिंदी की उपयोगिता और सामर्थ्य के विपरीत है। हिंदी न केवल साहित्य और संस्कृति की भाषा है बल्कि विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, मीडिया, सिनेमा और व्यापार में भी अपनी जगह बना रही है। इंटरनेट पर हिंदी का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने हिंदी को अपने प्लेटफॉर्म पर प्राथमिक भाषा का स्थान दिया है। यह हिंदी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। हिंदी की प्रासंगिकता आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीयता की पहचान है। राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की भूमिका भारत को एकजुट करने और विश्व-पटल पर उसकी सांस्कृतिक छवि को मजबूत करने में अनिवार्य है। भाषा केवल बोलचाल का साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का भी आधार है। इसलिए हिंदी का विरोध करना अपने ही सांस्कृतिक आधार को कमजोर करना है। विश्व के 180 से अधिक देशों में हिंदी भाषी लोग रहते हैं और अमेरिका, कनाडा, मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी, खाड़ी देशों व यूरोप में हिंदी शिक्षण संस्थान स्थापित हैं। इंटरनेट की भाषा के रूप में हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बन चुकी है। यह वह स्थिति है जिसकी कल्पना दशकों पहले असंभव मानी जाती थी। लेकिन हिंदी की यह ख्याति केवल आज की तकनीकी क्रांति का परिणाम नहीं है, यह हमारी जड़ों में, संस्कारों में एवं राष्ट्रीयता की भावना में समायी हुई है। स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी ने राष्ट्र को जोड़ने, जन-जन को जागृत करने और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चेतना जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। महात्मा गांधी ने हिंदी को ÷जनमानस की भाषा÷ और राष्ट्रभाषा कहा। लोकमान्य तिलक, पं. नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, विनोबा भावे, सुभाषचंद्र बोस और सरदार पटेल सभी ने हिंदी को राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार माना। हिंदी प्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम की लौ प्रज्वलित की। 'प्रताप', 'अभ्युदय', 'कर्मवीर', 'सरस्वती' जैसी पत्रिकाओं ने जनजागरण का काम किया। कवियों और लेखकों ने अपनी रचनाओं से जनमानस को ऊर्जा दी-भारतेंदु हरिश्चंद्र से लेकर मैथिलीशरण गुप्त तक, सबने हिंदी को स्वतंत्रता संग्राम का शस्त्र बनाया। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज तक अनेक नेताओं ने हिंदी के उत्थान और प्रतिष्ठा के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर विश्व स्तर पर हिंदी की पहचान को सशक्त किया और यह संदेश दिया कि हिंदी अंतरराष्ट्रीय संवाद की भी भाषा बन सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनेक वैश्विक मंचों-ब्रिक्स सम्मेलन से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक, पर हिंदी में अपने वक्तव्य देकर हिंदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। उनके प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र में हिंदी विभाग का विस्तार हुआ और हिंदी समाचार बुलेटिन व डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर हिंदी का प्रसार बढ़ा। आज वैश्विक स्तर पर भी हिंदी की उपस्थिति लगातार मजबूत हो रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर हिंदी सामग्री का उपयोग प्रतिदिन बढ़ रहा है। अमेज़न प्राइम, नेटफ्लिक्स जैसी वैश्विक कंपनियां हिंदी कंटेंट को प्राथमिकता दे रही हैं। यूनेस्को और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में हिंदी का अनुवाद और प्रयोग बढ़ा है। अंग्रेजी के प्रति अंधमोह और हिंदी के प्रति हिचक एवं उपेक्षा एक प्रकार की मानसिक गुलामी का ही प्रतीक है। भारत जैसे बहुभाषी राष्ट्र में हिंदी का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह एक साझा संवाद का सबसे सशक्त माध्यम है। हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा और आधुनिक भारत की पहचान है। भारत से ठीक दो वर्ष पहले 17 अगस्त 1945 को इंडोनेशिया डच शासन से मुक्त हुआ और अपनी भाषा 'बहासा इंडोनेशिया' को राष्ट्रभाषा के रूप में लागू कर दिया। कुछ इसी तरह 23 अक्टूबर 1923 को जब आधुनिक तुर्की गणराज्य की स्थापना हुई, तो तत्काल तुर्की भाषा को राजकाज की भाषा के रूप में लागू कर दिया। लेकिन भारत में राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण-स्वार्थी सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा क्योंकि भारत और अन्य देशों में 120 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी हिंदी बोलती व समझती है। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश तो हिंदी भाषियों द्वारा ही बसाए गये हैं। भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है।




**भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से आक्सीजन लेने वाले दल एवं नेता भी अंग्रेजी में दहाड़ते देखे गये हैं। राजनेता बात हिन्दी की करते हैं, पर उनका दिमाग अंग्रेजीपरस्त है, क्या यह अन्तर्विरोध नहीं है? हिन्दी को वोट मांगने और अंग्रेजी को राज करने की भाषा बनाना हमारी राष्ट्रीयता का अपमान नहीं हैं।**

---

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 24:24 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 06:44 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | वरीघा, 24:29 तक |
| सूर्योदयः | 06:07 |
| सूर्यास्तः | 18:17 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 15:14-16:46 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मासः | अश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:47 -12:36 |

## जन एक्सप्रेस

### प्रतिक्रियाएं तरह तरह !

*भारत पाक मैच को ।*
*है लेकर बवाल ।।*
*प्रतिक्रियाएं तरह तरह ।*
*उठ रहे सवाल ।।*
*है कोई राजी ।*
*और कहीं इनकार ।।*
*अपने अपने ढंग से ।*
*उत्तर की बहार ।।*
*हो रहे प्रदर्शन ।*
*है सीधी ललकार ।।*
*फैसले पर करना ।*
*होगा पुनर्विचार ।।*
*हैं कुछ अब तैयार ।*
*देखने को जंग ।।*
*जीत वाला बल्ला ।*
*लाता जो उमंग ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डिजिटल सनसेट है हेल्दी माइंड और डीप स्लीप का सीक्रेट



**आज** की डिजिटल लाइफस्टाइल में हम सुबह आंख खुलते ही मोबाइल देखते हैं और रात को सोने से पहले भी स्क्रीन पर ही रहते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी की आदत बन चुकी है कि वे देर रात तक मोबाइल, टीवी या लैपटॉप का इस्तेमाल करते हैं। यह आदत नींद की क्वालिटी, मानसिक स्वास्थ्य और आंखों की रोशनी पर सीधा असर डालती है। ऐसे में डिजिटल सनसेट यानी सोने से 1 से 2 घंटे पहले सभी डिजिटल डिवाइस से दूरी बनाना एक हेल्दी आदत है। अमेरिकी स्लीप फाउंडेशन के अनुसार, स्क्रीन की नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन को दबा देती है जो गहरी नींद के लिए जरूरी है। अगर बच्चे और बड़े रोजाना डिजिटल सनसेट अपनाएं, तो उनका दिमाग शांत होता है, फोकस बढ़ता है, तनाव कम होता है और नींद बेहतर होती है। इस लेख में समझेंगे कि डिजिटल सनसेट क्या है और इसके फायदे क्या हैं।

**डिजिटल सनसेट क्या है?:** डॉ. नेहा आनंद ने बताया कि डिजिटल सनसेट का मतलब है रात को सोने से कम से कम 60 से 120 मिनट पहले मोबाइल, लैपटॉप, टीवी जैसी स्क्रीन को बंद कर देना। यह समय दिमाग और शरीर को प्राकृतिक नींद की लय में लौटने में मदद करता है।

**मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है:** तनाव, चिड़चिड़ापन और एंग्जाइटी कम होती है। दिमाग को शांत करके पॉजिटिव सोच और फोकस बढ़ाता है। बच्चों और किशोरों में भावनात्मक स्थिरता लाता है। अच्छी नींद के लिए फायदेमंद है **डिकजटल डिटॉक्स:** डिजिटल डिटॉक्स की मदद से मेलाटोनिन हार्मोन का लेवल संतुलित रहता है जिससे नींद जल्दी आती है। नीली रोशनी से बचकर दिमाग रिलैक्स मोड में जाता है। बार-बार नींद टूटने या देर से सोने की समस्या कम होती है। बच्चों के ग्रोथ हार्मोन बेहतर ढंग से काम करते हैं।

**आंखों और शारीरिक स्वास्थ्य पर फायदे:** स्क्रीन टाइम घटाने से आंखों की थकान, ड्राईनेस और सिरदर्द कम होता है। शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल घटता है। लंबी अवधि में वेट मैनेजमेंटऔर हार्मोन बैलेंस में मदद मिलती है। गर्दन और पीठ के दर्द भी कम होता है।

**निष्कर्षः** डिजिटल सनसेट एक आसान लाइफस्टाइल बदलाव है। रोजाना रात को सोने से 1 से 2 घंटे पहले सभी डिजिटल डिवाइस से दूरी बनाने से न केवल गहरी नींद आती है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।

---

## एक्सप्रेस विशेष

# 2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति बोलेगा हिंदी



प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

**जो अपनी भारतीयता को उसकी भाषा, उसकी परंपरा, उसकी संस्कृति के साथ समग्रता में स्वीकार करेंगे। जिनके लिए परंपरा और संस्कृति एक बोझ नहीं, बल्कि गौरव का कारण होगी। यह नौजवानी आज कई क्षेत्रों में सक्रिय दिखती है।**

**ऐसे चेहरे, जो भारत की बात भारत की भाषाओं में करेंगे। जो अंग्रेजी में दक्ष होंगे, किंतु अपनी भाषाओं को लेकर गर्व से भरे होंगे। उनमें 'एचएमटी' यानी 'हिंदी मीडियम टाइप' या 'वर्नाकुलर पर्सन' कहे जाने पर हीनता पैदा नहीं होगी, बल्कि वे अपनी भाषा से और अपने काम से लोगों का और दुनिया का भरोसा जीतेंगे। हिंदी और भारतीय भाषाओं के इस समय में देश ऐसे युवाओं का इंतजार कर है।**

**भाषा** संवाद संप्रेषण का सशक्त माध्यम है। मनुष्य को इसलिए भी परमात्मा की श्रेष्ठ कृति कहा जाता है कि वह भाषा का उपयोग कर अपने भावों को अभिव्यक्त करने में सक्षम है। यही विशेषता है, जो मनुष्य को अन्य प्राणियों से भिन्न करती है हिंदी एक बहुआयामी भाषा है। यह बात इसके प्रयोग क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए भी समझी जा सकती है। यह अलग बात है कि हिंदी भाषा की बात करते समय हम सामान्यतः हिंदी साहित्य की बात करने लगते हैं। इसमें संदेह नहीं कि साहित्यिक हिंदी, हिंदी के विभिन्न आयामों में से एक है, लेकिन यह केवल हिंदी के एक बड़े मानचित्र का छोटा-सा हिस्सा है, शेष आयामों पर कम विचार हुआ है और व्यावहारिक हिंदी की पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए तो और भी कम विमर्श हमारे सामने हैं। यदि हिंदी भाषा के आंतरिक इतिहास का उद्घाटन करना हो तो नामकरण ही उसका आधार बन सकता है। हिंदी, हिंदवी, हिन्दुई और दकिनी के विकास क्रम में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि अलग-अलग समय में एक ही भाषा के भिन्न नाम प्रचलित रहे हैं। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना है। यह करीब 11वीं शताब्दी से ही राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित रही है। उस समय भले ही राजकीय कार्य संस्कृत, फारसी और अंग्रेजी में होते रहे हों, लेकिन संपूर्ण राष्ट्र में आपसी संपर्क, संवाद, संचार, विचार, विमर्श, जीवन और व्यवहार का माध्यम हिंदी ही रही है। भारतेंदु हरिश्चन्द्र, स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों ने राष्ट्रभाषा हिंदी के माध्यम से ही संपूर्ण राष्ट्र से सम्पर्क किया और सफलता हासिल की। इसी कारण आजादी के पश्चात संविधान-सभा द्वारा बहुमत से 'हिंदी' को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय किया था। जैसे-जैसे भाषा का विस्तार क्षेत्र बढ़ता जाता है, वो भाषा उतने ही अलग-अलग रूप में विकसित होना शुरू हो जाती है, यही हिंदी भाषा के साथ हुआ, क्योंकि यह भाषा पहले केवल बोलचाल की भाषा तक ही सीमित थी। उसके बाद साहित्यिक भाषा के क्षेत्र में इसे जगह मिली, और फिर समाचार-पत्रों में 'हिंदी पत्रकारिता' का विकास हुआ। अपनी अनवरत यात्रा के कारण स्वतन्त्रता के बाद हिंदी, भारत की राजभाषा घोषित की गई तथा उसका प्रयोग कार्यालयों में होने लगा और हिंदी का एक राजभाषा का रूप विकसित हुआ। अगर हम आंकड़ों में हिंदी की बात करें तो 260 से ज्यादा विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। 64 करोड़ लोगों की हिंदी मातृभाषा है। 24 करोड़ लोगों की दूसरी और 42 करोड़ लोगों की तीसरी भाषा हिंदी है। इस धरती पर 1 अरब 30 करोड़ लोग हिंदी बोलने और समझने में सक्षम हैं। 2030 तक दुनिया का हर पांचवा व्यक्ति हिंदी बोलेगा। यूएई और फिजी जैसे देशों में हिंदी को तीसरी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। हिंदी की देवनागरी लिपि वैज्ञानिक लिपि मानी जाती है, ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में 18 हजार शब्द हिंदी के शामिल हुए हैं, और सबसे बड़ी बात कि जो तीन साल पहले अंग्रेजी इंटरनेट की सबसे बड़ी भाषा थी, अब हिंदी ने उसे पीछे छोड़ दिया है। गूगल सर्वेक्षण बताता है कि इंटरनेट पर डिजिटल दुनिया में हिंदी सबसे बड़ी भाषा है। अक्सर ये प्रश्न पूछा जाता है कि हिंदी ही हमारी राजभाषा क्यों? इसका जवाब बहुत पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिया था। महात्मा गांधी ने किसी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिये जाने के लिए तीन लक्षण बताए थे। पहला कि वो भाषा आसान होनी चाहिए। दूसरा प्रयोग करने वालों के लिए वह भाषा सरल होनी चाहिए। और तीसरा उस भाषा को बोलने वालो की संख्या अधिक होनी चाहिए। अगर ये तीनों लक्षण किसी भाषा में थे, हैं और रहेंगे, तो वो सिर्फ हिंदी भाषा ही है। आज भाषा को लेकर संवेदनशील और गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। इस सवाल पर भी सोचना चाहिए कि क्या अंग्रेजी का कद कम करके ही हिंदी का गौरव बढ़ाया जा सकता है? जो हिंदी कबीर, तुलसी, रैदास, नानक, जायसी और मीरा के भजनों से होती हुई प्रेमचंद, प्रसाद, पंत और निराला को बांधती हुई, भारतेंदु हरिशचंद्र तक सरिता की भांति कलकल बहती रही, आज उसके मार्ग में अटकले क्यों हैं? यदि हम सच में चाहते हैं कि हिंदी भाषा का प्रभुत्व राजभाषा के रूप में बना रहे, तो हमें इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना होगा। सरकारी कामकाज में हिंदी को प्राथमिकता देनी होगी। ऐसे में भरोसा फिर उन्हीं नौजवानों का करना होगा, जो एक नए भारत के निर्माण के लिए तैयार हैं। जो अपनी जड़ों की ओर लौटना चाहते हैं। भरोसे और आत्मविश्वास से दमकते ऐसे तमाम चेहरों का इंतजार भारत कर रहा है।

# आपसी सुलह सदभाव से ही विकास संभव जिला जज सैयद माउज बिन आशिम

■ 66 दंपत्ति साथ-साथ विदा, मोटर एक्सीडेंट के 155 मामले निपटाए, आठ करोड़ से अधिक का मुआवजा दिलाया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



जिला जज सैयद माउज़ बिन आशिम ने राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन करते शांतिपूर्ण परिवेश पर बल दिया, कहा आपसी सुलह व सदभाव से ही विकास संभव है, इस आयोजन में विभिन्न अदालतों ने 77389 मामले सुलह समझौता और जुर्म इकबाल के आधार पर निस्तारित किया, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वीरेन्द्र नाथ ने बताया कि जिला जज सैयद माउज़ बिन आशिम ने सात, एडीजे शैलोज़ चन्द्रा ने सात, एडीजे अशोक दुबे ने एक, राजेश्वरी टोलिया ने तीन, एडीजे मनोज सिंह ने 348 एडीजे देवेंद्र नाथ सिंह ने दो, अभिषेक श्रीवास्तव ने सात, एडीजे गुलाम मुस्तफा ने चार, एडीजे पूनम सिंह ने पांच एडीजे नूरी अंसार ने बीस, एडीजे विष्णु देव सिंह ने एक, एडीजे एफटीसी पूनम सिंह ने पांच एडीजे भूलेराम ने दो मुकदमे निस्तारित किए, तो सीजेएम प्रमोद सिंह यादव ने सर्वाधिक 3550, एसीजेएम रेनू यादव ने 1113, एसीजेएम प्रदीप सिंह कुशवाहा ने 1156, एसीजेएम किरण मिश्र ने 1063 मुकदमे निस्तारित किए। जिला जज मोटर वाहन कपिला राघव ने एक्सीडेंट के बाद परिवार की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए बीमा कंपनियों और रोडवेज के अधिकारियों को अधिकाधिक मामले सुलह समझौता से निबटाने के लिए निर्देशित किया जिसके चलते इस बार सर्वाधिक 110 मामले में पीड़ित परिवार वालों को छह करोड़ 87 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है तथा वसूली के 45 मामलों में एक करोड़ 43 लाख रुपए की धनराशि प्रदत्त की है।परिवार न्यायालय में 180 मामलों को सुलह समझौते से निस्तारित किया जिसमे एडीजे राहुल आनंद ने 104 मुकदमे और प्रधान न्यायाधीश भगवान दयाल भारती ने 76 मुकदमे निस्तारित किए, इस दौरान 66 दंपत्ति साथ साथ मिलकर परिवार चलाने के लिए कचहरी से विदा हुए।

## सीएम योगी ने अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता से फोन पर की बात

जन एक्सप्रेस। बरेली

अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग मामले में उनके पिता जगदीश चंद्र पाटनी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फोन पर बात की। उन्हें भरोसा दिलाया कि अपराधियों पर हर हाल में कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दिशा पाटनी की सोमवार को मुंबई वापसी होने पर सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार रात अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता जगदीश चंद्र पाटनी से फोन पर बात की। जगदीश चंद्र पाटनी ने वीडियो बयान जारी कर इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि सीएम योगी ने उनसे घटना की जानकारी लेकर उनके परिवार को सांत्वना दी। कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश आपके साथ है। परिवार की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होने दी जाएगी। हमलावरों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## गन्ना समिति की सामान्य निकाय की बैठक आयोजित

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



मैगलगंज गन्ना समिति की सामान्य निकाय की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में गन्ना किसानों को भी अपनी समस्याएं समिति और चीनी मिल के प्रतिनिधियों के सामने रखने का अवसर दिया गया।किसानों ने सीधे तौर पर घटतौली और उतरवाई समेत कई शिकायतें रखी।गन्ना समिति के चेयरमैन राजेन्द्र मिश्र उर्फ पप्पू ने कहा कि किसानों से गन्ना उतरवाई के नाम पर वसूली बंद होगी। गन्ना समिति के अध्यक्ष ने कहा कि समिति से निर्देश दिए हैं कि घटतौली रोकने के लिए मिले अपने गेट पर 10 टन का मैनुअल कांटा लगाएं, जिससे किसानों को कोई शंका होती है तो वह अपना गन्ना वहां पर कम ज्यादा चेक सकता है।दोनों चीनी मिलें गन्ना किसानों के हित में कार्य कर रही हैं, जो दिक्कतें आ रहीं हैं उनमें सुधार करें। योगी सरकार में मिलों को किसी दबाव में काम करने की आवश्यकता नहीं है, हमारी सरकार वैसे भी उद्योगों को बढ़ावा देती है लेकिन किसान हित ध्यान रखते हुए मिले काम करें। गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि समिति में वर्षो से जमे लोग हटाए गए हैं, अब काम करने वाला स्टाफ है। अब हमारा लक्ष्य मिलों के रवैया में सुधार लाने का है। भरोसा है मिलें भी गन्ना किसानों के हित में मजबूती से काम करेंगी। निदेशक अनुज शुक्ला ने किसानों की समस्याएं रखी, जिनके जवाब लिखित में मांगे गए हैं। इस बैठक में गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष बृजेश सिंह, आदित्य कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अंकित त्रिवेदी, अनिल राठौर सत्यभान सिंह, चंद्रभान वर्मा, समेत सभी निदेशक मौजूद रहे। और अजबापुर चीनी मिल के जीएम केन, रीजनल मैनेजर और कुंभी मिल के अधिकारी मौजूद रहे।

## लूट के बाद महिला इंजीनियर को ट्रेन से धक्का देने के दोषी को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस। बरेली। अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने महिला इंजीनियर का पर्स लूटने के बाद उसे ट्रेन से धक्का देने के दोषी भोजीपुरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कंचनपुर पीपलसाना निवासी राहुल गिहार को सोमवार को उम्रकैद और दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। किच्छा निवासी सुमन प्रकाश शर्मा ने 20 अगस्त 2016 को बहेड़ी थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी जागृति शर्मा निजी कंपनी में इंजीनियर है। 19 अगस्त को सुबह वह 15043 लखनऊ- काठगोदाम एक्सप्रेस में इज्जतनगर से किच्छा के लिए सवार हुई। ट्रेन भोजीपुरा से चली तो एक शातिर ने उसका पर्स छीन लिया। जागृति ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। इससे जागृति गंभीर रूप से घायल हो गई। बरेली सिटी जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की तो राहुल गिहार का नाम सामने आया। जीआरपी ने 23 अगस्त को राहुल को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर जागृति से लूटा गया पर्स बरामद कर लिया। पर्स में रेल टिकट, डेबिट कार्ड व अन्य पहचानपत्र मिले। वारदात के छह दिन बाद होश आने पर जागृति ने शिनाख्त परेड में आरोपी की पहचान की।

# विधायक प्रवक्तानंद ने सुनीं 128 विधानसभा क्षेत्र की समस्याएं, लोगों का उमड़ा जन सैलाब

### जनता दर्शन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, प्रसाद ग्रहण कर भक्त हुए भावविभोर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत






तराई के जनपद बांसुरी नगरी पीलीभीत के 128 विधानसभा के अंतर्गत बरखेड़ा क्षेत्र के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के जनता दरबार में यूं तो सैकड़ो लोगों की समस्याएं लोग रोज लेकर आते हैं और उनका निस्तारण भी होता हैं। साथ ही सभी को खान पान की भी उचित व्यवस्था बरखेड़ा विधायक द्वारा की जाती हैं। 2 दिन अपने ही विधानसभा में बाढ़ एवं अन्य समस्याओं को लेकर बाहर रहे महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज जैसे ही आज अपने सोमवार को श्री परम अक्रियधाम आश्रम, खमरियापुल में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज आमजन की समस्याओं से रूबरू हुए। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए रिकॉर्ड तोड़ नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें विधायक ने गंभीरता से सुना और तत्काल समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और राजस्व संबंधी मामलों के साथ-साथ कई व्यक्तिगत शिकायतें भी रखी गईं। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का असली दायित्व जनता की समस्याओं को दूर करना है और वे इस पर कोई समझौता नहीं करेंगे। जनता दर्शन केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक मिलन का केंद्र भी रहा। आश्रम पहुंचे भक्तजनों ने प्रसाद एवं भोजन ग्रहण किया। विधायक ने स्वयं सभी को भोजन परोसकर आत्मीयता का परिचय दिया। उपस्थित लोग विधायक के इस व्यवहार से गद्गद हो उठे। जनता दर्शन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ और समस्याओं के त्वरित समाधान को देख क्षेत्रवासियों ने कहा कि स्वामी प्रवक्तानंद महाराज केवल विधायक ही नहीं, बल्कि जन-जन के सच्चे सेवक और मार्गदर्शक हैं। उन्होंने विधायक की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए भरोसा जताया कि उनकी पहल से क्षेत्र की कई पुरानी समस्याओं का हल निकलेगा।

## 75वां पीएम मोदी का जन्मदिन

### कलेक्ट्रेट परिसर में 17 सितंबर को लगेगी विशेष प्रदर्शनी, तैयारियां शुरू



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन मनाया जाएगा। इस अवसर पर 17 सितंबर को विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 15 सितंबर 2025 दिन सोमवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी की तैयारियां 15 सितंबर यानी आज से शुरू हो गई हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में पंडाल लगाने का काम चल रहा है। लखीमपुर जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया आज कलेक्ट्रेट परिसर में पंडाल लगने का कार्य चल रहा है वही आज शाम तक पंडाल पूरी तरीके से लग जाएगा पंडाल वाटरप्रूफ लगाया जा रहा है ताकि बारिश में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो। आगामी कल यानी 16 सितंबर को पंडाल को सजाया जाएगा। इसी दिन प्रदर्शनी को अंतिम रूप दिया जाएगा। 17 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आज 15 सितंबर को तैयारियां दोपहर 1 बजे से शुरू की गई हैं।

## रेलकर्मी के बंद घर पर चोरों का धावा

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली जंक्शन स्थित नॉर्थ रेलवे कॉलोनी में रेल कर्मचारी के घर चोरों ने उत्पात मचाया। चोर नकदी व सामान के साथ ही घर में रखा राशन का सामान और आलू प्याज तक चुरा ले गए। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद कोतवाली पुलिस और रेलवे पुलिस ने संज्ञान नहीं लिया है। जंक्शन स्थित नॉर्थ रेलवे कॉलोनी निवासी रविकांत रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। रविकांत ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह पिछले रविवार को पत्नी बच्चों के साथ अपने गांव गए थे। घर के दरवाजे पर ताला लगा था। बृहस्पतिवार सुबह चार बजे जब रविकांत घर आए तो उन्होंने देखा कि घर के बीच वाला दरवाजा कटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। पता लगा कि घर से तीन एंड्राइड फोन, करीब बीस हजार रुपये, घर का राशन और रसोई से आलू-प्याज भी चोरी हो गया है। रविकांत ने बताया कि उन्होंने यूपी 112 को कॉल कर पुलिस को सूचना दी। कोतवाली व जंक्शन चौकी पर तहरीर देकर शिकायत की।

# कार सवार बदमाशों ने दंपती को लूटकर दहशत फैलाई, विरोध पर युवक को पीटा




शिकार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में रविवार रात बदमाशों ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। कार सवार चार लुटेरों ने बाइक सवार दंपती को रोककर उनसे मोबाइल, नकदी और जेवर लूट लिया। विरोध करने पर युवक को डंडों से पीटकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित दंपती थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### इलाज से लौटते समय बने

अमरिया थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर निवासी तसदीक अहमद रविवार रात अपनी पत्नी सबाना को शहर के निजी अस्पताल से दवा दिलाकर बाइक से घर लौट रहे थे। रात लगभग 10 बजे जब वे जहानाबाद रेलवे क्रॉसिंग के पास मोड़ पर पहुंचे, तभी एक कार सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक को रोक लिया। तसदीक ने बताया कि बदमाशों ने उनसे आईफोन 16 प्रो, दो हजार रुपये नकद, पत्नी का पर्स और सोने का नाक का फूल छीन लिया। जब उन्होंने विरोध किया तो लुटेरों ने उन्हें डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद घायल तसदीक पत्नी को साथ लेकर सीधे जहानाबाद थाने पहुंचे और पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया।

सूचना पाकर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार विश्नोई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज, लुटेरों की तलाश जारी

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम गठित कर लुटेरों की तलाश तेज कर दी गई है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। हालांकि बताते चले की इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि रात के समय बदमाश खुलेआम वारदात कर रहे हैं, जिससे राहगीर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## किसानों की हुंकार से गूंजा पीलीभीत डीएम ने दिया कार्रवाई का भरोसा

■ किसान भवन से कलेक्ट्रेट तक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का काफिला, 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बैनर तले किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसान भवन, मंडी परिसर से शुरू हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और वाहनों का विशाल काफिला नारेबाजी करता हुआ कलेक्ट्रेट पहुंचा। जिलाध्यक्ष भजन लाल क्रोधी की अगुवाई में किसानों ने जिलाधिकारी को 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा।

किसानों ने कहा कि बाढ़ से सबसे अधिक नुकसान खेती-किसानी को हुआ है, लेकिन अब तक न तो प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिला और न ही राहत सामग्री पारदर्शिता से बंटी। गन्ना मिलों पर करोड़ों रुपये का भुगतान बकाया है, जिस पर ब्याज सहित जल्द निपटान होना चाहिए। साथ ही तहसीलों व रजिस्ट्री कार्यालयों में अवैध उगाही, खाद की किल्लत, आवारा पशुओं का आतंक, गौशालाओं में भ्रष्टाचार और प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस जैसे मुद्दों पर भी किसानों ने प्रशासन को घेरा।किसानों का कहना था कि जब तक उनकी समस्याओं का ठोस समाधान नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने साफ कहा कि अगली बार आंदोलन मंडी से मिल गेट और तहसीलों तक फैलाया जाएगा।

कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों की समस्याओं को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि सभी मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे, जिन्होंने कहा कि भाकियू (भानु) किसानों के हक की लड़ाई हर हाल में जारी रखेगा।

## दलित समाज के समग्र विकास हेतु संकल्पबद्ध योगी सरकार: जुगुल किशोर



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

मैगलगंज भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं बाबा भीमराव अम्बेडकर उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जुगुल किशोर जी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति समाज के विभिन्न जनपदों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में उत्तर प्रदेश के दलित समाज के उत्थान से संबंधित विषयों पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा के प्रचार- प्रसार, अंबेडकर पार्कों के सौंदर्यीकरण, युवाओं को उद्यमिता एवं रोजगार से जोड़ने तथा समाज के सर्वांगीण विकास पर विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया कि दलित समाज को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु सरकार निरंतर कार्यरत है।इस अवसर पर जुगुल किशोर ने कहा कि दलित समाज के समग्र विकास हेतु योगी सरकार संकल्पबद्ध है और समाज के हर वर्ग को न्याय व अवसर दिलाने के लिए सतत प्रयास कर रही है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पूरा हुआ सौ वर्ष,मनाया शताब्दी वर्ष

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। हजारा। संघ का सौ वर्ष पूरा होने पर स्वयं सेवकों ने ट्रांस शारदा क्षेत्र में जिला प्रचारक के नेतृत्व में राष्ट्रीय मंडल एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए शताब्दी वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल एकत्रीकरण कार्यक्रम व विजयदशमी की पूर्व तैयारी के साथ साथ संघ अपना शताब्दी वर्ष भी मना रहा है।वर्ष 1925 में बना यह संगठन अपने 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। ट्रांस शारदा क्षेत्र रामनगर मंडल कबीरगंज में मंडल एकत्रीकरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रचारक दुष्यंत जी व जिला कार्यवाह डालचंद जी का अमृत वचन प्राप्त हुआ व उपस्थित जिला संपर्क प्रमुख नरेश,तहसील प्रचारक देवेश, सह खंड कार्यवाह देवेंद्र सिंह नेगी,मंडल कार्यवाह अनिल गुप्ता व ट्रांस शारदा क्षेत्र के सैकड़ों स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।



### पिकअप चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। हजारा। बाईक सवार युवक को पिक अप ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए पिकअप को हिरासत में लेकर थाने में खड़ा करा लिया है मगर चालक फरार हो गया है पुलिस चालक की तलाश में जुटी हुई है। हजारा थाना क्षेत्र के गांव कबीरगंज निवासी विरेन्द्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि उनके पिता भगवानदीन आठ सितंबर को शान्ति नगर बैंक से घर वापस जा रहे थे।मुरैनिया गांधीनगर के पास सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे सिर में चोट लगने से भगवानदीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए पड़ोसी जिला लखीमपुर-खीरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। उधर हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव ने बताया है कि मामले का मुकदमा दर्ज कर दुर्घटना में शामिल पिक अप क्क32 अह 0977 को हिरासत में लिया गया है और फरार चालक को तलाश कर शीघ्र ही जेल भेजा जाएगा।

### 10 दिवसीय सर्वे/सट्टा सुधार हेतु पलिया समिति में लगेगा मेला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। पलिया सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड पलिया द्वारा समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन 18 सितंबर से 27 सितंबर तक मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में किसान भाई अपना गन्ना सर्वे तथा सट्टे का अच्छी तरह से अवलोकन कर समस्त आवश्यक सुधार करा सकते हैं ,जैसे कृषि योग्य भूमि दर्ज कराना, समिति के नये सदस्य बनना,गन्ना रकबे का पारिवारिक फटवारा/छूटे रकबे को चढ़वाना,गन्ना प्रजाति,मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर व बैंक खाता दर्ज कराना इत्यादि से सम्बन्धित सभी आवश्यक अभिलेख जमाकर समिति में होने वाले किसान मेले में समय रहते सुधार करा सकते हैं।आगामी 18 सितंबर से लगने वाले किसान मेले में गन्ना समिति के सचिव धर्मेन्द्र दूवे एवं जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय ने संयुक्त रूप से सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि सट्टा संशोधन के साथ ही गन्ना समिति के नये सदस्य बनने के इच्छुक किसान गन्ना विभाग की साइट ष्ड्डद्गद्धह्लश्च.द्बद्ब पर आनलाइन आवेदन करने के पश्चात समिति कार्यालय में 221 रुपए की सदस्यता शुल्क जमा करके रसीद प्राप्त कर लें। तथा आवश्यक पेपर जैसे आधार, बैंक पासबुक की छायाप्रति, मोबाइल नंबर व कृषक का फोटो ग्राफ मेरे में सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक को दे दें अथवा 30 सितंबर तक कार्यालय में जमा करा दे। किसी प्रकार की समस्या होने पर गन्ना विभाग से संपर्क करें।

### तेंदुआ दिखा केले के खेत में वन विभाग ने लगाए कैमरे

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी। दक्षिण निघासन लुधौरी वन रेंज क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। निघासन तहसील के परमोधापुर गांव की गौशाला के पास केले के खेत में तेंदुआ देखा गया है। इसका वीडियो भी सामने आया है।ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचित किया कि तेंदुआ खेतों के आस-पास घूम रहा है। इस वजह से वे अकेले खेतों में नहीं जा रहे हैं। उन्होंने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दक्षिण निघासन लुधौरी वन रेंज के गजेंद्र सिंह के अनुसार उनकी टीम क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही है। वन विभाग ने दो कैमरे लगाए हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।ग्रामीण वन विभाग से लगातार निगरानी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि तेंदुए को पकड़े जाने तक वे खेतों में जाने से डर रहे हैं।

## युवती को शादी का झांसा देकर तीन माह तक किया दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। हजारा। नौकरी लगवाने का लालच देकर युवती को हिमाचल प्रदेश ले गए आरोपितों ने उसे शादी का झांसा देकर तीन माह तक दुष्कर्म किया।शादी करने की बात कहने पर घर ले जाकर मारपीट की।जबरन कीटनाशक पिला कर जान से मारने का प्रयास किया।पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को बताया कि हिमाचल प्रदेश के गांव कुल्हाड़ी वाला, बरोटी वाला सोलन निवासी प्रदीप चौधरी उसकी बहन वंदना चौधरी ने इंस्टाग्राम की आईडी से उसका पता निकाल कर बातचीत शुरू कर दी।इसके बाद आरोपित प्रदीप चौधरी ने अपनी बहन व अन्य दो महिलाओं के साथ कंपनी में 25 से तीस हजार रुपये की नौकरी दिलाने का लालच देकर जनवरी में हिमाचल ले गए।आरोपितों ने इधर उधर काम लगवा दिया।इस दौरान प्रदीप चौधरी ने शादी करने की इच्छा जताई।अलग अलग नंबरों से फोन कर दबाव बनाया।इस पर वह शादी करने को मान गई।आरोप है कि प्रदीप चौधरी शादी करने का झांसा देकर उसे अपने घर ले गया।जबरन शारिरिक संबंध बनाए।आरोपित तीन माह तक शादी का झांसा देकर शारिरिक संबंध बनाता रहा।दहेज में बाइक की मांग की।युवती ने आरोपित को पचास हजार रुपये नकद और दस हजार फोन पेय कर दिए।रुपये लेने के बाद आरोपित टाल मटोल करने लगा।युवती ने बाइक खरीदने की जानकारी की तो आरोपित प्रदीप चौधरी,बहन मोना चौधरी,वंदना चौधरी,मां प्रकाश देवी,भाई अमित चौधरी आक्रोशित हो गए। आरोपित उसे कार में लादकर घर ले गए।लात घूसों से मारपीट की। 11 जून को जान से मारने की नियत से जबरन कीटनाशक पिला दिया। आरोपितों ने जानकारी युवती की मां को फोन पर दी।इसके बाद उपचार के लिए चंडीगढ़ में भर्ती कराया।आरोपित शादी करने और रुपये वापस करने की बात से मुकर गए।आरोप है कि धोखाधड़ी कर नशे की हालत में सादे स्टाम्प पेपरों पर हस्ताक्षर करा लिए।आरोपित गैंग बनाकर धोखाधड़ी करते हैं।

# डूबकर मृत युवक के परिजनों को मिला विधायक का सहारा, विधायक पहुंचे मृतक युवक के घर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



ग्राम जनकपुरी के लोधी परिवार में पसरा मातम सोमवार को कुछ क्षणों के लिए संवेदना और संबल में बदल गया। करीब एक सप्ताह पूर्व पानी में डूबकर हुई अनुज कुमार लोधी की असामयिक मृत्यु से गांव शोक में डूबा हुआ था। इस दुख की घड़ी में बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने परिवार को ढांढस बंधाया और शासन से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि परिजनों तक पहुंचाई।

अनुज के पिता को सहायता का प्रमाणपत्र सौंपते समय विधायक के शब्द और परिवार की आंखों से छलकते आंसू सब कुछ बयां कर रहे थे। सत्ता की राजनीति से इतर स्वामी प्रवक्तानंद ने यह दिखाया कि जनप्रतिनिधि का असली धर्म जनता के सुख-दुख में सहभागी होना है।

विधायक ने परिजनों से कहा कि दुख की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं, पूरा संगठन और प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और यह भरोसा दिया कि भविष्य में भी शासन-प्रशासन हरसंभव मदद करेगा। आर्थिक सहायता राशि हस्तांतरण के मौके पर तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि प्रशासन और समाज जब मिलकर खड़े होते हैं, तो पीड़ित परिवार का दुख कुछ हद तक हल्का हो जाता है।

अनुज लोधी की असमय मृत्यु अपूरणीय क्षति है, लेकिन विधायक की पहल से मिली यह सहायता राशि परिवार को नई उम्मीद और संबल देगी। राजनीति का सही अर्थ यही है कि नेता केवल मंच पर भाषण न दें, बल्कि पीड़ितों के घर जाकर उनके दुख-दर्द में सहभागी बनें। यह कदम अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी उदाहरण है।

# सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने पीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा
- अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर पूरे देश में एक साथ दिया गया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



देशभर के लाखों शिक्षकों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले 01 सितम्बर 2025 के उच्चतम न्यायालय के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) संबंधी निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप हेतु अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को सौंपा।
प्रदेशीय मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि एबीआरएसएम के तत्वाधान में पूरे भारत में एक साथ जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमन्त्री को ज्ञापन भेजा गया है। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार सभी सेवारत शिक्षकों के लिए उनकी नियुक्ति की तिथि चाहे जो भी हो शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य कर दिया गया है। इस निर्णय ने देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल दिया है। जिला महामंत्री इलयास मंसूरी ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त 2010 के अंतर्गत स्पष्ट रूप से दो श्रेणियाँ मान्य की गई थीं, जिसमें पहली वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की जिन्हें टीईटी से छूट दी गई थी एवं दूसरी वर्ष 2010 के बाद नियुक्त शिक्षकों की जिनके लिए एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था।
उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय में इस तथ्य को अनदेखा कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप 2010 से पूर्व वैध रूप से नियुक्त शिक्षकों की सेवा भी असुरक्षित हो गई है। इस निर्णय से देशभर में लगभग 20 लाख से अधिक शिक्षक गहन चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं।जिला संगठन मंत्री तनवीर अहमद ने न्यायालय के इस निर्णय को केवल भविष्यलक्षी रूप से लागू किए जाने की मांग की, उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आरटीई अधिसूचना 27 जुलाई 2011 को लागू होने से इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसका प्रभाव न पड़ना न्यायसंगत होगा। जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ने वैध नियमों के अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने और लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति अथवा आजीविका संकट से बचाने हेतु आवश्यक नीतिगत अथवा विधायी कदम शीघ्र उठाए जाने की माँग की। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना भी है क्योंकि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन इस पवित्र शिक्षण कार्य को समर्पित किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री इस विषय पर त्वरित संज्ञान लेकर न्यायोचित समाधान करेंगे। इस अवसर पर मनोज बाथम, सरला, संजीव गुर्जर, शारिक अंसारी, अखिलेश रजक, विनय मिश्रा, राघवेंद्र यादव, सत्यपाल, उमेश कुमार, कपिल द्विवेदी, ऋषि बुधौलिया, हिमांशु पुरवार, अभिषेक पुरवार, गौरवकांत श्रीवास, कल्पना बाजपेई, अनुराधा चौधरी, रूबी वर्मा, आर्द्रा श्रीवास्तव, भागवती, शिल्पी नगाइच, सुषमा वर्मा, रूबी राठौर, गायत्री गौतम, संगीता, कृष्णगोपाल सिंह, आलोक गुप्ता, शालिनी श्रीवास्तव, सुनीता देवी, अंजना वर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# अजनर को मिली सौगात: दिल्ली के लिए नई बस सेवा का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




ग्रामीण क्षेत्र अजनर से अब सीधे दिल्ली तक यात्रा करना आसान हो गया है। सोमवार को अजनर से आनंद विहार (दिल्ली) के लिए नई सरकारी बस सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राठ डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष कुमार और डिपो प्रभारी निखिल वर्मा ने फीता काटकर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**अरविंद कुशवाहा के प्रयासों से संभव हुई सुविधा**

इस नई बस सेवा की शुरुआत स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग और समाजसेवी अरविंद कुशवाहा के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उनके अथक प्रयासों से ही ग्रामीण क्षेत्र को यह अहम सुविधा प्राप्त हुई है। शुभारंभ के अवसर पर ग्रामीणों ने उनका आभार जताया और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।
यात्रा का समय और मार्ग
बस प्रतिदिन अजनर से दोपहर 2 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 5 बजे आनंद विहार (दिल्ली) पहुँचेगी। लगभग 17 घंटे की इस यात्रा के दौरान बस राठ, उरई, जालौन, औरैया, इटावा, मैनपुरी, अलीगढ़ और गाज़ियाबाद जैसे प्रमुख स्थानों पर रुकेगी।
यात्रियों के लिए सुविधा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने दो हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। यात्रा के दौरान किसी भी समस्या की स्थिति में यात्री 8726005133 या 8423193904 पर संपर्क कर सकते हैं। ग्रामीणों में खुशी की लहर नई बस सेवा शुरू होने से अजनर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों में खुशी की लहर है। अब दिल्ली जाने वाले यात्रियों को सीधे बस सेवा उपलब्ध होगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। ग्रामीणों ने इसे अजनर के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

# अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एट थाना क्षेत्र में स्टेशन रेलवे के समीप क्रॉसिंग के पास अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई।
एट थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरिया निवासी विमलेश कुमार 47 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल बरार सोमवार की सुबह परिवार को बिना जानकारी दिए हुए घर से निकल आए।
जिसकी एट स्टेशन रेलवे क्रॉसिंग के पास खम्मा नंबर 12/5 के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद वहां से निकल रहे लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद जानकारी उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और वह मौके पर पहुंच गए।
जिन्होंने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता था, और उसके तीन बेटियां और दो बेटे हैं। पर जिन्होंने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता था, और उसके तीन बेटियां और दो बेटे हैं। जिसमें बेटियों की शादी हो गई और बड़े बेटे की भी शादी हो चुकी है। मामले में थाना प्रभारी पंकज कुमार पांडे ने बताया कि खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत किन कारणों से हुई मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में सपा का जोरदार प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटरों के खिलाफ अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर को ÷सरकारी खून चुसवा स्मार्ट मीटर÷ करार देते हुए कहा कि यह गरीब जनता पर जुल्म है।प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहले जो मीटर लगाए गए थे वे सही थे लेकिन अब स्मार्ट मीटर लगाकर हजार-दो हजार के बिजली बिल को पांच हजार तक पहुंचा दिया गया है। अगर बिल जमा नहीं होता, तो ऑटोमेटिक लाइट काट दी जाती है। इससे महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही गरीब जनता और परेशान हो गई है। बच्चों की फीस तक भरने में दिक्कत हो रही है और ऊपर से यह खून चूसवा स्मार्ट मीटर जनता की कमर तोड़ रहा है। सपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बिजली विभाग और विजिलेंस के अधिकारी घर-घर छापेमारी कर रुपयों की वसूली कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर तत्काल हटाए जाएं और जनता को राहत दी जाए। प्रदर्शन में सैकड़ों सपा कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी लोग सपा कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस की शक्ल में पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, सांसद नारायणदास अहिरवार, जमालूद्दीन पप्पू, कप्तान सिंह राजपूत, सुरेंद्र यादव, हाजी अजहर बेग, दीपू त्रिपाठी, पुष्पेंद्र यादव, विजय निस्वा, महेंद्र कठेरिया, मुन्ना अंसारी, जीनू कोरी, लल्ला यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# अतरौली में देर रात तक बरसा वृन्दावन सा रस

**जन एक्सप्रेस । अतरौली**

श्री राधे राधे युवा मंडल अतरौली के 38 वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित नगर कीर्तन व रथ यात्रा श्री राधे राधे मंदिर बड़ा बाजार से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर भ्रमण के बाद मंदिर पर समाप्त हुई। नगर कीर्तन में अतरौली देहली, खुर्जा, हापुड़, शिकारपुर, हाथरस आदि के मंडल सामिल हुए जिस में श्री गोरँग संकीर्तन मंडल हाथरस,श्री राधे राधे संकीर्तन मंडल दिल्ली, श्री राधा माधव मंडल शिकारपुर, श्री गोपाल संकीर्तन मंडल और श्री जी संकीर्तन मंडल, स्वामी श्रीहरिदास संकीर्तन मंडल खुर्जा, श्रीहरि संकीर्तन मंडल और खपड़िया सदाचार सेवा समिति बुलंदशहर, इसकॉन,श्री जी मंडल, मां कात्यानी मंडल, मां दुर्गा मंडल,माँ गोरी मंडल, खाटूश्याम महिला मंडल, श्री राधा नाम कीर्तन मंडल,श्री श्रीजी मंडल अतरौली,हरे कृष्ण भक्ति केंद्र अलीगढ़ आदि ने सम्मिलित होकर नगर कीर्तन में श्यामा श्याम का भक्ति और प्रेम में भीग कर आनंद की बारिश की। रथयात्रा बाजार स्थित मन कामेश्वर मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्ग से निकलती हुई बड़ा बाजार में समाप्त हुई। दूर-दूर से मण्डलों ने श्री जी और ठाकुर के दिव्य नाम का ऐसा गुणगान किया कि पूरी अत्रि नगरी हरे कृष्ण हरे राम के नाम से गुंजायमान हो गई। आनंदमयी भजनों से भक्तो में झूमने पर मजबूर कर दिया। रथ यात्रा का पूरे नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

# टीईटी से छूट के लिए शिक्षकों ने भरी हुंकार

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




देश के सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा यानि टीईटी पास करना अनिवार्य किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश से राहत की मांग करते हुए जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने सोमवार को धरना दिया।
कलक्ट्रेट में आयोजित धरना प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा।
उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले सोमवार को जिले के सैकड़ों शिक्षक कलक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन करने पहुंचे। यहां पर संगठन के संरक्षक नवीन गुप्ता ने कहा कि सरकार को संख्या बल के आगे झुकना ही होगा। शिक्षक एक रहेंगे तो निश्चित रूप से टीईटी से छूट प्रदान करने के लिए सरकार को कदम उठाने पड़ेंगे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ और प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी धरने में शामिल होने पहुंचे।
शिक्षक नेता बेनी प्रसाद ने कहा कि वास्तव में सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों की तरफ से सही पक्ष नहीं रखा जा सका। इसलिए यह आदेश हुआ है। सरकार को इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षक देवेंद्र चतुर्वेदी ने कविताओं के माध्यम से शिक्षकों को परेशान न करने की सरकार से अपील की। यहां पर आए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों से इस तरह तरह अपनी योग्यता साबित करने के लिए कहना, शिक्षकों का घोर अपमान है। शिक्षक देश का भविष्य गढ़ रहा और शिक्षक को ही धरने पर बैठना पड़ रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।
इसके बाद संगठन के जिलाध्यक्ष प्रशांत सक्सेना ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन पढ़ा। इसके जरिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उपजी परिस्थितियों के बारे में जानकारी देने के साथ ही सरकार से टीईटी अनिवार्य किए जाने संबंधी मामले में तत्काल हस्ताक्षेप की मांग रखी। इसी तरह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से जितेंद्र राठौर ने भी अपने संगठन का ज्ञापन पढ़कर प्रधानमंत्री से टीईटी मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की।
इसके बाद नारेबाजी करते हुए शिक्षक जिलाधिकारी चैंबर के पास पहुंचे। यहां पर अपर जिलाधिकारी सुखबीर सिंह और बीएसए राहुल मिश्रा ने ज्ञापन लिया। इस मौके पर शिक्षक नेता केके श्रीवास्तव, दिनेश रावत, ज्योति प्रकाश तिवारी, सुशील त्रिपाठी, बीके मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, रूप सिंह राजपूत, रविकरण, वीरेश्वर सिंह, राजेश गुप्ता, निर्मल कुमार, अतुल खरे, रोहित गंगेले सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

## भैंस चराने गए वृद्ध की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में हाईवे किनारे भैंस चराने गए वृद्ध को बापू ढाबे के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। शहर के मुहल्ला इंदिरा नगर निवासी राममनोहर विश्वकर्मा भैंस पालन करके अपनी जीविका चलाते थे।उनके दो पुत्र मुकेश व रिंकू विश्वकर्मा भी मजदूरी करते हैं।बताया गया कि रविवार की शाम को वह भैंस चराने के लिए झांसी-कानपुर हाईवे किनारे गए थे। भैंस चराने के दौरान वह बापू ढाबा के पास सड़क किनारे बैठ गए। इस दौरान झांसी से कानपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध सड़क पर गिरकर घायल हो गया। साथ ही हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से भाग निकला। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल के स्वजन को सूचना दी और उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे मंडी चौकी प्रभारी दिलीप कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 'स्वच्छता ही सेवा-2025' डीएम ने बैठक कर बनाई कार्ययोजना

- स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप दें: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में ÷स्वच्छता ही सेवा-2025÷ (स्वच्छोत्सव) की तैयारी को लेकर सम्बंधित अधिकरियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक जनपद में ÷स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए जाएंगे।
उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर इसे एक जन आंदोलन का रूप देना है।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कठिन स्थलों, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष ध्यान देकर साफ-सफाई कराई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वच्छता लेखा इकाइयों (ष्ट्ठ्ठह्य) की पहचान कर उन्हें स्वच्छ बनाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के दौरान रैलियों, गोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों और युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाए, जिससे स्वच्छता का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे "Whole of Government Approach" के तहत आपसी समन्वय बनाकर इस अभियान को गति प्रदान करें और किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरतें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर इस अभियान को विशेष स्वरूप में मनाया जाए और पूरे जनपद में स्वच्छता के संदेश को और सशक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल स्वस्थ जीवन की कुंजी है बल्कि यह समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला भी है। बैठक में सीडीओ केके सिंह, सीएमओ नरेंद्र देव सिंह, डीपीआरओ राम अयोध्या प्रसाद, ईओ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संधिग्ध परिस्थति में महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अतरौली में मोहकम सिंह की पुत्री सर्वेश उम्र लगभग 25 वर्ष की शादी 8 वर्ष पहले गांव इस्माइलपुर तहसील कोल जिला अलीगढ़ में हुई थी।
मोहकम सिंह ने बताया कि मेरी पुत्री मेरे घर पर रह रही थी। घर पर ही मेरी पुत्री के पेट में दर्द हुआ और उसकी तबीयत खराब हो गई जिसका इलाज कराने के लिए मैं राठी चौराहा के सामने डॉक्टर जगदीश के यहां पर लेकर आया लेकिन डॉक्टर साहब मौके पर नहीं मिले। कंपाउंडर ने इलाज किया। इंजेक्शन लगाते ही मेरी बेटी की तबीयत खराब हो गई और घबराहाट होने लगी। कंपाउंडर ने कहा कि ऑक्सीजन की जरूरत है। थोड़ी देर बाद ही मेरी पुत्री की मृत्यु हो गई। उसके बाद कंपाउंड उसे अपनी गाड़ी में डालकर सांवरिया हॉस्पिटल ले गये लेकिन तब तक मर ही चुकी थी। कंपाउंडर उसे हॉस्पिटल में ही छोड़कर फरार हो गया।
सूचना मिलने पर मृतका के अन्य परिजन आए गए और अस्पताल पर हंगामा करने लगे लेकिन डॉक्टर जगदीश अपने क्लीनिक पर मौजूद नहीं है। बताया गया कि एक माह से कंपाउंडर ही क्लिनिक को चला रहे हैं। परिवार के लोगों ने कहा कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। मौके पर अतरौली कोतवाली की पुलिस भी आ गई और परिवार के द्वारा तहरीर लिखवा ली गई है।

## डाबर रेड पेस्ट को आईडीए आगरा से मिला 'डेंटिस्ट मोस्ट ट्रस्टेड ओरल केयर ब्राण्ड' का अवॉर्ड

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




संपूर्ण सेहत के लिए मुँह की साफ़-सफाई बहुत ज़रूरी है। इसी सोच के साथ हाल ही में दाँतों की देखभाल पर एक खास सेमिनार हुआ, जिसमें पूरे भारत से 300 से ज़्यादा डेंटिस्ट शामिल हुए। इस कार्यक्रम में, डाबर रेड पेस्ट को इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए)-आगरा की ओर से डेंटिस्ट्स मोस्ट ट्रस्टेड ओरल केयर ब्रांड का अवॉर्ड मिला। यह सम्मान दिखाता है कि यह ब्रांड लोगों को अच्छी क्वालिटी के और भरोसेमंद उत्पाद देने के लिए कितना समर्पित है। आईडीए आगरा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डेंटल प्रोफेशनल्स ने ओरल हाइजीन से जुड़े रूझानों पर रोशनी डाली। सत्र के दौरान नई तकनीकों पर प्रेज़ेन्टेशन्स दी गईं, चर्चा और विचार-विमर्श हुआ, साथ ही दांतों को स्वस्थ बनाए रखने में नैचुरल एवं आयुर्वेदिक इन्ग्रीडिएन्ट्स की भूमिका के बारे में जानकारी भी दी गई। डाबर रैड पेस्ट को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना, पारम्परिक आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान पर आधारित प्रभावी एवं भरोसेमंद ओरल केयर समाधान उपलब्ध कराने की डाबर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड में ओरल केयर के मार्केटिंग हैड श्री प्रशांत अग्रवाल ने कहा, हमें गर्व है कि हमें इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड डाबर रैड पेस्ट में डेंटल प्रोफेशनल्स के भरोसे की पुष्टि करता है और दर्शाता है कि हम अपने उपभोक्ताओं को बेहतरीन ओरल केयर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों और आधुनिक विज्ञान के अनूठे संयोजन से बना, क्लिनिकली प्रूवन रैड पेस्ट, दांतों की 10 समस्याओं से सुरक्षा देता है। डाबर रैड पेस्ट 13 आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों जैसे लौंग, पुदीना, शुंठी, कपूर और तोमर से बना है, जिन्हें दांतों की 10 समस्याओं से सुरक्षा देने के लिए जाना जाता है। ब्राण्ड हमेशा से अपनी आयुर्वेदिक जड़ों के साथ जुड़े रहते हुए, इनोवेशन्स के साथ उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने में सफल रहा है।
सेमिनार के समापन के साथ सभी प्रतिभागियों ने देश में ओरल हेल्थ में सुधार लाने की कोशिशें जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवॉर्ड के साथ डाबर रैड पेस्ट ने ओरल केयर मार्केट के लीडर तथा उपभोक्ताओं एवं डेंटिस्ट्स के भरोसेमंद पार्टनर के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत बना लिया है।

# चुनाव की रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना लोधा क्षेत्र के गांव मूसेपुर में शनिवार देर रात प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। मारपीट, पथराव और फायरिंग से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।
पहले पक्ष का आरोप है कि कार पर हमला और फायरिंग गांव निवासी सुशील कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा विमल कार से गांव लौट रहा था। रास्ते में घात लगाए बैठे चार लोगों ने कार रोकने की कोशिश की। कार नहीं रोकी तो उस पर हमला कर दिया और तोड़फोड़ की। विमल किसी तरह कार लेकर घर की ओर भागा,तभी पीछे से कई राउंड फायरिंग की गई। कार का शीशा टूटकर उसके हाथ में लग गया और वह घायल हो गया। कार पर फायरिंग के निशान भी मिले हैं। परिवार का कहना है कि हमलावर पहले भी विमल के साथ घटना कर चुके हैं। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि रास्ते में रोका,पत्नी घायल दूसरे पक्ष से मनवीर सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार शाम लोधा से वापस लौट रहे थे। जब वह बच्चन सिंह के पुराने घर के पास पहुंचे, तो 10 लोगों ने उन्हें रोक लिया और भाई को समझाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर मारपीट की गई, पथराव हुआ और तमंचे से फायरिंग की गई।

# बॉर्डर पर लौटी रौनक : आवाजाही बहाल, बाजारों में उमड़ने लगी भीड़

- नेपाल में नई सरकार बनने के बाद सामान्य हुई गतिविधियां
- नेपाली नागरिकों के आवागमन से बाजारों में आई चहल-पहल
- व्यापारियों के चेहरे खिले, कारोबार ने पकड़ी रफ्तार

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज




भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक सप्ताह तक ठप रही आवाजाही आखिरकार सोमवार से फिर से सामान्य हो गई। नेपाल में सोशल मीडिया प्रतिबंध और भ्रष्टाचार विरोधी जेन-जी आंदोलन के दौरान बिगड़े हालातों के चलते पिछले दिनों में बार्डर पर ऐतिहातन आम नागरिकों के आवागमन पर रोक लगा था। जिससे सीमावर्ती नागरिकों और व्यापारियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

नई सरकार के गठन के बाद स्थिति सामान्य होते ही दोनों ओर के लोगों ने राहत की सांस ली और बाजारों में रौनक लौट आई।

सोमवार सुबह से ही सीमा खुलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में नेपाली नागरिक भारतीय बाजारों की ओर उमड़े। दिनभर ठूठीबारी नगर और आसपास के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दुकानों पर खरीदारी करते नेपाली उपभोक्ताओं को देख व्यापारी भी प्रसन्न नजर आए। सौंदर्य प्रसाधन (कॉस्मेटिक), कपड़ा, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स और सब्जी मंडियों में खासा कारोबार हुआ। व्यापारियों का कहना है कि बार्डर पर आवागमन न होने से उनके व्यवसाय पर गहरा असर पड़ा था। कई दिनों तक बाजार पूरी तरह सुनसान रहे। अब सामान्य आवागमन शुरू होने से कारोबार पटरी पर लौटने लगा है। ठूठीबारी नगर के व्यापार मंडल अध्यक्ष भवन प्रसाद गुप्ता ने कहा नेपाल की स्थिति सुधार होने और सीमा पर सामान्य आवागमन बहाल होना दोनों देशों के नागरिकों और व्यापारियों के लिए बड़ी राहत है, अब सीमावर्ती इलाके के कारोबार भी तेजी से रफ्तार पकड़ने लगा है।

गौरतलब है कि नेपाल में जेन-जी आंदोलन के दौरान व्यापक पैमाने पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। अशांति को देखते हुए भारत और नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन सीमा सील कर दी थी। नतीजतन सीमावर्ती क्षेत्र के बाजार वीरान पड़ गए थे और व्यापारी नुकसान से जूझ रहे थे। ऐसे में अब हालात सामान्य होते ही बार्डर पर एक बार फिर चहल-पहल लौट आई है। सड़कों पर यात्री वाहनों और पैदल यात्रियों की भीड़ साफ नजर आने लगी है। सीमावर्ती गांवों और कस्बों में भी आर्थिक गतिविधियां तेजी से गति पकड़ने लगी हैं।

## सड़क पार कर रहे व्यक्ति को कंटेनर ट्रक ने कुचला, मौत

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

हाटा नगर के बाघनाथ चौराहे पर हाईवे पर कर रहे एक व्यक्ति को वहां से गुजर रहे एक कंटेनर ट्रक ने कुचल दिया। इस घटना में उसे व्यक्ति की मौत हो गई। काफी दूर तक ट्रक में फंसकर घसीटाने की वजह से उनका शव काफी क्षतिग्रस्त हो गया जिससे शव की पहचान नहीं हो पा रही है। पुलिस ने कंटेनर ट्रक और उसके चालक को हिरासत में लेकर के शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है। रविवार की रात हाटा नगर के बघनाथ चौराहे पर व्यक्ति हाईवे पर कर रहे थे। इस समय कसया की तरफ से आ रही एक कंटेनर ट्रक की चपेट में आ गए। इस घटना में ट्रक की चपेट में आये ट्रक में फंस गए और घसीटते हुए करीब तीन सौ मीटर दूर पिपराइच चौराहे तक चले गए। इस दौरान उनकी मौत हो गई। ट्रक चालक ने अपना वाहन वहा खड़ा कर दिया। ट्रक की चपेट में आने के बाद से शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसकी वजह से उसकी पहचान नहीं हो पा रही है।

# नेपाल में भारतीय पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार, पीएम को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



भारत से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल सरकार द्वारा सोशल मीडिया को बंद करने और भ्रष्टाचार के खिलाफ बीते सप्ताह आयोजित जेन-जी आंदोलन के दौरान भारतीय मीडिया कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटनाओं को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर चिंता जताई गई।

सोनौली सीमा पर प्रेस क्लब ऑफ महराजगंज के जिला अध्यक्ष अमित त्रिपाठी के नेतृत्व में दर्जनों भारतीय पत्रकारों ने नेपाल के लुंबिनी प्रेस क्लब, रूपंदेही के अध्यक्ष कमल राय माझी को नेपाली प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नाम से एक ज्ञापन सौंपा। इसमें भारतीय पत्रकारों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराते हुए नेपाल सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

इस मौके पर भारत और नेपाल के पत्रकारों की बैठक नेपाल के इमीग्रेशन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रणनीति बनाई गई और आपसी संपर्क एवं सहयोग के माध्यम से मीडिया कवरेज सुनिश्चित करने पर सहमति बनी।

प्रेस क्लब ऑफ महराजगंज के अध्यक्ष अमित त्रिपाठी ने कहा, पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है। नेपाल में कवरेज के दौरान भारतीय पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल सरकार से आग्रह है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

लुंबिनी प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमल राय माझी ने कहा, भारत और नेपाल के संबंध सदियों पुराने हैं। इस तरह की घटनाएं दोनों देशों के रिश्तों को प्रभावित करती हैं। भारतीय पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय है। इस अवसर पर भारतीय पत्रकार अमितेश त्रिपाठी, आशीष सोनी, बृजेश गुप्ता, अनुज शुक्ला, आलोक जोशी, सुदेश त्रिपाठी, सुनील पांडे सहित नेपाल के पत्रकार दीपेंद्र बड़वाल, नरेश केसी, माधव ढुंगाना, रविंद्र गुप्ता, मोहम्मद हबीब, प्रतिक पौडेल, राधेश्याम विश्वकर्मा, सलमान खान, मनोज क्षेत्री भी मौजूद रहे।

# नेपाल : भैरहवा में भंसार पर कार्य शुरु

जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज




नेपाल में जेन-जेड आंदोलन के दौरान हुई आगजनी और तोड़फोड़ से क्षतिग्रस्त भैरहवा भंसार (कस्टम) कार्यालय में सोमवार से भारतीय दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन पुनः शुरू हो गया। सुविधा बहाल होते ही सीमा पार जाने वाले लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा दर्ज किया गया। सुबह से ही कस्टम परिसर में वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह आंदोलन के दौरान भैरहवा कस्टम कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था। हालांकि मालवाहक ट्रकों और विदेशी पर्यटकों का आवागमन प्रशासन ने दो दिन पूर्व ही शुरू कर दिया था। इसके बाद अब सामान्य नागरिकों के वाहनों के लिए भी कस्टम सेवाएं बहाल कर दी गई हैं।

भैरहवा भंसार कार्यालय प्रमुख शिवलाल न्यौपाने ने बताया कि फिलहाल कस्टम शुल्क जमा करने की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को जल्द ही पूर्ववत कर दिया जाएगा और शुल्क वसूली पहले की तरह नियमित प्रक्रिया से शुरू होगी। वाहन चालकों और व्यापारियों ने भंसार सेवाएं बहाल होने पर राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि पिछले दिनों सीमा बंद रहने से उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा था। वहीं, सीमावर्ती बाजारों में भी रौनक लौटने लगी है।

## शिक्षकों ने की बैठक, टीईटी पर नए आदेश पर की चर्चा

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शनिवार को दुदही शिक्षक भवन में बैठक हुई। जिसमें अगले दो साल के भीतर सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। इस मुद्दे पर चर्चा की गई। साथ ही 16 सितंबर को होने वाले धरने की रणनीति बनाई गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अरुणेंद्र राय ने कहा कि सेवा के अंतिम पड़ाव में पहुंच चुके कई शिक्षक पचपन वर्ष की उम्र में परीक्षा देंगे। यह सबसे बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि 25 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस नियम से मुक्त रखा जाना चाहिए। मंत्री रामनिवास जायसवाल ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका भी दाखिल की जाएगी।

# सांसद खेल स्पर्धा 14 से, युवाओं को मिलेगा बड़ा मंच

- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, ऑफलाइन फॉर्म 26 से 8 अक्टूबर तक जमा अनिवार्य
- फिट इंडिया मूवमेंट को मिलेगा नया बल, दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक भी होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं सांसद पंकज चौधरी ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत खेल जगत में लगातार नए आयाम गढ़ रहा है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का मूल आधार हैं। इसी कड़ी में सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के साथ ही ग्रामीण अंचल तक खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री ने बताया कि इस वर्ष सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 14 अक्टूबर से 25 दिसंबर 2025 तक होगा। प्रतियोगिताएं ग्रामीण स्तर से शुरू होकर ब्लॉक, विधानसभा और अंततः लोकसभा स्तर तक पहुंचेंगी। फाइनल मुकाबले 25 दिसंबर को शाहूजी महाराज स्पोर्ट्स स्टेडियम, धनेवा-धनेई में आयोजित किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि स्पर्धा में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट के साथ खो-खो, नींबू दौड़, बोरी दौड़ और रस्साकसी जैसे पारंपरिक व मोहल्ला खेल भी शामिल किए गए हैं। विशेष आकर्षण यह होगा कि प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित होगी, जिनमें दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और स्कूली बच्चों को भी प्रतिभाग का अवसर मिलेगा। साथ ही योग को भी प्रतियोगिता में जोड़ा गया है। पंकज चौधरी ने बताया कि खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीकरण sansadkhelmahotsav.in पर शुरू हो चुका है। क्यूआर कोड से भी आवेदन संभव है। वहीं ऑफलाइन फॉर्म 26 सितंबर से क्षेत्र पंचायत एवं नगरपालिका कार्यालयों में उपलब्ध होंगे, जिन्हें 8 अक्टूबर तक जमा करना होगा। प्रतियोगिता का पहला चरण 14 से 17 अक्टूबर तक सदर, परतावल, फरेंदा, नौतनवा और सिसवा ब्लॉकों में होगा। दूसरा चरण 21 से 24 अक्टूबर तक पनियरा, धानी, मिठौरा, निचलौल और लक्ष्मीपुर ब्लॉकों में तथा तीसरा चरण घुघली और बृजमनगंज ब्लॉकों में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद विधानसभा स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी और विजेता खिलाड़ी लोकसभा स्तर पर भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। मंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि यह आयोजन फिट इंडिया मूवमेंट को जन-जन तक पहुंचाने और खेलों की प्रतिभा को तलाशने का बड़ा अवसर है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय और सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया भी मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज



पनियरा विकास खंड के रतनपुरवा मंसूरगंज स्थित दलसिंगार इंटर कॉलेज में सोमवार को जनपद स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पनियरा ब्लॉक प्रमुख एवं प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस दौरान कॉलेज के संरक्षक रामचंद्र यादव ने मुख्य अतिथि सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का स्वागत अंगवस्त्र, टोपी और बैज भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया है।

कार्यक्रम में दलसिंगार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गुलाबचंद, संतलाल इंटर कॉलेज के हृदयनाथ, मौलागंज इंटर कॉलेज के सतीश शुक्ला, रामकुमार इंटर कॉलेज के विकेंद्र सिंह, तामेश्वरमल इंटर कॉलेज के हौसला शर्मा तथा बापू रामकरन चैलेंजर इंटर कॉलेज के ओमप्रकाश सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। उपरोक्त प्रतियोगिता में विभिन्न आयु और भार वर्गों के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। 14 वर्ष वर्ग में दलसिंगार इंटर कॉलेज के मुकेश (38 किग्रा) और आयुष कुमार (48 किग्रा) विजेता बने। इसी वर्ग में जितेंद्र साहनी (41 किग्रा), महराजगंज इंटर कॉलेज के अभिजीत (52 किग्रा), हुमेला देवी इंटर कॉलेज के शिवम पासवान (68 किग्रा) और महराजगंज इंटर कॉलेज के फजल अली (75 किग्रा) ने भी जीत दर्ज की।

17 वर्ष वर्ग में दलसिंगार कॉलेज के शिवधनी और विवेक सिंह, पंचायत इंटर कॉलेज के आशीष, देवीपुर इंटर कॉलेज के रघुराज सिंह, अंकित पासवान और राहुल सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं 19 वर्ष वर्ग में पंचायत इंटर कॉलेज, परतावल के विशाल यादव, राज यादव और राहुल गुप्ता ने अपनी जीत से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

बालिका वर्ग में भी खिलाड़ी पीछे नहीं रहीं। साक्षी, रिचा यादव, आंचल, आरुषि और खुशी विजेता बनीं, जबकि रिचा यादव, आरुषि और आंचल उपविजेता रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता श्रीराम सिंह, अनिल वर्मा, उमेश यादव, अखिल करुणेश श्रीवास्तव, अरविंद मिश्रा, सुधीर यादव और संजय ईश्वर सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम का गौरव और बढ़ गया।

## कुश्ती प्रतियोगिता में प्रिंस, भीष्म रितेश और अरमान ने बाजी मारी

जन एक्सप्रेस। देवरिया

रविवार को क्षेत्र के बापू कृषक इंटर कॉलेज कड़सरवा बुजुर्ग के प्रांगण में तहसील स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तहसील क्षेत्र के विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। 45 से 48 किलो वजन वर्ग में प्रिंस कुमार, 48 से 51 किलो वजन वर्ग में भीष्म कुमार शाह, 55 से 60 किलो वजन वर्ग में रितेश कुमार सिंह व 60 से 65 किलो वजन वर्ग में अरमान अंसारी ने बाजी मारी।

ये सभी विजेता छात्र बापू कृषक इण्टर कॉलेज कड़सरवा बुजुर्ग के हैं। इसी कॉलेज के 19 वर्ष आयु व 57 से 60 किलो वजन वर्ग में सूरज कुमार, 14 वर्ष आयु व 44 से 48 किलो वजन वर्ग में सुमित कुमार, 48 से 52 किलो वजन वर्ग में अनूप कुमार ने बाजी मार ली।

# पहले किशोर का यौन शोषण... फिर केस की धमकी– युवती ने मांगे 12 लाख रुपये

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

सहजनवां इलाके में रहने वाले किशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि तीन वर्ष पहले इंस्टाग्राम के जरिये युवती से उसकी बातचीत शुरू हुई थी।

उस समय उसकी उम्र करीब 16 वर्ष थी। आरोप है कि बातचीत दौरान युवती ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। उसने मिलने के लिए गीडा के एक होटल में बुलाया।

गीडा थाना क्षेत्र के किशोर का यौन शोषण करने और केस दर्ज कराने की धमकी देकर 12 लाख रुपये मांगने के मामले में कोर्ट के आदेश पर एक युवती पर केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि युवती ने इंस्टाग्राम के जरिये नजदीकियां बढ़ाने के बाद किशोर को एक होटल में ले जाकर उसका यौन शोषण किया।

इसके बाद वह किशोर को दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देने लगी और सुलह के लिए 12 लाख रुपये मांग रही थी। केस दर्ज कर गीडा पुलिस मामले की जांच कर रही है। सहजनवां इलाके में रहने वाले किशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि तीन वर्ष पहले इंस्टाग्राम के जरिये युवती से उसकी बातचीत शुरू हुई थी। उस समय उसकी उम्र करीब 16 वर्ष थी। आरोप है कि बातचीत दौरान युवती ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। उसने मिलने के लिए गीडा के एक होटल में बुलाया। वहां पर युवती ने पहले से ही एक कमरा बुक किया हुआ था और किशोर को कमरे में लेकर चली गई। आरोप है कि वहां युवती ने झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए किशोर का यौन शोषण किया।

होटल के कमरे के लिए 800 रुपये का ऑनलाइन भुगतान भी उसी से कराया। इसके बाद भी युवती ने उसे नहीं छोड़ा और कई बार अलग-अलग होटल में बुलाती रही और शोषण करती रही। हर बार होटल का पेमेंट किशोर से ही कराती थी।

किशोर का आरोप है कि युवती ने कई बार उससे रुपये भी लिए। वह परेशान होकर घरवालों को बताने वाला था कि इसी बीच युवती उसके घर पर पहुंच गई। यौन शोषण का केस दर्ज कराने की धमकी देते हुए उसने किशोर के पिता से 12 लाख रुपये मांगे। रुपये नहीं मिलने पर धमकी देकर चली गई।

इसके बाद किशोर के पिता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर नाबालिग बेटे को फंसाए जाने का प्रार्थना पत्र दिया और कार्रवाई की गुहार लगाई। इसकी जांच भी कराई गई लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद किशोर के पिता ने अपने अधिवक्ता की मदद से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया।

# बोगस फर्म बनाकर 4 करोड़ की जीएसटी की हेराफेरी, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

फर्म का पंजीकरण महाराजगंज जिले के आनंदनगर, उदितपुर निवासी रामकुमार के नाम से कराया गया था। फर्म ने सरिया, स्क्रैप और सीमेंट के व्यापार का दावा करते हुए रजिस्ट्रेशन कराया था। सहायक कमिश्नर (खंड-10) अभिषेक कुमार पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अमन इंटरप्राइजेज ने जीएसटी के नियमों का दुरुपयोग करते हुए चार करोड़ सात लाख रुपये की हेराफेरी की है।

शहर में जीएसटी की हेराफेरी का एक बड़ा मामला सामने आया है। जीएसटी विभाग की जांच में पता चला कि एक बोगस फर्म पंजीकृत कराकर करीब चार करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी की गई है। यह खुलासा ऑनलाइन पोर्टल की जांच के दौरान हुआ, जिसके बाद अफसरों ने भौतिक सत्यापन किया और फर्जी फर्म की पुष्टि हुई।

मामले में जीएसटी अधिकारियों की तहरीर पर रामगढ़ताल थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, फर्म का नाम अमन इंटरप्राइजेज है, जो जीडीए कांप्लेक्स शॉप नंबर चार के पते पर पंजीकृत कराई गई थी। जांच में पाया गया कि यह फर्म पूरी तरह से फर्जी है।

फर्म का पंजीकरण महाराजगंज जिले के आनंदनगर, उदितपुर निवासी रामकुमार के नाम से कराया गया था। फर्म ने सरिया, स्क्रैप और सीमेंट के व्यापार का दावा करते हुए रजिस्ट्रेशन कराया था। सहायक कमिश्नर (खंड-10) अभिषेक कुमार पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अमन इंटरप्राइजेज ने जीएसटी के नियमों का दुरुपयोग करते हुए चार करोड़ सात लाख रुपये की हेराफेरी की है।

जब अधिकारियों ने फर्म का भौतिक सत्यापन किया तो पाया कि वहां कोई कारोबार संचालित ही नहीं हो रहा था। इस पर 13 जनवरी 2024 को फर्म का पंजीकरण निरस्त करने का नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद आरोपी ने बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की।

इस मामले में पुलिस ने रामकुमार को आरोपी बनाते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने कहा कि मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## छह माह बाद भी मंगलसूत्र बरामद नहीं कर सकी पुलिस

जन एक्सप्रेस। देवरिया

श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर स्थित झरही नदी के पास एक धार्मिक जुलूस के दौरान बिहार की एक महिला का चोरी हुआ मंगलसूत्र पुलिस छह माह बाद भी बरामद नहीं कर पाई है। महिला थाने का चक्कर लगा रही है। मार्च माह में सुंदरपार गांव में यज्ञ के दौरान बिहार के मैरवा थाना क्षेत्र के नई बाजार की रहने वाली रानी देवी कलश यात्रा में शामिल होने आईं थीं। महिला जुलूस के साथ कलश लेकर श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर स्थित हदहदवा भवानी मंदिर के पास झरही नदी के किनारे जल भरने पहुंची थी। उसी दौरान किसी महिला ने उसके गले से मंगलसूत्र चोरी कर लिया था। इस मामले में श्रीरामपुर थाना में केस दर्ज है।

# नदियों के जलस्तर में भारी वृद्धि, प्रशासन अलर्ट

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज



भारत से सटे नेपाल के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का असर तराई क्षेत्रों में दिखने लगा है। नेपाल सीमा से लगे कई गांवों के पास बहने वाली चंदन, झरही और भौरहिया नदियां उफान पर हैं। खेतों में पानी भरने से किसानों की फसल को भारी नुकसान की आशंका है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए दिन सोमवार को तहसीलदार निचलौल अमित कुमार सिंह ने ठूठीबारी क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

तहसीलदार ने मर्चहवा गांव स्थित चंदन नदी के बंधे पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग और राजस्व कर्मियों को 24 घंटे निगरानी रखने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बंधों पर पानी के दबाव पर विशेष नजर रखा जाय ताकि अचानक स्थिति बिगड़ने पर समय रहते राहत व बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

पहाड़ों पर बारिश का असर सीमावर्ती गांवों में पहले ही दिखने लगा है। क्षेत्र के अराजी बैरिया, भरवालिया, बसंतपुर, नौनिया, कड़जा, लक्ष्मीपुर खुर्द, चटिया, तुर्कहिया, बोदना, मैरी, बकुलडीहा और सूकरहर समेत दर्जनों गांवों में किसानों की धान की फसल पानी में डूबने की ग्रामीणों ने आशंका जताई है यदि बारिश का दौर जारी रहा तो फसलें पूरी तरह डूब कर नष्ट हो जाएंगी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि किसी भी गांव में पानी घुसने या बंधे में रिसाव की सूचना मिलते ही तत्काल राहत दल भेजने को जिला प्रशासन ने एलर्ट है । उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने और आपात स्थिति में प्रशासन को सूचित करने की अपील की है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव से चंदन, झरही व भौरहिया नदियां हर साल तबाही मचाती हैं। इस बार भी बारिश का रुख देखते हुए खतरा बढ़ता दिख रहा है। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट कर दिया है, ताकि किसी भी संभावित आपदा से समय पर निपटा जा सके। इस बाबत तहसीलदार निचलौल अमित कुमार सिंह ने बताया कि नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है, स्थिति का हर पल जायजा लिया जा रहा है। जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण पूरी तरह अलर्ट है।

# थानाध्यक्ष परशुरामपुर भानु प्रताप सिंह अलर्ट

# हर गली–चौराहे पर पुलिस का सख्त पहरा

## थानाध्यक्ष परशुरामपुर ने बढ़ाई रात्रि गश्त-हर गली-चौराहे पर पुलिस की चौकसी



अंधेरे में भी उजाला बनकर थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, रात की गश्त में जनता को सुरक्षा का एहसास कराते

### गली–चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी जनता में सुरक्षा का माहौल

थाना क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत करने के लिए अब रात के समय हर गली, हर चौराहे और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की मौजूदगी देखी जा सकती है। भानु प्रताप सिंह स्वयं गश्त में शामिल होकर पुलिस टीमों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। इस दौरान वे चौकी प्रभारियों और सिपाहियों को लगातार दिशा–निर्देश दे रहे हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत संज्ञान में लिया जाए।

### थानाध्यक्ष का सख्ती और संवेदनशीलता का संतुलन

चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने संदिग्ध और संबंधित लोगों को उठाकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उन्होंने साइकोलॉजिकल अप्रोच अपनाई और बारीकी से जानकारी ली। जिन पर सीधा संदेह नहीं था, उन्हें उनके परिवार के सहयोग से सम्मानपूर्वक छोड़ दिया गया। इस कदम से यह साफ हो गया कि थानाध्यक्ष अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए हैं, लेकिन निर्दोष लोगों के प्रति संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण रवैया भी बनाए हुए हैं। यही वजह है कि क्षेत्रीय जनता का भरोसा लगातार मज़बूत हो रहा है और यह साबित हो रहा है कि थानाध्यक्ष हर पहलू की गंभीरता से निगरानी कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति पुरस्कार से हो चुके है सम्मानित – एसटीएफ जैसी तेज़–तर्रार छवि

थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह को अपराध नियंत्रण में उनके उल्लेखनीय योगदान और बेहतरीन कार्यशैली के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी तेज़–तर्रार कार्यशैली, अनुशासन और एसटीएफ जैसी धारदार छवि ही वह आधार रही, जिसकी वजह से उन्हें यह बड़ा सम्मान मिला। यही अनुभव और सख्ती अब परशुरामपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों के लिए चुनौती और जनता के लिए भरोसा बन गई है।

### गोंडा बॉर्डर पर चौपाल, जनता को जागरूक कर सुरक्षा का कराया एहसास

परशुरामपुर थाना क्षेत्र की गोंडा सीमा से सटे छपिया बॉर्डर के जगन्नाथपुर गांव में सीओ संजय सिंह व थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की मौजूदगी में पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में ग्रामीणों को अपराध रोकथाम के लिए जागरूक किया गया और उनसे पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने में जनता की मदद बेहद ज़रूरी है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। चौपाल में मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए थानाध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द बड़ा खुलासा होगा और सभी अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

जनपद बस्ती में कानून-व्यवस्था का सवाल लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। अपराधों पर लगाम लगाने के लिए डीआईजी संजीव त्यागी और प्रभारी एसपी ओमप्रकाश सिंह खुद फील्ड में उतरकर सक्रियता दिखा रहे हैं। उनके निर्देशों और सख्त रुख का असर अब थानों तक पहुँचने लगा है। सबसे बड़ा उदाहरण परशुरामपुर थाना है, जहाँ के थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने हाल ही में हुई चोरी की घटना को बेहद गंभीरता से लिया है और अपराधियों के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया है।

भानु प्रताप सिंह की पहचान हमेशा से ही तेज़-तर्रार और एक्शन पसंद अधिकारी की रही है। एसटीएफ में रहते हुए उन्होंने कई बड़े मामलों का खुलासा किया और अपराधियों के नेटवर्क को ध्वस्त कर अपनी दक्षता साबित की। यही तेज़ धार और पेशेवर अंदाज़ उनकी छवि को अलग बनाता है। अपराधियों के खिलाफ सख्ती और जनता के प्रति संवेदनशीलता का यही संतुलन उन्हें खास बनाता है। यही वजह है कि उनके अच्छे कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है।

थानाध्यक्ष ने चोरी की घटना को केवल औपचारिक जांच तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे एक चुनौती के रूप में लिया। उन्होंने अपनी पूरी टीम को अलर्ट कर दिया और खुद भी मैदान में उतर आए। रात्रि गश्त बढ़ा दी गई, पेट्रोलिंग तेज कर दी गई और संदिग्धों की चेकिंग को नए स्तर तक पहुँचाया गया। अब हालत यह है कि हर गली-मुहल्ले और चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी साफ महसूस की जा रही है।

भानु प्रताप सिंह खुद देर रात तक सड़कों पर उतरते हैं, पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाते हैं और जनता को भरोसा दिलाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी यह गंभीरता और मेहनत अपराधियों के हौसले तोड़ने में बड़ी भूमिका निभा रही है। लोग अब खुलकर कह रहे हैं कि थानाध्यक्ष की मौजूदगी ने उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया है और अपराधियों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

थानाध्यक्ष ने साफ कहा है कि अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, वह कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएगा।

बहुत जल्द चोरी की घटना का खुलासा होगा और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

परशुरामपुर की जनता का भरोसा पुलिस पर पहले से कहीं अधिक मज़बूत हुआ है। थानाध्यक्ष के एक्शन मोड को देखकर लोगों को यकीन है कि न केवल चोरी का खुलासा होगा बल्कि आगे भी अपराधियों को खुली छूट नहीं मिलेगी। यही सक्रियता और सतर्कता परशुरामपुर पुलिस की पहचान बन रही है।

### चेकिंग अभियान और दबिश तेज,खुलासा जल्द

थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग को तेज कर दिया गया है। जगह–जगह बैरियर लगाकर पुलिस वाहनों की तलाशी ली जा रही है। देर रात तक कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में दबिश दी जा रही है, जिससे अपराधियों में खौफ़ का माहौल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कई ऐसे सुराग हाथ लगे हैं, जिन पर काम करते हुए अपराधियों तक पहुँचा जा सकता है।

### सीसीटीवी और तकनीकी निगरानी

वारदातों का पर्दाफाश करने के लिए थानाध्यक्ष ने तकनीकी निगरानी को भी बढ़ा दिया है। सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच की जा रही है। साथ ही मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का भी सहारा लिया जा रहा है। मुखबिर तंत्र को पहले से अधिक सक्रिय किया गया है ताकि अपराधियों तक पहुँचने में किसी तरह की देरी न हो।

### थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का दावा – जल्द होगा खुलासा

थानाध्यक्ष का कहना है कि चोरी की घटना को लेकर पुलिस की कई टीमें काम कर रही हैं और बहुत जल्द बड़ा खुलासा सामने आएगा। उन्होंने साफ संदेश दिया है कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र की जनता को भरोसा दिलाते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और अपराधियों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

### थानाध्यक्ष की जागरूकता से जनता का बढ़ा भरोसा

ग्रामीणों और कस्बाई क्षेत्र के लोगों का कहना है कि घटना के बाद से थानाध्यक्ष ने जिस तरह से तुरंत कार्रवाई शुरू की है, पुलिस पर भरोसा बढ़ा है। पहले जहाँ लोग असुरक्षा महसूस कर रहे थे, वहीं अब चौक–चौराहों पर पुलिस की गश्त देखकर उन्हें राहत मिल रही है। लोगों का कहना है कि अपराधियों का बच पाना अब नामुमकिन है।

### डीआईजी और एसपी की सख्ती का असर

डीआईजी संजीव त्यागी और प्रभारी एसपी ओमप्रकाश सिंह लगातार अपराध नियंत्रण पर ज़ोर दे रहे हैं। दोनों अफसरों ने हाल ही में थानों का निरीक्षण कर थानाध्यक्षों को सख्त हिदायत दी थी कि अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई करें। उसी का नतीजा है कि परशुरामपुर थानाध्यक्ष पूरी तरह अलर्ट हो गए हैं और खुद मैदान में उतरकर निगरानी कर रहे हैं।

### थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की सक्रियता से अपराधियों में हड़कंप

पुलिस की सक्रियता ने अपराधियों में खौफ़ पैदा कर दिया है। दिन हो या रात, गश्त और दबिश के कारण अब अपराधियों के लिए छिपना मुश्किल हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस के पास कुछ अहम इनपुट हैं और जल्द ही चोरी की वारदात का खुलासा जनता के सामने होगा।

# गोल्ड माफिया का खेल–कानून उलझा, आरोपी माननीयों की चौखट पर!

## ठगी, धमकी, लीपापोती और सियासी संरक्षण की दास्तान

### नाक की कील और पायल का झोल

स्थानीय लोगों की मानें तो अधिकांश ग्राहक जेवर तो खरीद लेते हैं, लेकिन नाक की कील और पायल जैसी चीजों की टंचिंग जांच नहीं कराते। यही सबसे बड़ा झोल है, जिसके सहारे यह कथित माफिया फेरी से करोड़ों के व्यापार तक पहुँच गया।

### सफेदपोशों और पुलिस की सांठगांठ?

कहा जा रहा है कि माफिया को सलाह दी गई है कि माननीयों से लिखित सिफारिश लेकर पुलिस को बचाव का रास्ता दे दो, ताकि चार्जशीट को रोका जा सके। वहीं, पुलिस विभाग भी अब लेटरपैड के पीछे छिपकर खुद को पाक–साफ दिखाने की कोशिश में लगा है। इस खेल में पीड़ित को भी रुपए के बल पर मैनेज करने की योजना बन रही है।

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शहर के बहुचर्चित कीर्तिकुंज ज्वेलर्स प्रकरण में कानून की गाड़ी जहां रफ्तार पकड़नी चाहिए थी, वहीं अब यह माननीयों की चौखटों पर ठिठकी हुई नजर आ रही है। 4.64 लाख रुपये के नकली हार की ठगी में नामजद कथित गोल्ड माफिया के खिलाफ एफआईआर भले ही जून में दर्ज हो गई थी, लेकिन चार्जशीट दाखिल होने की प्रक्रिया राजनीतिक और प्रशासनिक दबावों में उलझकर रह गई है। पीड़ित हिमांशु मिश्र ने 31 मई को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। उनका आरोप था कि फरवरी में कीर्तिकुंज ज्वेलर्स से खरीदे गए हार में एचयूआईडी अंकित नहीं था और जब उसे टंच कराया गया तो माल खोटा निकला। वापस लेकर जब ग्राहक शो रूम पहुंचा तो उसे धमकाकर भगा दिया गया। यही नहीं, बाद में दुकान के स्टाफ ने फर्जी एचयूआईडी नम्बर छापकर वही हार लौटा दिया। जब उस नम्बर की ऑनलाइन जांच की गई तो वह हरियाणा की एक बाली से संबंधित निकला।

### इंसाफ की राह में अड़चन बनी 'सिफारिशी राजनीति'

इस मामले में तत्कालीन कोतवाल मिथिलेश मिश्र ने दबाव को दरकिनार करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया था, जबकि कथित माफिया ने रिपोर्ट न लिखे जाने की उपरी व्यवस्था कर रखी थी। लेकिन कोतवाल के तबादले के बाद आरोपित ने फिर से प्रयास किया कि चार्जशीट दाखिल न हो और नए कोतवाल एवं विवेचक को प्रभावित कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाए।

### माननीयों की गणेश परिक्रमा में जुटा माफिया

सूत्रों की मानें तो अब कथित गोल्ड माफिया जिले के कई प्रभावशाली नेताओं और पूर्व नौकरशाहों की चौखट पर सिफारिश की आस में घूम रहा है। गत 14 सितंबर को एक माननीय के आवास पर उसने डेढ़ घंटे तक इंतजार किया– इसकी पुष्टि प्रत्यक्षदर्शी भी करते हैं। चर्चा ये भी है कि इसने फेरी और खोमचे से अपना धंधा शुरू किया था और अब मुंबई–जौनपुर में बड़े–बड़े ज्वेलरी शोरूम्स का मालिक बन चुका है। साथ ही, सुल्तानपुर समेत पूर्वांचल में कार एजेंसी और वर्कशॉप भी संचालित कर रहा है।

### शाहगंज का मामला- 13 महीने से चार्जशीट लटकी

उधर शाहगंज कोतवाली में भी चार्जशीट न दाखिल होने का मामला कप्तान की नजर से ओझल है। 3 जुलाई 2024 को खेतासराय की एक नवविवाहिता ने ऑनलाइन ठगी की एफआईआर कराई थी, लेकिन 13 महीने गुजरने के बावजूद कोई चार्जशीट दाखिल नहीं हुई। आरोपी खुलेआम पीड़िता को बदनाम करने की धमकियां दे रहा है और पुलिस की कथित मिलीभगत से बचता फिर रहा है। महिला आयोग में शिकायत के बाद भी कार्रवाई अधर में लटकी है। बहरहाएक तरफ न्याय की आस लगाए पीड़ित हैं, दूसरी ओर गोल्ड माफिया है जो नेताओं की परिक्रमा में है। पुलिस पर राजनीतिक दबाव है, और कानून की चक्की माननीयों की मर्जी से चल रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है–क्या कानून सबके लिए समान है या फिर पैसे और पावर वालों के लिए इसका अलग चेहरा है?

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में उग्र हुए शिक्षक



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

उच्चतम न्यायालय द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य करने के निर्णय से शिक्षकों में गहरा आक्रोश है। इसी कड़ी में सोमवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और इस फैसले को काला कानून बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। जिला संयोजक सत्येंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने कहा कि इस फैसले से लाखों शिक्षकों और उनके परिवारों का भविष्य खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्णय से भयभीत होकर प्रदेश के कई शिक्षक आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हुए हैं।

शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मांग की कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय में तत्काल हस्तक्षेप किया जाए। उनका कहना था कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी,

### शिक्षकों की प्रमुख मांगें

- न्यायालय का निर्णय भविष्य के लिए लागू हो, 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नहीं।
- अनुभवी शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित की जाए।
- लाखों शिक्षकों को बेरोजगारी से बचाने के लिए सरकार त्वरित नीतिगत/विधायी कदम उठाए।

लेकिन अब सभी पर अनिवार्यता थोपना अन्यायपूर्ण है।

सह संयोजक डॉ.अभिषेक सिंह, डॉ. रत्नेश सिंह, डॉ. अरविंद प्रकाश सिंह समेत कई पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि इस निर्णय से देशभर के 20 लाख से अधिक शिक्षक असमंजस और गहन चिंता में हैं। प्रदर्शन के अंत में शिक्षकों ने सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मिथलेश यादव, देवकी देवी, आशीष सिंह, अरविंद सिंह, प्रमोद कुमार सहित हजारों की संख्या में शिक्षक मौजूद रहे

# आईआईटी इंजीनियर विकास अब अमेजॉन में देंगे सेवा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

इमामपुर गांव निवासी पत्रकार व ग्राम प्रधान संतलाल सोनी का होनहार पुत्र विकास सोनी जो इसी मिट्टी धूल में पल बढ़कर पहले तो अपने आईआईटी इंजीनियर बनने के सपने को साकार किया। उसके बाद अब वह मल्टीनेशनल कंपनी अमेजांन में सेवाएं देना शुरू कर दिया है। जिसके बदले कंपनी उन्हें लाखों का पैकेज प्रदान कर रही है। विकास की प्रारंभिक शिक्षा गांव के परिषदीय विद्यालयों तथा उसके बाद ग्राम विकास इंटर कॉलेज खुटहन से 12 वीं तक शिक्षा पूरी की। उसके बाद आईआईटी की परीक्षा पास कर वह 2019 में दिल्ली से बीटेक की डिग्री हासिल किया। बाद में उसे सिविल सेवा में जाने का जूनून चढ़ गया। वह दिल्ली में रहकर तैयारी करने लगे। वह पाँच प्रयासों में से चार बार मुख्य परीक्षा भी दिया। इधर परिवार के लोग चाहते थे कि वह अपने देश में ही रहकर नौकरी शुरू कर दे। सिविल सर्विसेज में असफलता मिलने के बाद विकास ने अमेजान कंपनी का प्रस्ताव स्वीकार कर सोमवार को कंपनी ज्वाइन कर लिया। उसके इस कृत्य से परिवार में खुशी का माहौल है।

# जौनपुर में श्री दुर्गा पूजा महासमिति का 46वां भव्य पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर द्वारा आयोजित 46वां भव्य पुरस्कार वितरण समारोह मां दुर्गा के जयकारों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमिति अध्यक्ष मनीष देव 'मंगल' ने की।

समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह, सारस्वत अतिथि डॉ. आर.एन. त्रिपाठी (पूर्व सदस्य, लोक सेवा आयोग) और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. रामसूरत मौर्य सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भगवती की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण से किया गया। महासचिव मनीष गुप्ता ने सभी समितियों, सामाजिक संगठनों और जनसमुदाय का स्वागत-अभिनंदन किया।

भजन गायकों रविंद्र सिंह 'ज्योति', अवनीन्द्र तिवारी, कुसुम लता और आशीष पाठक ने देवी गीतों से वातावरण भक्तिमय कर दिया।

समारोह में निर्णायक मंडल सदस्यों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों, लंगर समितियों, रक्तदाताओं और मीडिया प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने महासमिति की उपलब्धियों और नवरात्र महत्त्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर आकर्षक सजावट और झांकियों के लिए विभिन्न पूजा समितियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार दिए गए। साथ ही, दशहरे पर निकली ऐतिहासिक विसर्जन शोभायात्रा में भी समितियों को पुरस्कृत किया गया।

अंत में उपाध्यक्ष डॉ. विजय रघुवंशी ने आभार जताया और संचालन महेंद्र देव विक्रम व गौरव श्रीवास्तव ने किया।

आयोजन में लायंस क्लब, बोल बम कांवरिया संघ, सीरत कमेटी सहित कई समाजसेवी व गणमान्य मौजूद रहे।

जानकारी महासमिति के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने दी।

# टीईटी प्रकरण को लेकर शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षकों, संघ पदाधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देश के सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के प्रकरण में सांसद राम प्रसाद चौधरी को प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि केन्द्र सरकार, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री आगे आकर इस समस्या का हल ढूढने का प्रयास करें अन्यथा देश के 15 लाख से अधिक शिक्षकों के समक्ष नौकरी का संकट उत्पन्न हो जायेगा। सांसद राम प्रसाद चौधरी को ज्ञापन देते हुये संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने मांग किया कि शिक्षा अधिकार विधेयक की धारा 23 (2) में संशोधन कर शिक्षकों की भावनाओं और वेदना से प्रधानमंत्री को अवगत कराने के साथ ही इसका सर्वमान्य हल ढूढा जाय जिससे शिक्षक अनिश्चितता के दौर से मुक्त हो सके। सांसद राम प्रसाद चौधरी ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये प्रधानमंत्री को पत्र देने और समय मिलने पर उनके समक्ष शिक्षकों का पक्ष और संकट को रखने का आश्वासन दिया। यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्यप्रकाश शुक्ल ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार, जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सदर अध्यक्ष शैल कुमार शुक्ल, रीता शुक्ला, रामपाल चौधरी, विजय प्रकाश वर्मा, चन्द्रभान चौरसिया ओम् प्रकाश पाण्डेय, पंकज वर्मा, संदीप चौरसिया, प्रशांत प्रियदर्शी, कृष्ण कुमार वर्मा, आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जौनपुर पारिवारिक विवाद में वृद्ध पुत्र की संदिग्ध मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सुरेरी थाना क्षेत्र के राईपुर गांव में पारिवारिक विवाद के बीच वृद्ध पुत्र गजराज पाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में परिजन हार्ट अटैक और मारपीट दोनों की बातें सामने ला रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक गजराज पाल के पिता धनजीत पाल व भाइयों प्रेमपाल और हंसराज से जमीन के बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार की रात भी कहासुनी के बाद विवाद मारपीट में बदल गया। मृतक की बहू अनीता देवी ने आरोप लगाया कि ससुर और देवर ने लाठी–डंडे से गजराज की पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाते समय उनकी मौत हो गई। परिजनों पर आरोप है कि वे शव को ठिकाने लगाने की कोशिश में मैजिक वाहन से लेकर भाग रहे थे। सूचना पाकर हरकत में आई पुलिस ने नई बाजार बॉर्डर पर वाहन को रोक लिया। चालक मौके से फरार हो गया जबकि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

# बिना अनुमति दावत से मचा बवाल

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन सख्त, 12 कर्मचारियों को नोटिस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में बिना अनुमति आयोजित दावत अब गंभीर प्रशासनिक कार्रवाई का कारण बन गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अनुशासनहीन घटना को गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपना लिया है। रविवार को 12 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, वहीं सुरक्षा में चूक के लिए जिम्मेदार सुरक्षा सुपरवाइज़र को तत्काल हटाने की संस्तुति भी की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, 14 सितम्बर की रात कुछ कर्मचारियों ने मुक्तांगन परिसर में बिना किसी अनुमति के पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान परिसर में न केवल अनुशासनहीनता देखने को मिली, बल्कि अगली सुबह पूरा परिसर गंदगी से पटा हुआ मिला। इस घटना को विश्वविद्यालय प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया और तत्परता से जांच शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने जांच कर 12 कर्मचारियों को चिन्हित किया और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। इन सभी को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया है। प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी, जो निलंबन से लेकर सेवा समाप्ति तक हो सकती है।

इस पूरे मामले में सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक सामने आई है। न तो विश्वविद्यालय प्रशासन को इस आयोजन की कोई सूचना दी गई और न ही चीफ प्रॉक्टर कार्यालय को। इसे गंभीर सुरक्षा चूक मानते हुए प्रशासन ने संबंधित सुरक्षा सुपरवाइज़र को तत्काल प्रभाव से हटाने की संस्तुति पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड को भेज दी है। यह एजेंसी विश्वविद्यालय में सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परिसर में अनुशासनहीनता और सुरक्षा में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रशासन ने कर्मचारियों और सुरक्षा एजेंसी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति पर और कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# दो अज्ञात बाइक सवारों ने छात्र को उठाया, राहगीर की सूझबूझ से बची जान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



बरसठी थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े स्कूली छात्र के अपहरण का प्रयास किया गया। गनीमत रही कि एक राहगीर की सतर्कता से छात्र को सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार मंगरा कंपोजिट विद्यालय में कक्षा सात का छात्र आदित्य पटेल 8 वर्ष, पुत्र मुन्ना पटेल शनिवार दोपहर शौच के लिए स्कूल के बाहर गया था। उसी दौरान दो अज्ञात बाइक सवार उसे जबरन उठा ले गए। करीब दो किलोमीटर दूर पहुंचने पर आदित्य ने सामने से आ रहे राहगीर को इशारा किया। राहगीर ने तत्परता दिखाते हुए उन बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया। पीछा होता देख अपहरणकर्ता हरीपुर अंडरपास के पास स्थित बगीचे में बच्चे को छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद राहगीर ने छात्र को वापस स्कूल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पाकर 112 पुलिस भी पहुंच गई। परिजनों ने थाना बरसठी में लिखित तहरीर दी है। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि शिकायत पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। आस-पास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। दोषियों की पहचान होते ही सख्त कार्रवाई की जाएगी

# ट्रेलर से टकराई टूरिस्ट बस, चार श्रद्धालुओं की मौत, नौ घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



अयोध्या से वाराणसी जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक टूरिस्ट बस हादसे का शिकार हो गई। अनियंत्रित होकर बस एक ट्रेलर से जा टकराई, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दर्दनाक हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बस में छत्तीसगढ़ से आए श्रद्धालु सवार थे। हादसे के समय बस में लगभग 50 लोग मौजूद थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। घटना लाईन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ कुमार स्वयं मौके पर पहुँचे और राहत-बचाव कार्यों की निगरानी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को हर संभव चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# आलू के कम दाम एवं खाद की किल्लत पर सपा का जोरदार प्रदर्शन, ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कन्नौज





आलू की कम कीमतों और खाद की कालाबाजारी को लेकर समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह की अध्यक्षता में एवं सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान और समाजवादी अनुसूचित जाति की प्रदेश महासचिव शशिमा सिंह दोहरे द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सपा नेताओं ने किसानों के हक मे जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर सपा कार्यकर्ताओं ने नसिरापुर स्थित सपा कार्यालय से पैदल मार्च निकाल कर नारेवाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

विशेष रूप से, शशिमा सिंह दोहरे ने यह पत्र अपने खून से लिखकर राष्ट्रपति को भेजा। उन्होंने कहा कि किसानों की व्यथा और उनकी कठिनाइयाँ सीधे देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचें, ताकि सरकार किसानों की बदहाल स्थिति पर संज्ञान ले। आरोप लगाया गया कि आलू और खाद की किल्लत से किसान बुरी तरह प्रभावित हैं और सरकार की नीतियाँ उनकी परेशानियाँ और बढ़ा रही हैं।

समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह प्रदर्शन में शामिल हुई और कहा कि महंगाई, किसानों की समस्याओ और खाद की बड़ी किल्लत एवं कालाबाज़ारी को लेकर लोग सरकार से खफा हैं, प्रशासन ने समाजवादियों को आंदोलन में आने से रोकने का पूरा प्रयास किया गया गाडियों को भी रोका गया मगर सपा के लोग रूकने या डरने वालों मे से नही हैं।

सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान एवं समाजवादी अनुसूचित जन जाति की प्रदेश महासचिव शशिमा सिंह दोहरे ने संयुक्त कहा कि किसानों की समस्यायों को लेकर मांग की सरकार तुरंत आलू का सही मूल्य तय करे और खाद की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करे और चेतावनी दी कि अगर जल्द ही किसानों की इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे एवं समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, सपा नेता यश कुमार दोहरे ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे और सरकार को उनकी मांगों को मानने के लिए मजबूर करेंगे एवं आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है, जिसके कारण किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है सरकार जल्द मांगे पूरी करे नहीं तो जल्द ही फिर एक किसानों के सम्मान में धरना प्रदर्शन होगा।

इस मौके पर रामसेवक राजपूत जिला महासचिव, अंशू पाल जिलाध्यक्ष सलोवा, कंचन कनौजिया जिलाध्यक्ष महिला सभा, श्याम सिंह यादव जिला पंचायत, राजेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रजनीकांत यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख, राजेश पाल जिला पंचायत सदस्य, भोले कुरैशी, विवेक पाल, अजय दोहरे, सुनील दिवाकर, सतेंद्र दोहरे, रचना सिंह विधूना, पल्लवी पाल राष्ट्रीय सचिव महिला सभा, विजय कुमार यादव कार्यालय प्रभारी, शरद यादव विधानसभा अध्यक्ष तिर्वा, उमेश पाल विधानसभा अध्यक्ष छिबरामऊ,इन्द्रेश यादव, आन्नद बाबू यादव, मुस्ते हसन नगर अध्यक्ष, भानू गुप्ता, राजू यादव, कौसर खान, आसिफ सभासद, ज़ीशान सभासद, तुफैल अहमद, कल्लू पाल, सद्दाम सबरी, गुफरान अहमद, दरोगा कटियार, चंद्रभान दोहरे,अर्चना मिश्रा, डाज़ गोविन्द कुशवाहा, संजय कटियार, कमलेश कटियार, नेम सिंह यादव, अजय कश्यप, मधु कश्यप, बलजीत राजपूत,ओमजी तिवारी, यशवीर भदौरिया, वसीम हसन लल्ला, अर्पित शुक्ला, अमन खान, मुकीम खान, भोला यादव, आदिल परवेज, कल्लू हारून, रोहित कुशवाहा, सुधीर कश्यप, अनुराग यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने की विकास कार्यों की मासिक समीक्षा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा, गो आश्रय स्थल, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना, सांसद निधि एवं जीरो पॉवर्टी उत्तर प्रदेश अभियान सहित विभिन्न विकासपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्राप्त 3018 लाभार्थियों में से 1067 का पंजीकरण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 1951 लाभार्थियों का पंजीकरण शेष है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर जाकर लाभार्थियों का घर-घर सर्वे कराते हुए पंजीकरण कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पंजीकरण की अद्यतन स्थिति, कुल प्रगति एवं संबंधित कर्मचारियों का विवरण प्रस्तुत किया जाए, जिससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं तीव्रता सुनिश्चित हो।

गो आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी आश्रय स्थलों में चरही की पुताई, नियमित दवा छिड़काव एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। मैदान में कहीं भी कीचड़ की स्थिति न रहे। रोपित पौधों की समुचित देखभाल की जाए तथा शेष बचे वृक्षारोपण कार्य को तत्काल पूरा किया जाए। खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं मौके पर जाकर रंगाई-पुताई एवं सफाई व्यवस्था की निगरानी करें। साथ ही, पिछले एक माह में पकड़े गए 193 गोवंश की क्रॉस चेकिंग कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उन्होंने खेल मैदान, मनरेगा पार्क, सीएलएफ, अन्नपूर्णा खाद्यान्न भवन, अमृत सरोवर एवं सामुदायिक बागवानी से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माणाधीन कार्यों की गति तेज कर उन्हें समय से पूर्ण किया जाए। भवन निर्माण कार्यों में विशेष रूप से रंगाई-पुताई हेतु आकर्षक व शोभनीय रंगों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुँच सके।

बैठक में जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम औतार सिंह, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंत्री के नेतृत्व में गांव-गांव पहुंची बाढ़ राहत

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

कन्नौज जिले में बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के नेतृत्व में व्यापक राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। पिछले चार दिनों से प्रभावित गांवों कटरी गंगपुर, कासिमपुर, कटरी अमीनाबाद, कटरी फिरोजपुर, कछोहा (जुकईया) में कैंप लगाकर राशन, भोजन वितरण, पशुधन और नागरिकों को दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने बताया कि राहत कार्य में विभिन्न सरकारी विभागों के साथ संगठन के कार्यकर्ता भी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मदद पहुंचाने में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पिछले चार दिनों में कैंप लगाकर 2564 मरीजों का इलाज किया। बीमारियों से बचाने के लिए 4334 क्लोरीन टैबलेट और 1378 ओआरएस पैकेट बांटे गए।

## जरूरतमंदों तक पहुंचीं राहत किट

परियान गांव, कटरी महावली, कटरी अमीनाबाद, मदारीपूर्वा, गूंगपूर्वा, टीकापूर्वा समेत कई प्रभावित गांवों में राज्यमंत्री असीम अरुण के नेतृत्व में राहत किट और भोजन पैकेट जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाए गए। वहीं पशुपालन विभाग भी लगातार सक्रिय रहा। 11 से 14 सितंबर तक जिले में 41 बाढ़ राहत पशु चिकित्सा शिविर लगाए गए, जिनमें कुल 2232 मवेशियों का इलाज किया गया और दवाओं की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

## हर पीड़ित तक पहुंचेगी मदद

राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार हर पीढ़ित तक मदद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए और प्रभावित परिवारों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मिलता है पुण्य : पण्डित बृजेश



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सूरतगंज।** ब्लॉक सूरतगंज इलाके के नंदऊपारा गांव निवासी शमशेर सिंह,उमा सिंह,सरोजनीनगर नगर के पूर्व पार्षद कमलेश सिंह, वर्तमान पार्षद निर्मला सिंह, दिनेश सिंह आदि लोग सामूहिक रूप से अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए चारों धाम की यात्रा से वापसी पर रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत रविवार शाम सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुआ। मिश्रिख नैमिषाण्य धाम सीतापुर से पधारे कथा व्यास पंडित बृजेश शुक्ला ने भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को सुनाई गई अमर कथा का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि एक बार माता पार्वती ने भगवान शिव से प्रश्न किया कि आप अजर अमर हैं और मुझे हर जन्म के बाद नए स्वरूप में वर्षों कठोर तपस्या के बाद आपको प्राप्त करना होगा। मां पार्वती ने भगवान शिव के कंठ में पड़ी नरमुंड की माला का रहस्य जानने की जिज्ञासा जताई। भगवान शिव ने माता पार्वती से एकांत स्थान पर अमर कथा सुनने के लिए कहा ताकि कोई अन्य व्यक्ति इसे न सुन सके। बताया कि कथा श्रवण करने से अमरत्व प्राप्त हो जाता है। वहीं इस बीच जहां कथा सुनते हुए माता पार्वती को नींद आ गई और भगवान शिव की अमर कथा वहां मौजूद दो कबूतरों ने पूरी सुन ली, जिससे उन्हें अमरत्व प्राप्त हुआ। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास श्री शुक्ल ने कहा कि श्रीराम और रावण के युद्ध के दौरान जब निद्रा में लीन उसके भाई कुंभकरण को जगाया गया तो उसने अपने भाई दशानन से कहा कि जब आपको रूप बदलने का वरदान प्राप्त है तो आप माता सीता के समक्ष भगवान श्री राम का रूप धारण कर क्यों नहीं गए रावण ने जवाब देते हुए कहा कि जब भी वह श्रीराम के जैसा रूप धारण करता है, तो उसे पराई स्त्री में भी अपनी माँ के सामान और श्रद्धा का भाव महसूस होता है। इस बात से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भक्ति और आदर्श चरित्र धारण करने वाला व्यक्ति पराई स्त्री को भी अपनी माँ के समान मानता है, और उसे कभी गलत निगाह से नहीं देखता। यह महान चरित्र और उच्च नैतिक मूल्यों को दर्शाता है।

कथा व्यास ने समसामयिक भजनों के माध्यम से श्रोताओं का मनमोह लिया।

इस अवसर पर सुमिरन सिंह, बुढ़वल गन्ना समिति के पूर्व डायरेक्टर शिवकुमार सिंह, चंद्रकेत सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, शिवशंकर गोस्वामी, लालाबाबू सिंह, राजेश सिंह, युवा नेता अनुराग सिंह, टिंकू सिंह, सविता, गायत्री, राधा सहित अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# महाविद्यालय की छात्राओं ने मनाया हिंदी दिवस



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज के तत्वावधान में प्राचार्य के निर्देशन एवं संरक्षण में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। आज प्रथम दिन हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अंबरीन फातिमा ने सर्वप्रथम देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद छात्राओं ने गीत, गज़ल, कविता और भाषण जैसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया।

नैना ने गीत, पारुल ने कविता, स्मृति, नीतू और देवांगी ने अपने विचार साझा किए। इन प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। किसी भाषण कला तो किसी गायन आकर्षण का केंद्र रहा।

प्राध्यापकों में प्रवक्ता पुस्तकालय प्रेम प्रकाश यादव ने हिंदी भाषा में होने वाली वर्तनी अशुद्धियों का विषय उठाया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता शैलेन्द्र कुमार ने किया इस दौरान उन्होंने राजभाषा हिंदी के संवैधानिक और व्याहारिक पक्ष पर अपनी राय रखी।

अंत में कार्यकारी प्राचार्य अंबरीन फातिमा ने वैश्विक पटल पर हिंदी की गूंज को रेखांकित किया। इस अवसर पर अजीत तथा किरण सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# हाइवे किनारे खड़े वाहनों का हुआ चालान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**रामनगर।** रामनगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बुढ़वल शुगर मिल रिलायंस पेट्रोलपंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतरतीब ढंग से खड़े दर्जनों डंपर से यातायात बाधित हो रहा था।

उस मार्ग से जब हमारे संवाददाता निकले तो इसकी सूचना कस्बा उप निरीक्षक अखिलेश कुमार को दी। सूचना पर टीम के साथ पहुंचे उप निरीक्षक अखिलेश कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतरतीब ढंग से खड़े दस वाहनों का चालान किया।

उप निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि 10 डंपरों का चालान किया गया है

जिसमें सात डंपरों के चालान की पुष्टि ऑनलाइन हो गई है। बताते चले की डंपरों और ट्रकों के अवैध तरीके से राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतरतीब ढंग से खड़े होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

क्षेत्र में इस बांदा-बहराइच राजमार्ग को दुर्घटनाओं का राजमार्ग भी कहा जाने लगा है।

इस प्रकार से यदि बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर यदि प्रशासन का हंटर चले तो निश्चय ही दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सकता है।

# बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिये पूर्व विधायक के नेतृत्व में क्षेत्रिय समाजसेवियों ने भोजन वितरित किया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



जनपद उन्नाव के कटरी क्षेत्र में गंगा नदी के उफान से कई गाँवो में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाढ़ से प्रभावित गाँव के लोग अपना घर छोड़कर पास के किसी ऊंचे स्थान पर डेरा डाल रहे हैं उनकी मदद के लिये समाजवादी पार्टी से पूर्व सदर विधायक रामकुमार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, भीम यादव, प्रांशु यादव ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन की व्यवस्था कराई। इस दौरान ग्राम बहरौला, टपरा, महानन्दपुरवा, बेनीपुरवा में श्याम लाल प्रधान पति बहरौला, हरपाल यादव, नन्हके यादव, धर्मेंद्र, जगदीश, साहबलाल के माध्यम से भोजन वितरित किया गया। ग्राम आठभुसौली, जगदीशपुर, जगाखेड़ा, सुब्बाखेड़ा में अकरम पूर्व प्रधान बिधनू, गंगाप्रसाद यादव पूर्व प्रधान जगदीशपुर, गोविन्द, विनोद, सुरेंद्र, राजपूत, प्यारेबाबा, संदीप के माध्यम से भोजन वितरित किया गया। ग्राम मरौदा सूचित, गंगादीनपुरवा विनोद कुमार, प्रकाश, रामशंकर, डल्ला, मनोहर निषाद बीडीसी, रामनरेश रावत बीडीसी, कल्याण के माध्यम से भोजन वितरित किया गया। ग्राम देवीपुरवा में विनोद निषाद सुपुत्र नेवाजी निषाद पूर्व प्रधान देवीपुरवा, डॉ. राजू निषाद के माध्यम से भोजन वितरित किया गया।

# एक्सप्रेस खबरें...

## प्रधान प्रतिनिधि का निधन, शोक की लहर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। समाजसेवी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार दीक्षित का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम दर्शन के लिए जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित हजारों की संख्या में आसपास के लोग आए। सोमवार को तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीहामऊ निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष कुमार दीक्षित का बीमारी के चलते निधन हो गया। संतोष कुमार दीक्षित की पत्नी श्री देवी लगातार दो पंचवर्षीय ग्राम प्रधान रहकर स्वर्ग को सिधार गई। वहीं मौजूदा समय में उनकी बड़ी बहू अल्खा दीक्षित ग्राम प्रधान पद पर है। स्वर्गीय दीक्षित द्वारा निरंतर समाज सेवा कर क्षेत्रीय विकास के लिए तत्पर रहे जिससे आम जनमानस का सीधा लगाओ रहा। पुत्र बड़े पुत्र अभिषेक दीक्षित ने मुखाग्नि दी। आए हुए हजारों लोगों ने नम आंखों से अन्तिम बिदाई दिया।

## कार्यकर्ताओं के सम्मान में नही आयेगी कोई आंच- रमाकांत वर्मा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर। विष्व हिंदू परिषद प्रखंड रामनगर के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत वर्मा, जिला सह सेवा प्रमुख विनय मिश्रा, प्रखंड उपाध्यक्ष दिव्य प्रकाश मिश्र, प्रखंड मंत्री कृष्ण कुमार निगम, बजरंग दल प्रखंड संयोजक श्रीकांत मिश्रा को कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत होकर प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत वर्मा ने कहा कि संगठनात्मक रीति नीति के साथ ही कार्यकर्ताओं एवं हिंदुओं के सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए निरंतर संघर्षरत रहूंगा। बीते शनिवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई वियव हिंदू परिषद की जिला योजना बैठक में रामनगर प्रखंड के कई कार्यकर्ताओं के दायित्व में फेरबदल हुआ था। इस अवसर पर जिला मंत्री राहुल कुमार जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद प्रखंड विशेष संपर्क प्रमुख गोविंद बाजपेई, पूर्व सैनिक आशुतोष लाल मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष दिलीप सोनी गुड्डू,बजरंग दल के सागर अवस्थी गोलू अजय गौतम मनीष लोधी आदि उपस्थित रहे।

## बंदरो का आतंक, कई ग्रामीण हो चुके हैं घायल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज। मोहम्मदपुर खाला कोतवाली इलाके में इन दिनों बंदरों का आतंक चरम पर है यहां आएदिन ग्रामीणों के लिए बंदर परेशानी का सबब बने हुआ है। विवरण के अनुसार सोमवार दोपहर बंदरों के हमले में बंभनावा गांव निवासी कोमल पुत्री राम सुमिरन उम्र 18 वर्ष सीढ़ियों के जरिए अपनी छत पर चढ़ रही थी। तभी छत पर पहले से मौजूद बंदरों के झुंड ने उस पर अचानक हमला कर दिया। हमले से घबराई कोमल अपना संतुलन खो बैठी और सीढ़ियों से नीचे गिर गई। इस हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटे आईं। परिजनों ने तत्काल उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों की बढ़ती संख्या के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। महिलाएं और बच्चे खासकर इस आतंक से ज्यादा प्रभावित हैं। बता दें कि बीते दिनों इसी गांव निवासी छोटेलाल रावत और मुकौली निवासी एक युवती बंदरों के आतंक से गंभीर रूप से घायल हो चुकी हैं।

## मासूम को लेकर भागने वाला युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिद्धौर। असन्द्रा थाना क्षेत्र के कस्बा सिद्धौर में सोमवार को करीब 6 वर्षीय मासूम को पकड़कर भागने की कोशिश कर रहे एक युवक को स्थानीय नागरिकों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। नगर पंचायत सिद्धौर के नया पुरवा वार्ड निवासी लक्ष्य पटेल पुत्र लवलेश पटेल डिघावां स्थित एक स्कूल में पढ़ता है। वह वैन से स्कूल आता जाता है। सोमवार को दोपहर में छुट्टी के बाद स्कूली वैन उसे घर के पास सड़क किनारे उतार कर वापस चली गई। इसी बीच एक युवक ने उसे पकड़ लिया और उसे लेकर भागने लगा। बच्चे के चिल्लाने पर स्थानीय लोगों ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची चैकी सिद्धौर पुलिस ने युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। युवक ने अपना नाम सुदीप पुत्र शंकर निवासी ग्राम दुर्गापुर पट्टी थाना बदलापुर जनपद जौनपुर बताया। इस संबंध में चैकी प्रभारी राम प्रकाश मिश्र का कहना है कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज। मोहम्मदपुर खाला कोतवाली पुलिस के हाथ सोमवार को एक बड़ी सफलता लगी। तीन दिन पूर्व सूरतगंज कस्बे के बेल चैराहा स्थित किराना गोदाम में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किया गया भारी मात्रा में किराने का सामान और नकदी बरामद की है। कोतवाली मोहम्मदपुरखाला पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बसंतपुरवा तिराहे के पास से दो अभियुक्तों कुन्दन उर्फ संदीप पुत्र स्व. दयाराम यादव और राजन कश्यप पुत्र मतोले कश्यप निवासी ग्राम मौसंडा कोतवाली मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 308 पैकेट बिस्किट, सोयाबीन तेल, एक टिन सरसों का तेल, तीन बोरी अनाज 2,060 रुपए बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यह सामान सूरतगंज स्थित बेल चैराहा पर स्थित एक परचून दुकान के गोदाम से चोरी किया था।

# परियोजनाओं को तय समय सीमा के अन्दर पूरा करें अधिकारी- शषांक त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के साथ जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में विभिन्न विभागों के अभियंता, नोडल अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी को इंजीनियर्स-डे की बधाई देते हुए समीक्षा बैठक की कार्यवाही की शुरुआत की।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसियों, विभागों और परियोजना पर्यवेक्षण से जुड़े नोडल अधिकारियों से एक-एक कर फीडबैक लिया।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मानक अनुरूप हों, तथा समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। कार्यों में लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो को समय सीमा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करवाया जाए।

इस दौरान कई महत्त्वपूर्ण निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई, जिनमें बनीकोडर सिरौलीगौसपुर और नवाबगंज में निर्माणाधीन आईटीआई के कार्य, भिटरिया में बस स्टेशन का कार्य, रामसनेहीघाट में स्थित कल्याण मंडप, राजकीय पॉलिटेक्निक में छात्रावास का निर्माण, सतरिख की राजकीय पौधशाला, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय तीरगांव में ट्रांजिट हॉस्टल, तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सरकारी कृषि फार्म का निर्माण, अवसानेष्वर मंदिर का कार्य, जीजीआईसी देवा में निर्माण कार्य, महिला चिकित्सालय में लैब का कार्य, सूर्यपुर में होम्योपैथिक चिकित्सालय का निर्माण कार्य, सीएचसी राम सनेहीघाट में निर्माण कार्य, डायट गणेशपुर में फाउंडेशन का कार्य, बनीकोडर में बुढ़वाबाबा मंदिर में चल रहे कार्य, थाना जैदपुर, सतरिख, आरएस घाट, देवा और मसौली के निर्माण कार्य आदि सहित सभी परियोजनाओं को तय समय में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, सीडी-1, सीडी-3, जल निगम, बाढ़ खंड, नेडा, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, उद्यान अधिकारी सहित अन्य विभागों के तकनीकी व नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में गिरावट पर डीएम हुए नाराज, दिए निर्देष

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी राज कुमार सिंह के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों की प्रगति व रैंकिंग की समीक्षा की। बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर से नीचे है, उनके अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं और रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने सी, डी और ई श्रेणी में आने वाले विभागों के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए सख्त हिदायत दी कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य न करने पर जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जल-जीवन मिशन, सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, फैमिली आईडी, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, पर्यटन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री योजना ग्रामीण, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निर्माण, किसान सम्मान निधि, मनरेगा, दुग्ध, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, युवा स्वरोजगार, महिला एवं बाल विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण आदि योजनाओं में प्रगति को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों के डैशबोर्ड डेटा को समय पर अपडेट रखें, ताकि जिले की समग्र रैंकिंग में सुधार हो और कोई भी कार्य पेंडिंग न रहे। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा।

# तबादले के बाद भी थाने पर जमा है पुलिसकर्मी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिद्धौर।** कोठी थाना पर तैनात के नंदलाल राजेंद्र प्रसाद और राजकुमार पुलिसकर्मियों का दो महीने पहले ही गैर जनपद तबादला हो चुका है। इनमें से कुछ पुलिसकर्मी तो अपनी नई तैनाती पर पहुंच भी गए, लेकिन सिपाही राजकुमार यादव का नाम तबादला सूची में आने के बावजूद राजकुमार आज भी कोठी थाने में ही जमे हुए हैं। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन कटान और अन्य मामलों में इनकी भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। थाने के प्रभारी और अधिकारी स्तर पर ढिलाई की वजह से इनकी रवानगी अभी तक नहीं हो सकी है। क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ समीर सिंह का कहना है कि तबादला आदेश के बावजूद अगर कोई पुलिसकर्मी नई तैनाती पर नहीं गया है तो इसकी जानकारी ली जाएगी।

# महाराष्ट्र के सरकारी विभागों और मंत्रालयों में मराठी अनिवार्य : फडणवीस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र सरकार ने सभी विभागों और मंत्रालयों को निर्देश दिया है कि उनकी वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ (ओपनिंग पेज) अनिवार्य रूप से मराठी भाषा में होना चाहिए। इसके साथ ही वेबसाइट का डिजाइन और नाम रखने का तरीका (नेमिंग प्रोटोकॉल) भी एक जैसा होना चाहिए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### मुख्य पृष्ठ मराठी भाषा में करना अनिवार्य

अधिकारी ने बताया कि यह फैसला सरकार के अगले डेढ़ सौ दिनों के प्रदर्शन के लक्ष्यों के तहत लिया गया है। उन्होंने कहा, आज के साइबर धोखाधड़ी और गुमराह करने वाली वेबसाइट के दौर में यह कदम जरूरी है। सभी मंत्रालयों और विभागों को एक निर्धारित डिजाइन में वेबसाइट तैयार करनी होगी, जिसमें उनकी वेबसाइट का नाम '.gov.in' डोमेन के साथ होना चाहिए। वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ मराठी में करना अनिवार्य रहेगा, क्योंकि मराठी राज्य की आधिकारिक भाषा है। उन्होंने आगे बताया कि वेबसाइट पर अंग्रेजी में भी जानकारी पढ़ने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। यह निर्देश राज्य सरकार की एक बड़ी पहल का हिस्सा है, जिसका मकसद सभी विभागों में एकरूपता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नए दिशानिर्देशों के मुताबिक, सभी सरकारी वेबसाइट पर एक समान यूजर इंटरफेस होगा, जिसमें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रियों और राज्यपाल के नाम, साथ ही नागरिक सेवाओं, सूचना का अधिकार अधिनियम और आपले सरकार जैसी विभागीय योजनाओं के प्रमुख लिंक शामिल होंगे।

### कामकाज के अनुभव के आधार पर उठाया गया कदम

एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला सरकार के पहले सौ दिनों के प्रदर्शन के अनुभव के आधार पर लिया गया है। उन्होंने कहा, पहले हर विभाग ने अपने-अपने लक्ष्य तय किए थे, जिससे तुलना करना मुश्किल हो गया था। उदाहरण के लिए, जैसे किसी विभाग ने पुराने कानूनों में सुधार को लक्ष्य बनाया, तो किसी ने केवल कामकाज को आसान बनाने पर फोकस किया। इससे आकलन में असंतुलन आ गया। अब मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सभी विभागों के लिए एक जैसे मानदंड तय करने पर जोर दिया है, ताकि प्रदर्शन की उचित तुलना हो सके।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मंत्रालयों को पुरस्कार की योजना

अधिकारी ने बताया कि जब यह मानकीकरण (स्टैंडर्डाजेशन) पूरा हो जाएगा, तो सरकार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मंत्रालयों को पुरस्कार देने की योजना बना रही है। इसके लिए भारत की गुणवत्ता परिषद को थर्ड पार्टी एजेंसी नियुक्त करने की जिम्मेदारी दी गई है,जो विभागों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगी। मुंबई में दो अक्तूबर को होने वाले एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन विभागों को सम्मानित करेंगे।

# अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मिले राहुल गांधी, बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारे में टेका माथा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज पंजाब दौरे पर हैं। वे प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से अजनाला, रमदास के गांव में जाकर लोगों से मिले। राहुल गांधी रमदास स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब में भी नतमस्तक हुए। इसके बाद वह गुरदासपुर गए और वहां के हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर की सवारी की। राहुल गांधी हवाई सर्वे के बजाय सीधे गांव-गांव जाकर लोगों से रुबरु हो रहे हैं।

### बिट्टू ने कसा तंज, बोले, बाढ़ के समय मना रहे थे छुट्टियां

राहुल गांधी के पंजाब दौरे पर लुधियाना के पूर्व सांसद और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने तंज कसा है। बिट्टू ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राहुल गांधी पंजाब आ रहे हैं। जब उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हो रहे थे, तब वह छुट्टियों का आनंद लेने में व्यस्त थे। जब पंजाब डूब रहा था और लोग रो रहे थे तो वह मलेशिया में ऐश कर रहे थे। यह दौरे लोगों का दर्द मिटाने के लिए नहीं, सियासी स्टेज पर ड्रामेबाजी करने के लिए लग रहे हैं।



## किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही फडणवीस सरकार, आंदोलन की दी चेतावनी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नासिक

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर किसानों की परेशानियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो विपक्ष अपना आंदोलन और तेज करेगा, ताकि सरकार ध्यान कृषि संकट की ओर खींचा जा सके। शरद पवार के नेतृत्व में पार्टी ने आक्रोश मोर्चा आयोजित किया। इस मोर्चे का मकसद किसानों की दिक्कतों को उजागर करना था। पवार एक खुले वाहन में पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मोर्चे में शामिल हुए।

# वंतारा जूलॉजिकल सेंटर को मिली क्लीन चिट

### सुप्रीम कोर्ट की समिति ने कहा, नियमों का हो रहा पूरा पालन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित एसआईटी ने गुजरात के जामनगर स्थित वन्य जीव और पुनर्वास केंद्र वंतारा को बड़ी राहत देते हुए उसे क्लीन चिट दे दी है। एसआईटी के अधिकारियों ने वंतारा में नियमों के पालन और नियामक उपायों पर संतोष जताया। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि अधिकारियों ने वंतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतुष्टि व्यक्त की है।

### वंतारा पर लगे थे ये आरोप

यह रिपोर्ट शुक्रवार को पेश की गई थी और सर्वोच्च अदालत ने सोमवार को इसका अध्ययन किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद एक विस्तृत आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत में दो जनहित याचिकाएं दायर की गईं थी, जिनमें आरोप लगाए गए थे कि वंतारा में कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है और साथ ही विदेशों से जानवरों, खासकर हाथियों के अधिग्रहण के आरोप लगे। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए और विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स्के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने आरोपों की जांच के लिए एसआईटी गठित की। 25 अगस्त को एसआईटी का गठन किया था और जस्टिस जे चेलमेश्वर को इस एसआईटी का प्रमुख बनाया गया था। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि वंतारा में जानवरों की गैरकानूनी तरीके से खरीद की गई। याचिका में ये भी आरोप है कि हाथियों, चिड़ियाओं और अन्य संरक्षित प्रजातियों के जीवों को तस्करी कर वन्यजीव संरक्षण और पुनर्वास के नाम पर वंतारा में लाया गया।

# मणिपुर में फिर बढ़ा तनाव, चुराचांदपुर में कुकी नेता के घर में लगाई गई आग



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चुराचांदपुर/इंफाल

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में रविवार देर रात हिंसा भड़क गई जब एक कुकी समुदाय के बड़े नेता का घर भीड़ ने कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। अधिकारियों के मुताबिक, कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के नेता कैल्विन ऐकेंथांग का घर रविवार देर रात जला दिया गया। वहीं, कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी और इसमें किसी हमले का हाथ नहीं है। इसी दौरान, एक और कुकी नेता गिंजा वुआलजोंग के घर को भी निशाना बनाया गया। गिंजा कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) और इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के प्रवक्ता हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों के समय पर पहुंचने से उनका घर जलने से बच गया।

### हाल ही में हुआ शांति समझौता

बता दें कि 4 सितंबर को दो प्रमुख कुकी-जो संगठनों, केएनओ और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ), ने केंद्र सरकार के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस समझौते पर फिर से हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते में तीन अहम बातें तय हुई थीं। जिसमें पहला- मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना, दूसरा- संगठन के निर्धारित शिविरों को संवेदनशील इलाकों से हटाना और तीसरा- राज्य में स्थायी शांति और स्थिरता के लिए समाधान की दिशा में काम करना है। अधिकारियों का मानना था कि इस समझौते से मणिपुर में लंबे समय से चल रहे संघर्ष को शांत करने में मदद मिलेगी।

### एनएच-2 को लेकर भी फैला भ्रम

इस बीच, कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) ने हाल ही में यह संकेत दिया था कि नेशनल हाईवे-2 को आम लोगों और जरूरी सामान के आवागमन के लिए खोला जा सकता है। लेकिन सोमवार को केजेडसी ने एक स्पष्टीकरण जारी किया। काउंसिल ने कहा, हमने एनएच-2 को खोलने की घोषणा नहीं की है। इसके साथ किसी भी तरह की मुक्त आवाजाही की अनुमति नहीं दी गई है। हमने सिर्फ कांगपोकपी जिले के लोगों से सुरक्षा बलों को सहयोग करने की अपील की थी, ताकि हाईवे पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### शांति बनाए रखने की अपील

केजेडसी ने साफ चेतावनी दी कि जब तक मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच विवाद का समाधान नहीं होता, तब तक कोई भी व्यक्ति दूसरे समुदाय के इलाके में प्रवेश न करे। काउंसिल ने आगे कहा कि कुकी-जो क्षेत्रों की सीमाओं का सम्मान किया जाए, वरना गंभीर परिणाम होंगे। काउंसिल ने कहा कि ऐसे उल्लंघन से शांति और सुरक्षा की स्थिति और बिगड़ सकती है। मणिपुर में पिछले साल मई से ही मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा चल रही है।

# गड़बड़ी मिली तो एसआईआर रद्द करेंगे : सुप्रीम कोर्ट

### बिहार पर जो फैसला देंगे, वही पूरे देश पर लागू होगा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्तूबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने कहा कि हम मानते हैं कि एक संवैधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है। अगर हमें बिहार एसआईआर के किसी भी चरण में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता मिलती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में राय नहीं दी जा सकती, अंतिम फैसला पूरे भारत के लिए लागू होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह यह मानकर चल रही है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते चुनाव आयोग ने एसआईआर के संचालन में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन किया है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर कोई भी विस्तृत राय देने से इनकार कर दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि उसके अंतिम फैसले का एसआईआर प्रक्रिया पर अखिल भारतीय प्रभाव पड़ेगा।

### देश भर में प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकते

पीठ ने स्पष्ट किया कि वह चुनाव आयोग को देश भर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती। हालांकि, पीठ ने बिहार एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिकाकर्ताओं को 7 अक्तूबर को अखिल भारतीय एसआईआर पर भी बहस करने की अनुमति दे दी।

### याचिका पर नोटिस

इस बीच शीर्ष अदालत ने 8 सितंबर के उस आदेश को वापस लेने की मांग वाली एक याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें चुनाव आयोग को बिहार एसआईआर में आधार कार्ड को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया गया था। 8 सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा और निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता की ओर से प्रस्तुत किए जाने पर इसकी वास्तविकता का पता लगा सकता है।

# कविनगर रामलीला कमेटी विवादों के घेरे में




जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद जनपद में सार्वजनिक संस्थाओं में पद को लेकर असंतोष की जो लहर चली है उससे धार्मिक संस्थाएं भी अछूती नहीं रह गई है। शहर की प्रसिद्ध रामलीला कमेटियां लगातार विवादों में उलझती जा रही है। संजयनगर के बाद अब कविनगर रामलीला कमेटी इन दिनों विवादों के घेरे में है। मामला तब तूल पकड़ा जब कमेटी की कार्यकारिणी ने पूर्व सांसद प्रोफेसर रमेश चंद तोमर को आजीवन सदस्य पद से हटाने का निर्णय लेते हुए उन्हें पदमुक्त कर दिया। इसके बाद पूर्व सांसद ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कमेटी के अध्यक्ष को ही 20 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेज दिया। जिसके प्राप्त होने से वर्तमान अध्यक्ष ने इंकार किया है। गाजियाबाद की सांस्कृतिक परंपरा से भी गहराई से जुड़ी हुई है। ऐसे में इस प्रकार का विवाद आम नागरिकों और कमेटी के सदस्यों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। कमेटी के महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा ने अपने बयान में कहा कि कार्यकारिणी को पूरा अधिकार है कि किसे संरक्षक पद पर रखा जाए और किसे हटाया जाए। उन्हीं के अनुसार, पूर्व सांसद को कार्यकारिणी के निर्णय के आधार पर ही पद से हटाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कमेटी को अभी तक नोटिस की प्रति प्राप्त नहीं हुई है। नोटिस की जानकारी उन्हें केवल मीडिया के माध्यम से ही मिली है। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर का कहना है कि उन्हें बिना किसी कारण और प्रक्रिया का पालन किए कमेटी से हटाया गया है, जिससे उनकी सामाजिक छवि धूमिल हुई है। इसी आधार पर उन्होंने मानहानि का नोटिस भेजा है।रामलीला कमेटी के भीतर यह विवाद केवल व्यक्तिगत मतभेद नहीं बल्कि संस्था की गरिमा और परंपरा पर भी असर डाल सकता है। जिस रामलीला को वर्षों से गाजियाबाद की धार्मिक और सांस्कृतिक धड़कन माना जाता रहा है, उसमें इस प्रकार का विवाद स्वाभाविक रूप से लोगों की भावनाओं को प्रभावित करता है।

### आपसी समाधान की उम्मीद

विशेषज्ञों का मानना है कि इस विवाद का समाधान आपसी संवाद और कानूनी प्रक्रिया से ही संभव है। यदि मामला अदालत तक पहुंचता है, तो इसका असर न केवल कमेटी की कार्यशैली पर पड़ेगा बल्कि रामलीला जैसे बड़े आयोजन की छवि भी प्रभावित होगी। गाजियाबाद में हर साल हजारों की संख्या में लोग रामलीला देखने आते हैं। ऐसे में यह विवाद आयोजनों की तैयारियों और व्यवस्था पर भी असर डाल सकता है। नागरिकों को उम्मीद है कि दोनों पक्ष आपसी सहमति और बातचीत से इस मामले का समाधान निकालेंगे, ताकि रामलीला जैसी ऐतिहासिक परंपरा की गरिमा बनी रहे।

# 'टैरिफ का सहारा लेकर आईटीए समझौते से बाहर निकल सकता है भारत'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अमेरिकी टैरिफ के बीच संसदीय समिति ने आईटीए समझौते को लेकर सरकार से बड़ी सिफारिश की है। संसदीय समिति ने कहा कि अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का सहारा लेकर भारत अपने घरेलू उद्योग की रक्षा के लिए बहुपक्षीय सूचना प्रौद्योगिकी समझौते (आईटीए) से बाहर निकल सकता है या फिर इसके प्रावधानों पर बातचीत कर सकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में भारत द्वारा 1997 में हस्ताक्षरित समझौते को आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अनेक समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया है। इनमें व्यापक व्यापार घाटा और अधिक उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लाभ के लिए भारतीय निर्माताओं को अप्रतिस्पर्धी बनाना शामिल है। समिति ने कहा कि आईटीए के साथ भारत का अनुभव निराशाजनक रहा है। इसने भारत से आईटी/इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लगभग समाप्त कर दिया। जबकि लागत में कमी और प्रौद्योगिकी तक पहुंच के संदर्भ में उपभोक्ताओं को होने वाले इसके लाभों को स्वीकार किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने समिति को बताया कि विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत आईटीए के भागीदार सदस्य के रूप में भारत एकतरफा रूप से इससे बाहर नहीं निकल सकता। समिति ने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि मौजूदा दौर में यह काफी संभव लगता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति ने सदस्य देशों के बीच उनके पारस्परिक राष्ट्रीय हित में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर मुक्त व्यापार समझौतों का आह्वान किया।

# पुलिसकर्मी की पत्नी ठगी का शिकार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

योहारी सीजन की चहल-पहल के बीच गाज़ियाबाद की घंटाघर मार्केट में ठगों ने एक बार फिर अपना जाल बिछाया हुआ है । जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। बीते दिन रविवार को कोतवाली थाना क्षेत्र की घंटाघर मार्केट में सिहानी गेट थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी की पत्नी पुष्पा के साथ टप्पेबाजी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस वारदात ने त्योहारी सीजन में बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं । यह मामला तब है, जब पीड़िता खुद एक पुलिसकर्मी की पत्नी हैं। जानकारी के अनुसार, पुष्पा अपनी 5 साल की बेटी के साथ खरीदारी करने घंटाघर मार्केट पहुंची थीं। उनकी बेटी ने पार्क जाने की जिद की, जिसके बाद वह मार्केट में मौजूद एक पार्क की ओर बढ़ीं। रास्ते में भुट्टा खरीदने के लिए रुकते समय एक महिला और दो युवकों ने उन्हें बातों में उलझा लिया। पीड़िता के अनुसार, एक युवक ने उनसे कहा, मैडम, मार्केट में बहुत भीड़ है, मेरी पत्नी ने भी अपने कुंडल उतारकर इस थैले में रख दिए हैं। आप भी अपने कुंडल उतारकर इसमें रख लें, कहीं खो न जाएं। भरोसा करके पुष्पा ने अपने कानों के कुंडल उतार दिए। इसके बाद ठगों ने झांसा देकर उन्हें बेसुध कर दिया और कुंडल लेकर फरार हो गए। पुष्पा ने बताया, मुझे शक हुआ था कि कोई मेरा पीछा कर रहा है, लेकिन बाजार की भीड़ में मैंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। जब मुझे होश आया, तो मेरे हाथ में एक अनजान थैला था और मेरे कुंडल गायब थे। तब मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ ठगी हो गई। रोते हुए वह घंटाघर चौकी पहुंचीं और पुलिस को पूरी घटना बताई। घटना की सूचना मिलते ही पुष्पा के पति, जो सिहानी गेट थाने में तैनात हैं, तुरंत घंटाघर चौकी पहुंचे। कोतवाली थाना के प्रभारी भी मौके पर पहुंचकर पीड़िता से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में घंटाघर मार्केट में भारी भीड़ रहती है, जिसका फायदा ठग और जेबकतरे उठाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ठगों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। इस घटना ने पुलिस की गश्त और बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में सतर्क रहें और अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें।

### निलंबन के बावजूद विधानसभा पहुंचे राहुल ममकूटाथिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम। पलक्कड़ के निलंबित कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटाथिल सोमवार को केरल विधानसभा पहुंचे। यौन दुराचार के आरोप लगने के बाद कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पार्टी सदस्यता से निलंबित कर दिया था। निलंबन के बाद राहुल ममकूटाथिल पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नेमोम शजीर और कुछ अन्य दोस्तों के साथ विधानसभा सत्र शुरू होने के कुछ मिनट बाद राहुल सदन पहुंचे। हालांकि विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने कथित तौर पर सदन में उनकी उपस्थिति पर आपत्ति जताई। हालांकि अन्य सदस्यों की ओर से कोई खास प्रतिक्रिया नहीं देखी गई। सदन पहुंचने के कुछ देर बार उन्हें एक कागज पर कुछ लिखते हुए देखा गया।

# शारीरिक शोषण के आरोप में हरियाणवी अभिनेता गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

- जब महिला ने मुख्यमंत्री आवास पर आत्मदाह का किया प्रयास तब सक्रिय हुई गाजियाबाद पुलिस
- न्यायालय के आदेश के बाद भी आरोपी गिरफ्त से था बाहर



अभिनेत्री को फिल्मों का सब्जबाग दिखाकर रेप और शारीरिक शोषण के आरोप में गाजियाबाद पुलिस को आखिर कार्यवाही करनी पड़ी है । अपने साथ हुई शारीरिक प्रताड़ना की शिकायत 24 जून को देने के बाद भी पुलिस प्रशासन ने उसके तहरीर पर मामला दर्ज नहीं किया तो 25 दिन बाद हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस को मामला दर्ज करना पड़ा लेकिन उसके बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी लगातार टल रही थी । मामले में जारी सुस्ती के बाद 6 सितंबर को अभिनेत्री द्वारा मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर आत्मदाह का प्रयास किया उसके बाद गाजियाबाद पुलिस की तंद्रा टूटी और लोकेशन के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। जिसके क्रम में पुलिस ने प्रसिद्ध हरियाणवी अभिनेता उत्तर कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर कुमार पर गाजियाबाद के शालीमार गार्डन में रहने वाली एक अभिनेत्री के साथ रेप और शारीरिक शोषण के आरोप हैं। एसीपी ने बताया कि उत्तर कुमार को अमरोहा स्थित फार्महाउस से हिरासत में लिया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि साल 2020 में हरियाणवी एल्बम में काम दिलाने के बहाने अभिनेता ने उसका शारीरिक शोषण किया। इस मामले में गाजियाबाद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के बाद पीड़ित अभिनेत्री ने पिछले दिनों लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह का प्रयास किया था। जब पीड़िता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में आत्महदाह का प्रयास किया था , तब गाजियाबाद पुलिस हरकत में आई और अब उत्तर कुमार को अमरोहा के फार्म हाउस से गिरफ्तार कर लिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)